खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 25°C
न्यूनतम : 20°C

मुजफ्फरनगर, बुधवार 6 मई 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 108 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2083 18 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव पेज 2



बेंगलुरु में आईपीएल फ़ाइनल की मेज़बानी के मौकों पर संकट खेल टाइम्स



जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है सम्पादकीय



होर्मुज़ तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: ग़ालिबफ़ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### प्रधानमंत्री ने की यूएई में ड्रोन हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैराह ऑयल इंडस्ट्रीज जोन पर हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए थे। उन्होंने नागरिकों और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाना अस्वीकार्य बताया और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों के प्रति भारत के समर्थन को दोहराया।

### एमपी के दो सांसद साउथ में विधानसभा चुनाव हारे

**नई दिल्ली।** पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपा को पश्चिम बंगाल, असम और पुड्डुचेरी में बड़ी जीत मिली है। वहीं, एमपी कोटे से राज्यसभा के दो सांसदों को दक्षिण भारत के चुनावी रण में करारी हार का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन को तमिलनाडु और जार्ज कुरियन को केरलम विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जार्ज कुरियन को भाजपा ने केरलम की कांजीरापल्ली सीट से मैदान में उतारा था। ईसाई बहुल इस इलाके में कुरियन से काफी उम्मीदें थीं। हालांकि कुरियन मुख्य मुकाबले से पूरी तरह बाहर नजर आए। वे तीसरे नंबर पर रहे। उन्हें महज 26984 के करीब वोट मिले।

### चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर फ्लाइट के अंदर धमाका

**चंडीगढ़।** हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो की फ्लाइट में लैंडिंग के दौरान मंगलवार को एक बड़ा हादसा हो गया। लैंडिंग के दौरान फ्लाइट में मोबाइल पावर बैंक फट गया। शुरुआती जानकारी के मुताबिक इस हादसे में पांच लोगों के घायल होने की जानकारी है। फ्लाइट नंबर 6ई108 बताया जा रहा है। हालांकि घायलों की संख्या अभी बढ़ने की संभावना है। यह हादसा मोहाली स्थित शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर दोपहर के बाद हुआ। जानकारी के मुताबकि फ्लाइट में 39-एफ सीट पर बैठे देवांश नाम के शख्स के पावर बैंक में लैंडिंग के दौरान अचानक आग लग गई। उसने इसकी जानकारी क्रू मेंबर्स को दी। इतनी देर में पावर बैंक फट गया। विमान दोपहर में 3 बजकर 32 मिनट पर चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर लैंड हुआ था।

### स्टालिन ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हारने के एक दिन बाद, मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मंगलवार को अपना इस्तीफा दे दिया। इस बीच, राजनीति में नवागंतुक और तमिलगा वेट्री कषगम (टीवीके) के संस्थापक और अभिनेता-राजनेता विजय ने मंगलवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से अगली सरकार बनाने के लिए औपचारिक रूप से अपना दावा पेश करने के लिए मुलाकात का समय मांगा है। श्री स्टालिन ने राज्यपाल को अपना त्यागपत्र भेज दिया है और इसे लोक भवन में सौंप दिया गया है। इसी बीच विजय ने सरकार बनाने का दावा पेश किया और राज्यपाल को पत्र लिखकर मिलने का समय मांगा है।

# यूएस-ईरान के बीच फिर भड़का तनाव, होर्मुज में बन रहे जंग जैसे हालात

**वाशिंगटन/तेहरान।** पश्चिम एशिया में तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है, जहां ईरान और अमेरिका के बीच स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को लेकर स्थिति बेहद संवेदनशील बनी हुई है। हालात ऐसे हैं कि सीजफायर की घोषणा के बावजूद दोनों पक्षों की सैन्य गतिविधियां जारी हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने स्पष्ट किया है कि सीजफायर अभी भी लागू है और इसे खत्म नहीं माना जा सकता। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए चलाया जा रहा अभियान अलग और सीमित प्रकृति का है। उन्होंने यह भी कहा कि यह ऑपरेशन केवल वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था है। रक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प को युद्ध जारी रखने के लिए कांग्रेस से मंजूरी लेने की आवश्यकता नहीं है। प्रशासन का मानना है कि अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम अभी भी लागू है। रक्षा मंत्री हेगसेथ ने पेंटागन ब्रीफिंग में कहा कि होर्मुज स्ट्रेट से जहाजों को निकालने का अमेरिकी प्रयास ऑपरेशन एपिक फ्यूरी से अलग है। उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट फ्रीडम रक्षात्मक प्रकृति का अभियान है। इसका दायरा सीमित है और यह अस्थायी अवधि के लिए है। इस अभियान का एकमात्र मिशन ईरानी आक्रामकता से निर्दोष वाणिज्यिक जहाजों की रक्षा करना है। रक्षा मंत्री ने बताया कि दो अमेरिकी वाणिज्यिक जहाज स्ट्रेट से सफलतापूर्वक गुजर चुके हैं। इसके अतिरिक्त, छह अन्य जहाजों ने ईरानी बंदरगाहों की नाकाबंदी का उल्लंघन करने का प्रयास किया था।



अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ बोले- सीजफायर अभी भी लागू

## UAEके फुजैराह पर ड्रोन हमले में तीन भारतीय घायल

**नई दिल्ली/ अबू धाबी।** संयुक्त अरब अमीरात के फुजैराह तेल औद्योगिक क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए ड्रोन हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हो गए। अबू धाबी स्थित भारतीय दूतावास ने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है।

भारतीय दूतावास ने सोमवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि फुजैराह में मंगलवार को हुए हमलों में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों की उचित चिकित्सा देखभाल और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में हैं। संयुक्त अरब अमीरात ने कहा कि ईरान ने नवीनतम हमले में चार क्रूज मिसाइलें दागीं। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, तीन मिसाइलों को वायु रक्षा प्रणालियों ने रोक लिया जबकि चौथी मिसाइल समुद्र में गिर गई। एक ड्रोन हमले के कारण फुजैराह तेल उद्योग क्षेत्र में आग लग गई, जो संयुक्त अरब अमीरात के ऊर्जा निर्यात का एक महत्वपूर्ण केंद्र है। अधिकारियों ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए बचाव दल तैनात किए गए और घायलों को मामूली चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया।

## अमेरिका ने यूएई के तेल संयंत्र पर हमले के जवाब में किया ईरानी नौकाओं पर हमला

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका ने होर्मुज स्ट्रेट में सात ईरानी नौकाओं पर हमला किया है, क्योंकि वाशिंगटन लगभग बंद जलमार्ग के माध्यम से खाड़ी में फंसे जहाजों को बाहर निकालने का प्रयास कर रहा है। यह जानकारी बीबीसी ने मंगलवार को दी। संयुक्त अरब अमीरात और दक्षिण कोरिया दोनों ने सोमवार को महत्वपूर्ण जलमार्ग में जहाजों पर हमले की सूचना दी। संयुक्त अरब अमीरात ने यह भी कहा कि ईरानी हमले के बाद फुजैराह के तेल बंदरगाह पर आग लग गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि स्ट्रेट में हुई घटनाओं से यह स्पष्ट हो गया है कि राजनीतिक संकट का कोई सैन्य समाधान नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि प्रोजेक्ट फ्रीडम प्रोजेक्ट डेडलॉक है। फरवरी में अमेरिका और इज़रायल द्वारा ईरान पर हवाई हमले शुरू करने के बाद से होर्मुज स्ट्रेट बहुत हद तक अवरुद्ध रहा है।

# दीदी हैं कि मानती नहीं..

## ममता बनर्जी की चुनौती, इस्तीफा नहीं दूंगी

**कोलकाता, वार्ता**

**पश्चिम बंगाल** की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि मैं सीएम पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आगे कहा कि चुनाव आयोग असली विलेन है।

उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है। ममता ने कहा कि चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने -शेष पृष्ठ दो पर



**कहा: हम हारे नहीं, हराया गया, चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी**

### ममता बनर्जी ने इस्तीफा नहीं दिया, तो क्या कहता है संविधान

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। राज्य में पहली बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस का 15 साल के शासन का अब अंत हो चुका है। इस बीच मंगलवार को राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भाजपा पर गलत तरीके से चुनाव जीतने का आरोप लगाया। साथ ही चुनाव आयोग को भी घेरा। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर अगर कोई मुख्यमंत्री चुनाव में हार के बाद अपने पद से इस्तीफा देने से इन्कार कर दे तो क्या हो सकता है, अगर कोई मुख्यमंत्री विधानसभा में बहुमत खोने या चुनाव हारने के बाद भी इस्तीफा देने से इन्कार कर देता है, तो स्थिति को संभालने के लिए सांविधानिक और कानूनी रास्ते अपनाए जाते हैं। विधानसभा में बहुमत खोने पर अगर ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री के पास बहुमत बनाए रखने के लिए विधायकों का समर्थन नहीं है, तो उन्हें फ्लोर टेस्ट का सामना करना पड़ता है।

# जनहित याचिका अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी: सुप्रीम कोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं।

यह कमेंट नौ जजों की संविधान बेंच ने केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई के दौरान किया। कोर्ट ने इंडियन यंग लॉयर्स एसोसिएशन के 2006 के पीआईएल के मकसद पर सवाल उठाया, जिसमें केरल के सबरीमाला मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर रोक को चुनौती दी गई थी। कोर्ट ने कहा कि पीआईएल कानून की प्रोसेस का गलत इस्तेमाल है और एसोसिएशन को ऐसी पीआईएल फाइल करने के बजाय बार और अपने युवा सदस्यों की भलाई के लिए काम करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट में धार्मिक जगहों पर महिलाओं के साथ भेदभाव और अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे से जुड़ी याचिकाओं पर 11वें दिन भी सुनवाई चली। सितम्बर 2018 में 5 जजों की संविधान बेंच ने 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए सबरीमाला अयप्पा मंदिर में 10 से 50 साल की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक हटा दी थी। तब कोर्ट ने कहा था कि सदियों पुरानी हिंदू धार्मिक प्रथा गैर-कानूनी और असंवैधानिक है। एसोसिएशन के वकील ने दलील दी कि पीआईएल जून 2006 में छपे चार अखबारों के आर्टिकल पर आधारित थी। इस पर सीजेआई ने कहा कि इसे सीधे खारिज कर देना चाहिए था। यह आर्टिकल जनहित याचिका फाइल करने का कारण कैसे बताता है। पीआईएल फाइल करने के लिए आर्टिकल लिखवाना आसान है। पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन अब प्राइवेट इंटरेस्ट लिटिगेशन, पब्लिसिटी इंटरेस्ट लिटिगेशन, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं। सभी को पीआईएल कहा जाता है, लेकिन हम सिर्फ असली पीआईएल पर ही सुनवाई करते हैं। सीजेआई को रोज सैकड़ों चिट्ठियां मिलती हैं, जिनमें सवाल किया जाता है कि क्या उन सभी को पीआईएल में बदला जा सकता है।

- सबरीमाला केस में वकीलों ने याचिका लगाई
- जज ने कहा: अपने लोगों के लिए काम करें



# भाजपा ने शाह को बंगाल व नड्डा को असम का पर्यवेक्षक बनाया

- ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक बनाए गए

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को बंगाल और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा को असम के लिए पर्यवेक्षक बनाया।

भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण निंदासह की ओर से मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में श्री शाह पश्चिम बंगाल में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे। श्री निंदासह ने बताया कि श्री नड्डा ओडिशा में पार्टी के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। वहीं हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब निंदासह सैनी सह पर्यवेक्षक की भूमिका निभाएंगे।





जम्मू : एक स्कूली छात्रा ऑपरेशन सिन्दूर की बरसी से पहले पेंटिंग प्रदर्शित करती हुई।

# गन्ना और कपास किसानों को बड़ी सौगात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

- केंद्रीय कैबिनेट की दो नई सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी

**नई दिल्ली।** अर्थव्यवस्था को नई गति देने और प्रमुख औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से, केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण आर्थिक फैसलों पर मुहर लगाई है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद इन महत्वपूर्ण फैसलों की जानकारी दी।

इन फैसलों में मुख्य रूप से विमानन क्षेत्र, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई), कृषि नीतियां और समुद्री बुनियादी ढांचा (इंफ्रास्ट्रक्चर) शामिल हैं, जो देश के समग्र विकास और रोजगार सृजन को रफ्तार देने के लिए बेहद महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। केंद्र सरकार की कैबिनेट ने हालिया बैठक में कई अहम फैसलों को मंजूरी दी है, जिन पर कुल लगभग 1.52 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कपास उत्पादन बढ़ाने के लिए 'कपास कांती मिशन' पर 5,659 करोड़ रुपये खर्च होंगे, वहीं 2026-27 सीजन के लिए गन्ने के उचित एवं लाभकारी मूल्य (एफआरपी) से जुड़ा फैसला भी लिया गया है। आर्थिक गतिविधियों को गति देने के लिए -ईसीएलजीएस-5 योजना पर 18,100 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर के मोर्चे पर वडिनार में शिप रिपेयर सुविधा (1,570 करोड़ रुपये) और कई रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी मिली है, जिनमें नागदा-मथुरा, गुंटकल- वाडी और बुरहवाल-सीतापुर रेल लाइनों के विस्तार पर हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा सेमीकंडक्टर सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए क्रिस्टल मैट्रिक्स लिमिटेड और सुची सेमिकॉन प्राइवेट लिमिटेड की यूनिट्स पर भी निवेश किया जाएगा। वहीं सुप्रीम कोर्ट को मजबूत करने से जुड़ा एक नीतिगत निर्णय भी शामिल है। इन फैसलों से कृषि, उद्योग और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में व्यापक असर देखने को मिल सकता है। देश के 32 लाख कपास किसानों को सीधा फायदा पहुंचाने के लिए कैबिनेट ने कपास क्रांति नाम से एक ऐतिहासिक पहल को मंजूरी दी है।

# प. बंगाल: 10 साल में भाजपा 3 से 207 सीटों पर पहुंची

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** बंगाल में टीएमसी को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 207 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया।

59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें डीएमके या एआईएडीएमके नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए। बंगाल में भाजपा ने बिना चेहरे के चुनाव लड़ा, इसलिए अब बड़ा सवाल यह है कि कौन मुख्यमंत्री होगा। संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे है। पार्टी किसी महिला चेहरे को भी ला सकती है। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70 फीसदी का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6 फीसदी रहा। सीएम ममता समेत 35 मंत्रियों में से 22 चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है। 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।



- भाजपा महिला को दे सकती है पश्चिम बंगाल में कमान
- संभावित नामों में सुवेंदु अधिकारी, सुकांत मजूमदार, दिलीप घोष और समिक भट्टाचार्य का नाम सबसे आगे

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय सैन्य शक्ति रक्षा उद्योगों के कारखानों में निर्मित होती है: संजय सेठ

**नई दिल्ली/प्रयागराज।** रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने ऑपरेशन सिदूर की सफलता का श्रेय रक्षा बलों के अद्वितीय साहस और दृढ़ संकल्प को देते हुए कहा है कि अत्याधुनिक स्वदेशी हथियारों और प्रणालियों ने इसे और मजबूत बनाया है। सेठ ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में मंगलवार को 'नॉर्थ टेक संगोष्ठी' को संबोधित करते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ तथा स्टार्ट-अप को देश के ब्रांड एंबेसडर बताया। उन्होंने कहा कि स्टार्ट-अप और एमएसएमई भविष्य की वृद्धि के प्रेरक बल हैं और 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वे हमारे युग के विश्वकर्मा हैं।

### मुर्गो का दंगल कराने पर हिस्ट्रीशीटर समेत कई पर मुकदमा

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर जिले के कांट थाना क्षेत्र में मुर्गो का दंगल कराकर उस पर बाजी लगाने के मामले में पुलिस ने टॉप-टेन हिस्ट्रीशीटर समेत कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर प्रियांक जैन ने मंगलवार को बताया कि सूचना मिली थी कि रावतपुर गांव के पास कुख्यात हिस्ट्रीशीटर सुहेल खां उर्फ बॉर्डर अपने साथियों के साथ मुर्गो का दंगल कराता है। पुलिस द्वारा जांच किए जाने पर सामने आया कि 25 अप्रैल को आम के बाग में चोरी-छिपे मुर्गो को लड़ाकर उन पर जीत-हार की बाजी लगाई गई थी। उन्होंने बताया कि यह स्थान उस पशु बाजार के पास है, जहां नियमित रूप से गाय, भैंस और बकरियों की खरीद-फरोख्त होती है।

# केजरीवाल ने भाजपा पर लगाया जनतंत्र की हत्या का आरोप

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है, पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भारतीय जनता पार्टी पर जनतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाते हुए कहा कि पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है, क्योंकि एजेंसियां लगाकर विधायकों को तोड़कर सरकारें गिरा देते हैं।

केजरीवाल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिह मान के साथ दिल्ली आए पार्टी के विधायकों के साथ कपूरथला हाउस में संवाद किया। उन्होंने इस दौरान कहा कि आज पूरे देश में बहुत बघ संकट छाया हुआ है। भाजपा ने जनतंत्र को हाइजैक कर लिया है, जनतंत्र की हत्या कर दी है। पूरे देश में कोई भी पार्टी जीत कर आ जाए, इन्हें कोई फर्क नहीं पघ्ता है। इसके बाद ए ईडी-सीबीआई और पैसे से उस पार्टी के विधायक तोड़ लेते हैं, पार्टियां तोघ लेते हैं, जेल भेज देते हैं और सरकारें गिरा देते हैं। जीतने के लिए ये लोग वोट काट देते हैं, अपना वोट जुड़वा देते हैं। सोमवार को पश्चिम बंगाल चुनाव का आया परिणाम कोई चुनाव नहीं था। पिछले 3-4 महीने से हम देख रहे हैं कि पश्चिम बंगाल के अंदर तांडव चल रहा है। इसी तरह इन्होंने बिहार, महाराष्ट्र में किया। उन्होंने कहा कि जब मैं जेल गया, उससे पहले नई दिल्ली विधानसभा में 1 लाख 48 हजार वोट थे। जब मैं लौट कर आया तो 1 लाख 6 हजार वोट बचे थे। इन्होंने करीब 6 महीने के अंदर 42 हजार वोट कटवा दिया। पिछली बार नई दिल्ली विधानसभा सीट से मैं 30 हजार वोट से जीता था। इन्होंने 42 हजार वोट कटवा दिए और इस बार मैं 03 हजार वोट से हार गया। विपक्ष कैसे जीत सकता है, जब उसके सारे वोट कटवा देंगे। आज पूरे देश के अंदर यही तांडव चल रहा है। आज देश के जनतंत्र के उपर संकट है। हमारे देश के स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान कुर्बान करके हमें आजादी दिलाई थी, आज उस आजादी पर सकंट खघ हो गया है। उन्होंने कहा कि चार साल बाद भी पंजाब में प्रो-इंकम्बेंसी है। भगवंत मान सरकार के कामों से लोग बेहद खुश हैं और फिर सरकार बनाने के लिए बेताब हैं। पंजाब में मुफ्त बिजली, 10 लाख का इंश्योरेंस, शानदार सड़कें, पिडों में 3100 खेल के मैदान, खेतों तक नहरी पानी पहुंच रहा। पंजाब में पहली बार इतने काम हुए हैं। उन्होंने कहा कि पहले भी अश्वमेघ यज्ञ का घोघ पंजाब में रोका गया था और अब भी भाजपा का विजय रथ पंजाब के लोग रोकेंगे। पंजाब के छह राज्यसभा सांसद भाजपा ने चोरी की है। पंजाब के लोग इसका बदला अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में लेंगे। भाजपा ने पंजाब के लोगों की 6 राज्यसभा की सीट पर डाका डाला है।

# महिला आरक्षण पर भाजपा अपना रुख साफ करे: अखिलेश यादव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ कहा: महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू किया जाए

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महिला आरक्षण को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए मंगलवार को कहा कि पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की स्पष्ट मांग है कि संसद में पारित महिला आरक्षण को उत्तर प्रदेश के 2027 विधानसभा चुनाव में लागू करने की तत्काल घोषणा की जाए।

यादव ने कहा कि यह विधेयक समस्त विपक्ष के सहयोग से पारित हुआ है, ऐसे में अब भाजपा सरकार को अपनी मंशा स्पष्ट करनी चाहिए। यदि सरकार इस पर घोषणा नहीं करती है, तो उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या भाजपा और उसके सहयोगी दल महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि जब तक इस मुद्दे पर सरकार की ओर से स्पष्ट घोषणा नहीं की जाती, तब तक उनकी पार्टी इस मांग को लगातार उठाती रहेगी। पार्टी हर सप्ताह अलग-अलग स्थानों पर इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाएगी और महिला आरक्षण लागू कराने के लिए दबाव बनाएगी। उन्होंने इसे सामाजिक न्याय और महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय बताते हुए कहा कि प्रदेश की आधी आबादी को उनका अधिकार दिलाना समय की मांग है। गौरतलब है कि बंगाल विधानसभा चुनाव में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली पार्टी कार्यालय में समर्थकों को संबोधित करते हुए सपा पर निशाना साधा था। प्रधानमंत्री ने कहा था कि समाजवादी पार्टी ने महिला आरक्षण का विरोध किया था, लेकिन महिलाएं उन्हें कभी माफ नहीं करेंगी। आने वाले समय में महिलाएं समाजवादी पार्टी को सबक सिखाएगी।

# महबूबा ने चुनाव आयोग पर साधा निशाना

**श्रीनगर, वार्ता**



■ लगाया चुनावी हेराफेरी का आरोप

जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि यह संस्था केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रही है। सुश्री मुफ्ती का यह बयान पश्चिम बंगाल चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की बड़ी जीत के एक दिन बाद आया है। उन्होंने इन परिणामों को देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिता का हिस्सा बताया। पीडीपी अध्यक्ष ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का 'निडर रक्षक' माना जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है। इसे ष्दुखद गिरावटष करार देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि देश भले ही 'विश्वगुरु' बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन 'चुनावी हेराफेरी की कला' में जरूर महारत हासिल कर ली है। उन्होंने पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रमों को इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण बताया।

## राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी

# आंधी-बारिश से नुकसान पर सीएम का सख्त एक्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ घायलों का त्वरित और समुचित इलाज तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए: मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में आंधी, वर्षा और आक. াशीय बिजली से हुई जनहानि को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को अलर्ट मोड पर रखने के निर्देश दिए हैं।

मंगलवार को मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए अधिका. रियों को सख्त निर्देश दिया कि घायलों का त्वरित और समुचित इलाज सुनिश्चित किया जाए तथा सभी प्रभावितों को 24 घंटे के भीतर अनुमन्य राहत राशि उपलब्ध कराई जाए। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनहानि, पशुहानि और घायलों को समयबद्ध सहायता देना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि राहत कार्यों में किसी भी स्तर पर लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तय होगी। उन्होने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे फील्ड में रहकर राहत एवं बचाव कार्यों की लगातार निगरानी करें। साथ ही, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए शासन से समन्वय बनाए रखें। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान घरों में ही रहें और खुले स्थानों, पेड़ों तथा बिजली के खंभों से दूर रहें।

प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव टीमें सक्रिय कर दी गई हैं, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके और जनहानि को न्यूनतम रखा जा सके। दूसरी ओरउत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में मौसम का मिजाज बदलता नजर आएगा। मौसम विभाग द्वारा मंगलवार को जारी ताजा पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में अगले एक सप्ताह तक आंधी, गरज-चमक और हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने के संकेत हैं।

### छह-सात मई को बारिश की स्थिति बन सकती है

मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार यानी पांच मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं तथा पूर्वी उत्तर प्रदेश में अनेक स्थानों पर गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ीं। छह और सात मई को दोनों ही हिस्सों में कहीं-कहीं बारिश और मेघगर्जन की स्थिति बनी रह सकती है। विभाग ने बताया कि आठ और नौ मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश हो सकती है। वहीं 10 और 11 मई को प्रदेश के दोनों भागों में फिर से कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ वर्षा होने के आसार हैं। मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि 5 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाओं के साथ मेघगर्जन और वज्रपात की संभावना है, जो झोंकों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे (झोंकों में 70 किमी/घंटा) की रफ्तार से तेज आंधी चलने की आशंका जताई गई है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 76913.50
निफ्टी 23997.55

सोना 148652 प्रति 10 ग्राम
चांदी 251000 प्रति किलो

# बैंकिंग सेक्टर के दबाव में गिरावट के साथ बंद हुए प्रमुख सूचकांक

**मुंबई, वार्ता**



विदेशों से मिले मिश्रित संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बैंकिंग सेक्टर में बिकवाली से मंगलवार को प्रमुख सूचकांक नीचे बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 251.61 अंक (0.33 प्रतिशत) गिरकर 77,017.79 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले सेंसेक्स की शुरुआत गिरावट के साथ हुई थी और दोपहर तक यह 750 अंक से ज्यादा टूट गया था, लेकिन बाद में इसने काफी हद तक वापसी की। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 86.50 अंक यानी 0.36 प्रतिशत फिसलकर 24,032.80 अंक पर रहा। दोनों सूचकांक पिछले कारोबारी दिवस पर बढ़त में रहे थे।

वृहद बाजार में लिवाली का जोर रहा। मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 0.07 प्रतिशत और छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.28 प्रतिशत ऊपर रहा। ऑटो, एफएमसीजी और फार्मा सेक्टरों में अच्छी तेजी रही जबकि रियलटी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और बैंकिंग सेक्टरों के सूचकांक नीचे बंद हुए। एनएसई में जिन 3,391 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ उनमें से 1,600 के शेयर ऊपर और 1,680 के लाल निशान में रहे। अन्य 111 कंपनियों के शेयर अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 3.41 फीसदी मजबूत हुआ। अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.79 प्रतिशत और बजाज फिनसर्व में 1.32 प्रतिशत की तेजी रही। बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनीलिवर और इंफोसिस के शेयर भी हरे निशान में रहे।

### चांदी 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार सोने पर दबाव जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक बाजारों के मजबूत रुख के बीच मंगलवार को कमोडिटी बाजार में बड़ा उतार-चढ़ाव देखने को मिला। एक ओर जहां चांदी की कीमतों में भारी उछाल आया है, वहीं सुरक्षित निवेश के बदलते रुझानों के कारण सोने की कीमतों पर दबाव बना हुआ है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच निवेशकों का ध्यान अब अमेरिकी डॉलर और बान्ड यील्ड की तरफ मुड़ गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में मंगलवार को चांदी की कीमत 1,500 रुपये उछलकर 2. 51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 2,49,500 रुपये प्रति किग्रा पर बंद हुई थी। दूसरी ओर, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 300 रुपये गिरकर 1,52,500 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया (सभी करों सहित)। अंतर्राष्ट्रीय बाजार की बात करें तो, हाजिर चांदी 1.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73. 51 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

# चावल, चीनी के भाव बढ़े, गेहूं नरम दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी में भी तेजी देखी गई जबकि में गिरावट रही। दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़ रही। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 30 रुपये बढ़कर 3,860 रुपये प्रति क्विंटल रह गई।

गेहूं छह रुपये सस्ता हुआ और 2,775 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटे की कीमत भी छह रुपये घट गई। दाल-दलहनों में उतार.चढ़ाव रहा। मसूर दाल औसतन 38 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत 24 रुपये और मूंग दाल की 17 रुपये बढ़ गई। तुअर दाल में 23 रुपये और चना दाल में सात रुपये प्रति क्विंटल की नरमी देखी गई। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 88 रिंगिट चढ़कर 4,710 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.46 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76.88 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल औसतन 77 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल की कीमत 69 रुपये और सोया तेल की 44 रुपये बढ़ गई। सरसों तेल 13 रुपये और वनस्पति चार रुपये मजबूत हुआ। वहीं मूंगफली तेल में नौ रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट देखी गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 35 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ा। चीनी भी चार रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7663.62 रुपये, मसूर काली 8130.38 रुपये, मूंग दाल 10167.95 रुपये, उड़द दाल 10835.36 रुपये, तुअर दाल 11222.93 रुपये प्रति क्विंटल रही।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# वाहनों की खुदरा बिक्री अप्रैल में 13 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** घरेलू बाजार में वाहनों की मांग में पिछले कुछ समय से जारी तेजी वित्त वर्ष 2026.27 में भी बरकरार रही और अप्रैल में वाहनों की खुदरा बिक्री करीब 13 प्रतिशत सालाना बढ़कर 26.11 लाख के पार पहुंच गई। वाहन डीलरों के शीर्ष संगठन फाडा द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले महीने में देश में कुल 26,11,317 वाहन बिके। यह आंकड़ा इस साल मार्च की तुलना में 3.01 प्रतिशत कम है जबकि पिछले साल अप्रैल के मुकाबले 12.94 प्रतिशत अधिक है। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने बताया कि छह में से पांच वाहन श्रेणियों में अप्रैल महीने का नया रिकॉर्ड बना है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दीदी है कि...** का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं। चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। आईपीएस- आईएएस अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं। मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया। पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। भाजपा वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया। हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सां. सदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट- फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।

# जंगल के राजा, सरकारी मेहमान

**अफजल हुसैन फौजी'**

■ उत्तराखंड के रेस्क्यू सेंटरों में कैद है करोड़ों का 'खर्चीला रुतबा'

**नैनीताल।** कभी कहा जाता था कि हाथी पालना आसान नहीं, लेकिन उत्तराखंड के चार रेस्क्यू सेंटरों में कैद 81 बाघ और तेंदुए अब सरकारी खजाने के लिए श्महंगे मेहमानश साबित हो रहे हैं। जंगल में दहाड़कर अपना साम्राज्य चलाने वाले ये वन्यजीव अब सलाखों के पीछे अपनी फिटनेस और रुतबा बरकरार रखने के लिए सरकारी बजट की बड़ी खुराक ले रहे हैं।

राज्य के रेस्क्यू सेंटरों में पल रहे इन खूंखारों की कहानी सिर्फ संरक्षण की नहीं, बल्कि भारी-भरकम आर्थिक बोझ की भी है। वन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक, एक टाइगर की सेहत और खुराक पर सालाना लगभग 20 लाख रुपये खर्च हो रहे हैं। इनकी डाइट का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि एक बाघ को रोजाना 10 किलो तक ताजा मांस की आपूर्ति की जाती है। उत्तराखंड में बाघों की संख्या में हुई वृद्धि वन्यजीव संरक्षण के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, लेकिन इसका दूसरा पहलू 'मानव-वन्यजीव संघर्ष' के रूप में सामने आया है। जब कोई बाघ या तेंदुआ आबादी वाले इलाकों में खतरा बनता है या संघर्ष में घायल होता है, तो उसे पकड़कर रेस्क्यू सेंटर भेज दिया जाता है। यहीं से शुरू होता है एक लंबी कैद और महंगे रख-रखाव का सिलसिला। वर्तमान में राज्य के चार प्रमुख केंद्रों/हरिद्वार का चिड़ियापुर, नैनीताल का रानीबाग, कॉर्बेट का ढेला और अल्मोड़ा मिनी जू में कुल 81 शिकारी वन्यजीव बंद हैं। इनमें चिड़ियापुर में 24 तेंदुए, रानीबाग में 15 तेंदुए और 3 बाघ, ढेला में 14 बाघ और 16 तेंदुए, तथा अल्मोड़ा में 10 तेंदुए मौजूद हैं।

इन वन्यजीवों का प्रबंधन सिर्फ खाने तक सीमित नहीं है। इसमें नियमित मेडिकल चेकअप, दवाइयां, एनक्लोजर (बाड़े) का रखरखाव और विशेष कर्मचारियों की तैनाती का खर्च भी शामिल है। वन मंत्री सुबोध उनियाल ने स्वीकार किया कि इन रेस्क्यू सेंटरों का कुल खर्च करोड़ों में पहुंच जाता है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन केंद्रों के संचालन के लिए हर साल भारी बजट आवंटित किया जाता है:

-ढेला रेस्क्यू सेंटर: करीब 2 करोड़ रुपये

-अल्मोड़ा मिनी जू: करीब 1.5 करोड़ रुपये

-चिड़ियापुर रेस्क्यू सेंटररू लगभग 1. 20 करोड़ रुपये

-रानीबाग रेस्क्यू सेंटर: करीब 47 लाख रुपये

इसके अलावा, कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के लिए राज्य, केंद्र, कैम्पा फंड और प्रोजेक्ट टाइगर से मिलने वाली राशि को जोड़कर यह खर्च 25 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लेता है। जाहिर है, जंगल से बाहर लाकर पिंजरों में कैद किए गए ये वन्यजीव न केवल अपनी आजादी खो चुके हैं, बल्कि राज्य के विकास बजट का एक बड़ा हिस्सा भी श्शिकारश कर रहे हैं। संरक्षण और प्रबंधन की इस दोहरी चुनौती के बीच, यह सवाल खड़ा होना लाजिमी है कि क्या रेस्क्यू सेंटरों पर निर्भरता ही एकमात्र समाधान है?

# नैनीताल पहुंचे आचार्य प्रमोद कृष्णम!

■ कांग्रेस पर बोला तीखा हमला, कहा- बिना नेतृत्व बदले पार्टी की वापसी मुश्किल

**नैनीताल।** अपनी बेबाक बयानबा. जी के लिए मशहूर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने एक बार फिर सियासी गलियारों में हलचल तेज कर दी है। सरोवर नगरी नैनीताल प्रवास पर आए आचार्य ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से लेकर कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मौजूदा राजनीतिक घटनाक्रमों को देश की सुरक्षा और भविष्य के लिहाज से बेहद संवेदनशील बताया।

**ममता बनर्जी पर साधा निशाना**

आचार्य प्रमोद कृष्णम ने ममता बनर्जी पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल को भारत से अलग करने की एक बड़ी साजिश रची जा रही है. हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल की धरती हमेशा से महान राष्ट्रभक्तों की रही है और वहां की जनता अब इस सच्चाई को जान चुकी है. धार्मिक ख्रष्टिकोण जोड़ते हुए उन्होंने कहा कि शास्त्रों में भगवान कल्कि के अवतार के साथ जिस सतयुग के आने की बात कही गई है, बंगाल में हो रहा मौजूदा बदलाव उसी की शुरुआत है।

**समाजवादी पार्टी पर बरसे आचार्य: हनुमान जी का नाम इन्हें शोभा नहीं देता**

सपा के आज किए गए ट्वीट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए आचार्य ने कहा कि यह वही पार्टी है जिसने रामभक्तों पर गोलियां चलवाई और उनका लहू सरयू नदी में बहाया, ऐसे लोगों के मुंह से हनुमान जी का नाम शोभा नहीं देता।

उन्होंने सपा मुखिया पर तंज कसते हुए कहा कि जो अपने पिता और चाचा का नहीं हुआ, वह जनता का क्या होगा। आचार्य ने भविष्यवाणी की कि 2027 तक समा. जवादी पार्टी के इतने टुकड़े होंगे कि उन्हें गिनना मुश्किल हो जाएगा. उन्होंने कहा कि ममता दीदी की लंका (सत्ता) जलते देख अब ये लोग डर के मारे हनुमान जी को याद कर रहे हैं।

# खतौली में कूड़े को लेकर टकराव

## नेता के घर के बाहर ट्रॉली पलटने से मचा हंगामा, पुलिस ने संभाला मोर्चा





**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार को कस्बे में नगर पालिका और एक कांग्रेस नेता के बीच चल रहा विवाद अचानक उग्र हो गया और सड़क पर खुलकर सामने आ गया। गुस्साए सफाई कर्मचारियों ने कथित तौर पर कांग्रेस नेता जमील अंसारी के घर के बाहर कूड़े से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट दी, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। घटना के बाद सड़क पर कूड़े का बड़ा ढेर लग गया। राहगीरों की आवाजाही बाधित हो गई, वहीं आसपास के लोगों को दुर्गंध और गंदगी से जूझना पड़ा। स्कूल जाने वाले बच्चों को भी कूड़े के बीच से निकलना पड़ा, कई बच्चों ने बदबू से बचने के लिए मुंह ढककर रास्ता पार किया, जिससे अभिभावकों में नाराजगी दिखी।

जानकारी के मुताबिक, विवाद काफी समय से चला आ रहा था। कांग्रेस नेता का आरोप है कि उन्होंने नगर पालिका की दुकानों की नीलामी में खरीदारी की, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं दिया जा रहा, जिससे निर्माण कार्य अटका हुआ है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

वहीं, नगर पालिका ने दुकानों के बकाया किराए को लेकर करीब साढ़े चार लाख रुपये का नोटिस जारी किया था, जिससे दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी ने आरोप लगाया कि नेता द्वारा फोन पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। इसके बाद सफाई कर्मचारी संघ में रोष फैल गया और विरोध स्वरूप कर्मचारियों ने नेता के घर के बाहर कूड़ा डाल दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में करने की कोशिश की। इस दौरान सफाई कर्मचारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। हालात बिगड़ते देख कोतवाल दिनेश चंद्र बघेल मौके पर पहुंचे और हल्का बल प्रयोग करते हुए दो सफाई कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। बाद में समझाइश के बाद उन्हें छोड़ दिया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस नेता को भी थाने बुलाया गया। पुलिस ने दोनों पक्षों से अलग-अलग बातचीत कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी जुटाई और नगर पालिका के अधिकारियों से भी संपर्क किया। घटना के बाद सफाई कर्मचारी संघ ने संबंधित उपनिरीक्षक पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई और हटाने की मांग की। संघ ने चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर आंदोलन किया जाएगा। काफी देर तक चले हंगामे के बाद पुलिस की मध्यस्थता से मामला शांत हुआ। नगर पालिका को तुरंत कूड़ा हटाने के निर्देश दिए गए, जिसके बाद सफाई कराई गई और हालात सामान्य हुए। पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारी संघ को भरोसा दिलाया है कि आरोपों की जांच कर दो दिन के भीतर उचित कार्रवाई की जाएगी। खबर लिखे जाने तक किसी भी पक्ष की ओर से औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी, लेकिन क्षेत्र में तनाव का माहौल बना हुआ है।

# जानसठ ओवर ब्रिज पर दो ट्रकों की भिड़ंत

## बड़ा हादसा होने से बचा, चालक गंभीर

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुधवार तड़के जानसठ ओवर ब्रिज पर दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत से हड़कंप मच गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि एक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहत की बात यह रही कि हादसा सुबह जल्दी हुआ, जिससे संभावित बड़ा नुकसान टल गया।

मिली जानकारी के अनुसार, डीसीएम चालक संजय पुत्र हरिचंद्र निवासी उत्तराखंड सामान खाली कर अपने गांव बाम्बेवर लौट रहा था। जैसे ही वह ओवर ब्रिज पर पहुंचा, सामने से आ रहे एक कैंटर से उसकी सीधी भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद संजय ट्रक में फंस गया और गंभीर रूप से घायल हो गया।

हादसे के दौरान मौके से गुजर रहे आजाद समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष दिनेश बावरा ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए घायल चालक को बाहर निकालने में मदद की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) खतौली पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हादसा सुबह करीब 6 बजे हुआ, उस समय यातायात कम था। लोगों का कहना है कि यदि यही घटना सुबह के व्यस्त समय में होती, तो कई वाहन इसकी चपेट में आ सकते थे और स्थिति और गंभीर हो सकती थी।

टक्कर के बाद ओवर ब्रिज पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई, जिससे जाम की स्थिति बन गई।

पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटवाया और यातायात को सुचारु कराया।

### ट्रक पलटने से चालक-परिचालक घायल

**छपार।** रामपुर पुलिस चौकी के सामने दो ट्रकों की भिड़ंत में ट्रक पलट जाने से चालक परिचालक घायल हो गयें। ट्रक मुजफ्फरनगर की ओर से आ रहा था जब वह सुभाष चौक पर पहुंचा तो बाईपास की ओर से तेजगति से आये ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे दोनों ट्रक पलट गये एक ट्रक में पन्नी व दूसरे में रददी भरी थी। एक ट्रक के चालक फान्नू व क्लीनर छोटू निवासी मोहल्ला गांधीनगर थाना नई मंडी घायल हो गए। पुलिस दोनों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया और जेसीबी से ट्रकों व मलबे को हटवाकर यातायात चालू कराया।

# 'राजा शिवाजी' फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग

## शिवसेना ने प्रदर्शन उपरांत मुख्यमंत्री को नगर मजिस्ट्रेट के जरिए भेजा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** पश्चिम प्रदेश उप प्रमुख प्रमोद अग्रवाल के आह्वान पर शिवसेना कार्यकर्ताओं ने जिला प्रमुख बिट्टू सिखेड़ा के नेतृत्व में छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित फिल्म 'राजा शिवाजी' को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री किए जाने की मांग उठाई। जिला अधिकारी की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

शिवसेना पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिला अधिकारी उमेश मिश्रा की अनुपस्थिति में सिटी मजिस्ट्रेट पंकज प्रकाश राठौड़ को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि छत्रपति शिवाजी महाराज केवल एक महान योद्धा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक हैं। उनके जीवन पर आधारित फिल्म 'राजा शिवाजी' युवाओं को इतिहास से जोड़ने और देशभक्ति की भावना को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। पदाधिकारियों ने मांग की कि प्रदेश सरकार इस फिल्म को मनोरंजन कर (टैक्स) से मुक्त घोषित करे, ताकि अधिक से अधिक विद्यार्थी, युवा और आमजन इस फिल्म को देख सकें और शिवाजी महाराज के आदर्शों से प्रेरणा ले सकें। उन्होंने कहा कि इस तरह की ऐतिहासिक फिल्मों को प्रोत्साहन देना समाज में सकारात्मक संदेश देने के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है।

इस दौरान प्रमोद अग्रवाल, बिट्टू सिखेड़ा, लोकेश कश्यप, लोकेश गुप्ता, संजीव गर्ग, मनीष चौधरी, शुभम वाल्मीकि, जतिन कुमार, जॉनी सोनकर, राजीव पाल, सुनील कुमार, रवि कटारिया, संजय त्यागी, संदीप ठाकुर, मोहनलाल, दिनेश, मुकेश, लवकुश सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

शिवसेना नेताओं ने उम्मीद जताई कि राज्य सरकार उनकी मांग पर सकारात्मक निर्णय लेते हुए फिल्म को टैक्स फ्री घोषित करेगी।

# बादल गरजने के बाद तेज आंधी और बारिश शुरू

**छाता और पन्नी की हुई बिक्री, रात होने तक होती रही बुंदाबांदी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मंगलवार को मौसम ने दिनभर आंख मिचौल की और शाम होते ही मौसम ने अपना रंग दिखाया जहां आसमान में कडाके के साथ बादल गरजे कुछ देर के लिए जनपद में अंधेरा छाया और हल्की बुंदा-बांदी के बाद जोरदार वर्षा हुई। बारिश से पहले तेज धूप के चलते तापमान अपने यौवन पर था और बारिश होने के बाद तापमान 24 डिग्री सेल्यिस हो गया। इस दौरान कई स्थानों पर पेड गिरे और कई जगह विद्युत विभाग के तार भी टूटे। इतना ही नहीं सड़क पर खड़े ठेहले वाले भी इधर-उधर भागने लगे इतना ही नहीं ठंडी बुंदे होने के कारण और तेज बारिश के चलते झांसी की रानी के निकट जहां लोग छाता खरीदते दिखाई पडे तो वहीं पननी की भी काफी बिक्री हुई लोग अपने छप्पर और कच्ची छत को बचाने के लिए पननी खरीदते दिखाई पडे। सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा था और बारिश के आसार नजर आने लगे थे, लेकिन बरसात दोपहर के बाद शुरू हुई।

### पिनना डकैती का आरोपी मुठभेड़ में घायल

**मुजफ्फरनगर।** शहर कोतवाली पुलिस ने मुठभेड के दौरान पिनना की डकैती में शामिल आरोपी बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध असलाह और कुछ पीली धातू के जेवर बरामद किए है। एसपी सिटी ने बताया कि कोतवाली क्षेत्र के गांव पिनना में चार अप्रैल को एक किसान के घर डकैती हुई थी जहां ग्रहस्वामी और उसके परिवार को बंधक बनाकर घर के आंगन में गड्डे में दबी लाखों की नगदी और सोने के जेवर पर डकैती डाली थी। पुलिस ने इस मामले में शिवम उर्फ मोटा पुत्र मुकेश निवासी नकूर सहारनपुर को गिरफ्तार किया।

# साइबर पुलिस ने दो शातिर ठग किए गिरफ्तार

## 14 करोड़ से अधिक की ठगी में शामिल होने का आरोप, डेढ़ करोड़ की ट्रांजेक्शन मोबाइल में मिली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** साइबर पुलिस ने दो ऐसे शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है जो गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल जो प्रतिबिंब है से लोगों से ठगी कर रहे है।

गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित ऑलाइन पोर्टल प्रतिबंध पर बैंक खाता रिफ्लेक्ट होने की की गई जांच पड़ताल में करोडों की ठगी करने वाले शातिर पुलिस शिकंजे में फंस गए है। जनपद मुजफ्फरनगर में एसपी क्राइम के नेतृत्व साइबर थाना पुलिस साइबर ठगों को निशाने पर ले रही है और इससे ठगी का शिकार और शातिर अंदाज में प्रतिबंध ऑनलाइन पोर्टल पर ठगी करने वाले लगातार सलाखों के पीछे जा रहे है जिससे एसपी क्राइम के दरबार में पीड़ितों को न्याय मिल रहा है।

पुलिस लाइन के सभा कक्ष में प्रेसवार्ता के दौरान एसपी क्राइम ईंदू सिद्धार्थ ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि गृह मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकसित ऑनलाइन पोर्टल प्रतिबंध किया हुआ है, लेकिन इस पर बैंक खाता रिफ्लेक्ट हुआ जिस पर साइबर थाना पुलिस ने जांच पड़ताल की। जांच में आया कि उक्त बैंक खाते में लोगों से इनवेस्टमेंट ट्रेडिंग/क्रैप्टो आदि के नाम पर धोखाधडी से धनराशि की ठगी हो रही है। जांच पडताल में यह भी पता चला कि सात दिन में उक्त बैंक खाते में करीब डेढ़ करोड रूपये की ट्रांसजेक्सन हुई है और इस मामले में 26 शिकायते आई जिसमें करीब 14 करोड आठ लाख 74 हजार 944 रूपये है। इस संबंध में पुलिस ने भागदौड कर अभिनव चौहान पुत्र दीपक कुमार निवासी सुभाष नगर थाना नई मंडी और सक्षम गुप्ता पुत्र नीरज गुप्ता निवासी द्वारिकापुरी नई मंडी को गिरफ्तार किया इनके कब्जे से दो मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ में पता चला कि यह लोग अज्ञात साइबर अपराधियों के साथ मिलकर एसए सम्राट ट्रेडिंग प्राइवेट ट्रेडिंग के नाम से एक फर्म सीए ने बनवाई और इसी फर्म के नाम पर एक्सिस बैंक में दिसम्बर माह 2025 में खाता खुलवाया गया। इन्वेस्टमेंट ट्रेडिंग क्रेप्टों के नाम पर लोगों से ठगी की गई। और सात दिन में डेढ़ करोड रूपये की ठगी की गई, हालांकि पकडे गए आरोपी कमीशन पर काम करते थे बरामद मोबाइल में अनेक कम्पनियों के फर्जी खाते खुलवाने का मामला सामने आया। बता दे कि साइबर थाना पुलिस एसपी क्राइम के नेतृत्व में लगातार खुलासे कर रही है।

# कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग

## छोटे व्यापारियों को राहत दे मोदी सरकार: संजय मित्तल

**शाह टाइम्स संवादादता**

**मुजफ्फरनगर।** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल द्वारा कमर्शियल गैस सिलेंडर एलपीजी की किमतो में की गई भारी बढ़ोतरी को वापस लेने को लेकर देश के प्रधानमंत्री के नाम कचहरी पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को सोपा ज्ञापन संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय मित्तल ने बताया कमर्शियल गैस सिलेंडर (19 किलो) की 900-1000 तक एकमुश्त मूल्यवृद्धि ने छोटे व्यापारियों की कमर तोड़ दी है यह वृद्धि हमारे ऑपरेटिंग कोस्ट (लागत) को 40 प्रतिशत अधिक बढ़ा रही है जिसे सहन करना छोटे व्यापारियों के लिए असंभव है। इस महंगाई के कारण छोटे होटल और चाय नाश्ते की दुकाने बंद होने के कगार पर है जिससे बेरोजगारी का संकट बढ़ रहा है लागत बढ़ने से अंतत ग्राहकों पर बोझ पड़ रहा है जिससे व्यापार में भारी गिरावट आई है। 4 करोड़ से अधिक इस प्रकार के छोटे व्यापारी बेहद परेशान है तथा आम जनता को इस महंगाई का सामना करना पड़ रहा है हम यह भी जानते हैं कि विश्व बाजार में गैस संकट होने के कारण रेट बढ़ाना आपकी मजबूरी है।

छोटे व्यापारियों को राहत देने का कार्य भी समय की मांग है, अन्यथा देश में बड़े पैमाने पर बेरोजगारी फैल जाएगी संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि कमर्शियल गैस सिलेंडर पर की गई हालिया अप्रत्याशित मूल्य वृद्धि को तुरंत वापस लिया जाए, गैस की कीमतों को स्थिर रखने हेतु सुदृढ़ नीति बनाई जाए, होटल और खाद उद्योगों के लिए गैस पर सब्सिडी या जीएसटी मे राहत प्रदान की जाए ज्ञापन देने वालों के मुख्य रूप से पूर्व विधायक अशोक कंसल, संजय मित्तल,



अशोक बाटला, प्रमोद मित्तल, सुनील सिंघल मावे वाले, राहुल वर्मा, विश्वदीप गोयल बिट्टू, महेश चौहान, सुभाष चौहान, विजेंद्र गोयल, स्वराज वर्मा, नीरज बंसल, निशंक जैन, गोपाल मित्तल, प्रमोद त्यागी, श्याम सिंह सैनी, राजकुमार रहेजा, अखिल सिंघल, संजय गोयल, सचिन त्यागी, प्रमोद टॉक, दिनेश बंसल, सतनाम हंसपाल सहित काफी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।

### प्लीज मैडम जी मुझे मेरी बीवी से बचाओ.......

# पति ने पत्नी पर मारपीट, लूट का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** शादी के ठीक एक वर्ष बाद ही अपनी पहली सालगिरह पर कलयुगी पत्नि द्वारा अपनी ससुराल में अपने परिजनों को बुलाकर अपने पति संग हंगामा व झगड़ा फसादकर लूट की गयी। पति ने पुलिस से पत्नि व उसके परिजनों के विरुद्ध कार्यवाही की मांग की है। बुढ़ाना के आशु पुत्र बाबू ने बुढ़ाना महिला थाने में तहरीर देकर अपनी पत्नी व उसके परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए। आशु ने बताया कि मेरी शादी बीते वर्ष 3 मई को डासना गाजियाबाद निवासी सुनैना पुत्री अनीस के संग हुई थी। शादी से पूर्व ही सुनैना किसी अन्य व्यक्ति के संपर्क में थी। शादी के बाद भी वो फोन पर बात करती है।

समझाने पर सुनैना ने उसकी पिटाई की। सुनैना पति को आत्महत्या करने की धमकी देती है। परिवार से क्रूरतापूर्ण व्यवहार करती है। कई बार दांतों से काटा। नाखूनों से नोंचकर कपड़े फाड़ दिए। मायके जाने से रोकने पर घरवालों को बुलाकर झगड़ा करती है। बीती 3 मई को शादी के एक वर्ष बाद बीवी सुनैना ने अपने भाई सलमान, चाचा कल्लू पुत्र युसूफ, माता सन्नो, मौसी फिरदोस पत्नी कल्लू को फोन कर घर बुला लिया। सबने मिलकर हंगामा किया।

जाते समय घर में रखे 40 हजार रुपये व जेवर लूट लिए। अब झूठे मुकदमे व दहेज उत्पीड़न में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। आशू ने थानाध्यक्ष से पत्नी आदि के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरु कर दी है। जांच बाद ही सच्चाई सामने आएगी।

# पंजाब से फरार बदमाश मुठभेड़ में हुआ घायल

**मंडी पुलिस ने तमंचा, कारतूस व बिना नम्बर की स्कूटी की बरामद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी पुलिस ने पंजाब राज्य से फरार चल रहे एक बदमाश को मुठभेड के दौरान गिरफ्तार किया। पुलिस ने उक्त आरोपी के कब्जे से अवैध असलाह और बिना नम्बर की स्कूटी बरामद होने का दावा किया है।

पुलिस अधीक्षक नगर अमृत जैन ने बताया कि ड्रिम सिटी के पास पुलिस ने चैकिंग के दौरान बिलासपुर कट के पास से दो लोगों को बिना नम्बर प्लेट की स्कूटी सवारों को रोका, लेकिन कूकडी के निकट पीछा करते बदमाशों से मुठभेड हो गई जहां एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि उसका साथी फरार हो गया। पकडे गए बदमाश का नाम सलमान उर्फ शहजाद पुत्र सरताज निवासी मेघाखेडी थाना नई मंडी बताया, जबकि उसके फरार साथी का नाम खुशनसीब उर्फ खुसना पुत्र अलीहसन निवासी मेघाखडी है। मंडी पुलिस ने बताया कि पकडा गया बदमाश पंजाब राज्य से एक मामले में फरार चल रहा था और पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया है। काफी समय से आरोपी सलमान की पुलिस को तलाश थी घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# छत पर सो रहे परिवार के घर में नकबजनी कर जेवरात व नकदी चोरी

**रात तीन बजे आवाज सुनकर पत्नी ने मचाया शोर**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गर्मी से राहत पाने को छत पर सोना परिवार को भारी पड़ गया। अज्ञात चोरों ने रात में घर में घुसकर लाखों रुपये के सोने चांदी के जेवरात व नकदी साफ कर दी। घटना बुढ़ाना थाना क्षेत्र के गांव राजपुर छाजपुर की है। पीड़ित ने बुढ़ाना कोतवाली में तहरीर दी है। गांव राजपुर छाजपुर निवासी गौतम सिंह पुत्र रणधीर ने बताया बीते 30 अप्रैल की प्रथम रात को गर्मी अधिक होने के कारण वो परिवार समेत घर की छत पर सो गया। रात करीब 3 बजे पत्नी को घर के अंदर से कुछ आवाजें सुनाई दी।

पत्नी ने जगाया तो दोनों नीचे गए। देखा घर के दरवाजे खुले हैं और अंदर का सारा सामान अस्त व्यस्त है। गौतम ने बताया घर में रखे सोने चांदी के जेवर व नकदी चेक की तो गायब मिली। चोर करीब 15 ग्राम वजन का सोने का सेट, सोने की झुमकी, सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगूठी, सोने के टोप्स, चांदी की बड़ी व छोटी 2 जोड़ी पाजेब, बच्चों की चांदी की 2 जोड़ी पाजेब, बच्चों की 6 जोड़ी चांदी की कठौली और 5 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। सभी जेवरात पैतृक और पुराने थे। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने 112 नंबर पर सूचना दी। इसके बाद थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। चोरों की तलाश की जा रही है। सीसीटीवी फुटेजें खंगाली जा रही हैं। जल्द घटना का खुलासा किया जाएगा। पीड़ित ने पुलिस से चोरी गए जेवर और नकदी बरामद कर वापस दिलाने की मांग की है।

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी प्रवेश परीक्षा 2026-27
1. पैरामेडिकल कॉलेज बघरा मुज़फ्फरनगर
मो. 9412113592 सीटें 100
2. बोहती देवी होम्योपैथी फार्मेसी इंस्टीटयूट धोलडा मुज़फ्फरनगर
मो 8126268787 सीटें 100
शैक्षिक योग्यता एवम शर्ते-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नही होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईड www.pamcutterpradesh.com के द्वारा दिनॉक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी.के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते है। प्रवेश परीक्षा तिथि 26 जुलाई 2026
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
पैरा मेडिकल कालेज बघरा मुज़फ्फरनगर

## 100 दिन में टीबी खत्म करने की मुहिम तेज

# हर मरीज की होगी स्क्रीनिंग अनिवार्य

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** ह100 डेज टीबी मुक्त भारत अभियानह्न को लेकर जनपद में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने रफ्तार तेज कर दी है। इसी क्रम में मंगलवार को बेगराजपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में कोर कमेटी की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें टीबी उन्मूलन को लेकर कड़े निर्देश जारी किए गए।

बैठक की अध्यक्षता जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. लोकेश गुप्ता ने की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि टीबी उन्मूलन केवल स्वास्थ्य विभाग का नहीं, बल्कि सभी विभागों का संयुक्त दायित्व है। उन्होंने निर्देश दिए कि मेडिकल कॉलेज में आने वाले हर संभावित मरीज की टीबी जांच द्धस्क्रीनिंगत्र् अनिवार्य रूप से की जाए, ताकि रोग की समय रहते पहचान कर इलाज शुरू किया जा सके। डॉ. गुप्ता ने उपचार के साथ पोषण के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि सभी पात्र टीबी मरीजों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई जाए। साथ ही मरीजों के संपर्क में रहने वाले परिजनों को टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट द्धज्ञ्ज्ञ्त्र् देने के निर्देश भी दिए, जिससे संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। उन्होंने आगामी महीने में मेडिकल कॉलेज के सभी स्टाफ और छात्रों की व्यापक टीबी स्क्रीनिंग कराने की योजना भी साझा की और तैयारियां शुरू करने को कहा। चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि अभियान में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और नियमित मॉनिटरिंग के जरिए



प्रगति पर नजर रखी जाएगी। बैठक में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. रोहताश यादव, सीएमएस डॉ. कीर्ति गोस्वामी सहित सभी विभागाध्यक्षों ने अभियान को सफल बनाने के लिए अपने सुझाव दिए और सहयोग का भरोसा दिलाया। इससे पहले जिला क्षय रोग अधिकारी ने खतौली रेलवे स्टेशन पहुंचकर स्टेशन मास्टर शैलेंद्र कुमार से मुलाकात की और यात्रियों के बीच टीबी जागरूकता बढ़ाने के लिए ऑडियो संदेश प्रसारित करने का अनुरोध किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# शिक्षामित्रों का मानदेय किया 18 हजार, सीएम के कार्यक्रम का हुआ सीधा प्रसारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में गोरखपुर के बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह से आयोजित भव्य समारोह में शिक्षामित्रों के बढ़े हुए मानदेय के भुगतान का शुभारंभ किया गया।

इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दूरदर्शन और मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया हैंडल्स पर किया गया। जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम लाला जगदीश प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जानसठ रोड में एलईडी स्क्रीन पर दिखाया गया। यहां जनप्रति. निधियों, अधिकारियों और सैकड़ों शिक्षामित्रों ने मुख्यमंत्री के संबा. ेधन को सुना। दीप प्रज्वलन से हुआ शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग कपिल देव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा जिलाध्यक्ष सुधीर सैनी, रालोद जिलाध्यक्ष संजय राठी, डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, डायट प्राचार्य व बीएसए संदीप कुमार द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया। स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मंच संचालन बाल कल्याण समिति सदस्य राजीव कुमार ने किया। 1000 शिक्षामित्रों ने लिया भाग, 10 को मिले प्रतीकात्मक चेक जनपद के सभी विकास खंडों से करीब 1000 शिक्षामित्र कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल व अन्य जनप्रतिनिधियों ने अलग- अलग ब्लॉक के 10 शिक्षामित्रों को 18,000 रुपये के प्रतीकात्मक चेक देकर सम्मानित किया। सभी को लंच पैकेट भी वितरित किए गए।

## सीएम की बड़ी घोषणाएं: मानदेय वृद्धि के साथ कैशलेस इलाज

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए कहा कि 1 अप्रैल 2026 से मानदेय 10,000 से बढ़ाकर 18,000 रुपये प्रतिमाह कर दिया गया है। साथ ही शिक्षामित्रों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा और बैंक से सोशल सिक्योरिटी देने की भी घोषणा की। सीएम ने कहा कि शिक्षामित्रों को नजदीकी विद्यालय में तैनाती की सुविधा दी गई है।

सीएम ने निर्देश दिए कि 1 जुलाई 2026 से स्कूल चलो अभियान के जरिए अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करें। प्रधानाध्यापक गृह संपर्क कर बच्चों को स्कूल लाएं, साफ यूनिफॉर्म-जूते-मोजे के साथ आने को प्रेरित करें और ड्रॉप आउट दर को शून्य करने का प्रयास करें।

## आज सुबह 9 बजे से 24 घंटे तक नहीं मिलेगा पानी

**बुढ़ाना।** नगर के पुराने ओवरहेड टैंक में मरम्मत कार्य के चलते बुधवार 6 मई से करीब 24 घंटे तक पानी की आपूर्ति बाधित रहेगी। नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा उमा त्यागी ने मंगलवार को सूचना जारी कर प्रभावित क्षेत्रों के लोगों से पहले से ही पानी का पर्याप्त स्टॉक करने की अपील की है। अध्यक्षा के अनुसार इस ओवरहेड टैंक से मोहल्ला शाहवाडा, मोहल्ला मंडी, मोहल्ला भटवाड़ा व वार्ड 11 के आंशिक क्षेत्रों में जलापूर्ति होती है। मरम्मत कार्य 6 मई मंगलवार को सुबह 9 बजे से शुरु होगा। काम पूरा होने में करीब 24 घंटे का वक्त लगेगा। इस दौरान उक्त क्षेत्रों में नलों से पानी नही आएगा। अध्यक्षा उमा त्यागी ने बताया कि पुरानी पानी की टंकी काफी जर्जर हो चुकी है। कई जगह से लीकेज की शिकायत मिल रही थी। गर्मी में पानी की मांग बढ़ने से पहले टैंक की मरम्मत कराना जरूरी है ताकि आगे सप्लाई में दिक्कत न हो। इसी कारण शटडाउन लेकर मरम्मत कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे 6 मई की सुबह 9 बजे से पहले ही पीने व घरेलू उपयोग के लिए पर्याप्त पानी का भंडारण कर लें। इससे आपूर्ति बाधित होने पर किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। काम पूरा होते ही सप्लाई सामान्य कर दी जाएगी। मरम्मत कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। किसी आपात स्थिति में नागरिक उनसे संपर्क कर सकते हैं। इस असुविधा के लिए खेद है। उन्होंने नागरिकों से इसमें सहयोग की अपील की है।

# सभासद ने अपने वार्ड में लगवाया वाटर कूलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** भीषण गर्मी में राहगीरों व मोहल्लेवासियों को शुद्ध व ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए बुढ़ाना नगर पंचायत के वार्ड 10 के सभासद गुलफाम खान ने एक और बड़ा काम पूरा कर दिया। सभासद ने जमन पब्लिक स्कूल के बाहर बड़ा वाटर कूलर लगवाया है।

इससे स्कूल आने वाले बच्चों, अभिभावकों व रास्ते से गुजरने वाले राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी। ये वाटर कूलर नगर पंचायत बुढ़ाना की अध्यक्षा उमा त्यागी के नेतृत्व में लगवाया गया। सभासद गुलफाम खान ने बताया कि गमह्ण का पारा लगातार बढ़ रहा था। स्कूल के आसपास पीने के पानी की कोई व्यवस्था नही थी।




मोहल्ले के लोगों व राहगीरों की समस्या को देखते हुए बुढ़ाना नगर पंचायत की अध्यक्षा उमा त्यागी के समक्ष फीजर लगवाने का प्रस्ताव रखा था जिसे तुरंत मंजूरी मिल गई। सभासद गुलफाम खान ने कहा कि चुनाव के समय जनता से वादा किया था कि वार्ड की हर समस्या का समाधान होगा। गमह्ण शुरु होते ही सबसे पहली जरूरत ठंडे पानी की थी। आज वाटर कूलर लगवाकर एक और वादा पूरा कर दिया। आगे भी वार्ड के विकास के लिए इसी तरह से काम जारी रहेगा। वाटर कूलर लगने से मोहल्ले के लोगों में खुशी है। जमन पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नौशाद खान ने नगर पंचायत अध्यक्षा उमा त्यागी व सभासद गुलफाम का आभार जताते हुए कहा कि अब बच्चों को स्कूल से आते जाते समय शुद्ध ठंडा पानी मिलेगा। यहां से गुजरने वाले राहगीरों को गर्मी में बड़ी राहत मिलेगी।

## बेसिक शिक्षा मंत्री बोले- शिक्षामित्र हैं शिक्षा प्रहरी

बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि शिक्षामित्र केवल शिक्षक नहीं, हर गांव में शिक्षा प्रहरी का काम कर रहे हैं। नई पीढ़ी का भविष्य उज्जवल बनाने में उनकी अहम भूमिका है। ऑपरेशन कायाकल्प से स्कूलों में टॉयलेट, फर्नीचर, पेयजल, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी जैसी सुविधाएं दी गई हैं।

### मंत्री कपिल देव बोले- 80 प्रतिशत की वृद्धि

राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शिक्षामित्रों की भावनाओं का सम्मान करते हुए मानदेय में 80 प्रतिशत की वृद्धि कर 18,000 रुपये किया है। कैशलेस चिकित्सा का भी आश्वासन दिया गया है। ऑपरेशन कायाकल्प से विद्यालयों में बेहतर माहौल बना है।

जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने भी बढ़े मानदेय और कैशलेस सुविधा के लिए बधाई दी और स्कूल चलो अभियान में शिक्षामित्रों से सहयोग की अपील की।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में डीएम उमेश मिश्रा, सीडीओ कंडारकर कमलकिशोर देशभूषण, डायट प्राचार्य, बीएसए संदीप कुमार, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक सुशील कुमार, अंकुर कुमार, विपिन कुमार, लेखाकार पवन कुमार, रोहित सिंह सहित बेसिक शिक्षा व समग्र शिक्षा के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अंत में बीएसए संदीप कुमार ने मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, मीडिया और शिक्षामित्रों का आभार जताकर कार्यक्रम का समापन किया।

# मान भंडारे का निमंत्रण अधिकारियों को सौंपा

**बुढ़ाना।** जनपद बागपत की बड़ौत तहसील क्षेत्र मे स्थित श्री गोरखनाथ आश्रम खोखरा भगवानपुर नांगल में आगामी 11 मई को नव नाथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा और 08 मान का विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा। इस भव्य कार्यक्रम के आयोजक अर्जुन नाथ हैं। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और अध्यक्षता रोहतक के बाबा बालक नाथ करेंगे। वहीं 11 मई को प्रात: 10 बजे केंद्रीय राज्य मंत्री जयंत चौधरी भी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का निमंत्रण बुधवार को अखिल भारतीय बिश्वकर्मा शिल्पकार महासभा मुजफ्फरनगर के जिला अध्यक्ष राजू पांचाल और भाजपा नेता मुकेश शर्मा ने अपने समर्थकों के साथ बुढ़ाना कस्बे में पहुंचकर एसडीएम बुढ़ाना कृष्णकांत विश्वकर्मा, सीओ बुढ़ाना गजेंद्र पाल सिंह और कोतवाल बुढ़ाना सुभाष बाबू अत्री को सौंपा। राजू पांचाल ने बताया कि नवनाथ मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का यह आयोजन भव्य स्तर पर होगा। 08 मान का भंडारा भी चलेगा जिसमें हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। श्री गोरखनाथ आश्रम खोखरा में आयोजन की तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही हैं।

# चोरों ने टयूब्वैल से ट्रांसफार्मर का तेल, कीमती सामान चुराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपार।** एक किसान की टड्ूवैल से अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर के अन्दर का तेल व कीमती सामान चोरी कर लिया। मौके पर पहुंचे बिजलीघर के जेई ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है।

गांव सिमरती निवासी रविंद्र किसान के खेत में बिजली की टड्ूवैल है। रात्रि में अज्ञात चोरों ने वहां रखे 25 केवी ट्रांसफार्मर को नीचे गिरा कर उसके अंदर से कीमती सामान व तेल चोरी कर लिया। सुबह जब किसान खेत पर गया तो ट्रांसफार्मर नीचे गिरा देखकर बसेड़ा बिजलीघर पर सूचना दी। जेई सचिन सेनी कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे ओर मुआयना कर अज्ञात चोरों के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। पुलिस भी मौके पर पहुंची और जंगल में बदमाशों को तलाश किया लेकिन सफलता नहीं मिली। जंगल चोर काफी समय से कई थाना क्षेत्रों में सक्रिय है। हालांकि पुलिस लगातार ट्रांसफार्मर चोरों को जेल भेज रही है, लेकिन इसके बाद भी जंगल चोर किसी न किसी जंगल में घटना को अंजाम दे रहे है।

## मुठभेड़ में इनामी डकैत शाहरुख पठान घायल

**बुढ़ाना।** लूट व डकैती के मामलों में वांछित चल रहे 20 हजार रुपये के इनामी बदमाश को बुढ़ाना पुलिस ने मंगलवार को मुठभेड़ के बाद घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाश की पहचान शाहरुख पठान पुत्र इकबाल निवासी चंधेड़ी रोड बुढ़ाना के रूप में हुई। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 पिस्टल, 1 तमंचा, जिंदा कारतूस व बिना नंबर की बाइक बरामद की है। पुलिस के अनुसार थाना बुढ़ाना में दर्ज मुकदमे में शाहरुख वांछित चल रहा था। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि लूट का आरोपी नहर पटरी के रास्ते भागने की फिराक में है। सूचना पर बुढ़ाना कोतवाल सुभाष अत्री के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गायत्री वाटिका के पास नहर पटरी पर चेकिंग शुरु की। इस दौरान बाइक सवार एक युवक आता दिखा। रुकने का इशारा करने पर उसने पुलिस पर फायर किया। जवाबी फायरिंग में बदमाश के पैर में गोली लगी और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने घायल शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया।

**अदालती सूचना**
**न्यायालय उपजिलाधिकारी/ सहायक कलेकटर प्रथम श्रेणी भगवानपुर**

अपील संख्या- सन-2024

भुल्लण सिंह बनाम इन्द्रा

अ0 धा0 210 एल आर एक्ट मौजा-सरठेडी शाहजहांपुर परगना व तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार।

प्रतिवादी-श्रीमती इन्द्रा पुत्री श्री ताराचन्द पत्नी श्री रिशीपाल निवासी ग्राम चुडियाला मोहनपुर परमगना व तहसील भगवानपुर जिला हरिद्वार हाल निवासी ग्राम धनायन, तहसील बुढ़ाना जिला मु0 नगर उत्तर प्रदेश।

अत: आपको समाचार पत्र द्वारा सूचना दी जाती है कि आप उक्त अपील में विपक्षी है। आप उक्त अपील में अपना पक्ष रखने के लिए दिनांक 12.05.2026 को प्रांत: 11:00 बजे स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से मेरे न्यायालय में उपस्थित होवे ऐसा न करने की दशा में उक्त अपील को एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

उक्त समन मेरे न्यायालय से मुद्रा सहित निकाली गयी।

**उपजिलाधिकारी/सहायक कलेकटर प्रथम श्रेणी भगवानपुरा, जिला हरिद्वार ( उत्तराखण्ड )**

**Name Change**

I AFSHEEN D/O ZILLUR REHMAN R/O 1002/46 South Khalapar, Muzaffarnagar have changed my name to AFSHEEN REHMAN for all future purposes.

**सूचना**

मेरा पुराना नाम MOHAMMAD ANAS S/0 MOHD YONUS था। जिसे मैने बदलकर ANAS TYAGI S/0 MOHD YUNUS रख लिया है। भविष्य में मुझे ANAS TYAGI S/0 MOHD YUNUS नाम से जाना व पहचाना जाये।

ANAS TYAGI S/O MOHD YUNUS ADD- H.N. 111, VILL AND POST DADHERU KALAN, PS CHARTHAWAL DISTT. MUZAFFARNAGAR U.P.

**आवश्यकता है**

राजमाता अहिल्याबाई होल्कर डिग्री कालेज कितास मे (शिक्षा शास्त्र, इतिहास, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, हिन्दी अंग्रेजी, अर्थशास्त्र, बी. पी.ई.एस.) विषयों हेतू योग्य एवं अनुभवी अध्यापकों की आवश्यकता है।

**सम्पर्क करें-**
**पुष्पेंद्र बालियान- 9557048988**
**सत्येन्द्र कुमार- 8273734800**

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र आसमौहम्मद व उसकी पत्नी सानिया मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने में नहीं है। आये दिन लडाई झगडा व मारपीट करते रहते है। इस कारण मैने व मेरे परिवार ने इन दोनों से अपने सभी प्रकार के सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने इन दोनों को अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन व वाद विवाद आदि के लिए मै व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा। ये दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति इमराना पत्नी स्व.महमूद निवासी ग्राम जसोई थाना तितावी जिला-मुजफ्फरनगर**

## निकाह के 12 साल बाद पति ने घर से निकाला

**बुढ़ाना।** निकाह के 12 वर्ष बाद एक विवाहिता को ससुरा. लियों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता ने पति, सास, 4 देवरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए बुढ़ाना महिला थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। बुढ़ाना कस्बे के मोहल्ला कस्साबान की एक युवती का निकाह 12 वर्ष पूर्व ग्राम रसूलपुर दभेड़ी निवासी मोहसीन पुत्र तोस. ीन संग हुआ था। दंपती का 10 वषह्णय बेटा है। महिला का आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति मोहसीन, सास रहीसा, देवर सादाब, सुऐब, सुहेल, रहमान उसे गालियां देते हैं। मारपीट करते हैं। कई बार बच्चे समेत घर से निकाल चुके हैं। ढाई वर्ष तक मायके में रहने के बाद बीते 25 मार्च को परिवार व मौज्जिज लोगों के समझाने पर उसे ससुराल भेजा गया। तीन दिन तो ठीक रहा लेकिन इसके बाद देवर उस पर बुरी नजर रखने लगे। पति मोहस. ीन ने कहा कि वो उसे किराये के मकान में रखेगा। इसके बाद पति पत्नी को लेकर ग्राम दाहा में किराये के मकान में रहने लगा। पीडिता का आरोप है कि बीते 13 अप्रैल को पति मोहसीन ने कहा वह बाहर से लड़कों को बुला रहा है। विरोध करने पर पति ने गंदी गालियां दी। बुरी तरह मारपीट कर किराये के मकान से निकाल दिया। अब वो बेटे संग मायके में रह रही है। पीड़िता ने थाना बुढ़ाना में तहरीर देकर पति मोहसीन, सास रहीसा, देवर सादाब, सुऐब, सुहेल, रहमान के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

# कॉमर्स विभाग ने किया दो दिवसीय चंडीगढ़ एवं शिमला शैक्षणिक भ्रमण का सफल आयोजन



**मुजफ्फरनगर।** कॉमर्स विभाग द्वारा 2 दिवसीय चण्डींगढ एवं शिमला शैक्षणिक भ्रमण का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसी यात्रा का उददेश्य छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ प्राकृतिक सौन्दर्य, पर्यटल के प्रति रूचि विकसित करना तथा विभिन्न स्थानों की संस्कृति, परम्परा एवं जीवन शैली से परिचित कराना था।

इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज के चौयरमैन डॉ. एस सी कुलश्रेष्ठ एवं प्राचार्या डॉ प्रेरणा मित्तल, उप प्राचार्य डॉ. सौरभ मित्तल ने सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं देकर रवाना किया। इस भ्रमण में विभागाध्यक्ष डॉ. अशफाक अली एवं यात्रा के समन्वयक डॉ. एम एस खान ने अपने पुरातन अनुभव से यात्रा योजना को धरातल पर उतारने के लिए सभी का नेतृत्व किया। विभाग के वरिष्ठ शिक्षक डॉ. अनिरूद्ध कुमार, सागर चौहान सहित सिदरा खान ने छात्र-छात्राओं के साथ समन्वय बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। अगली सुबह दिनांक 29 अप्रैल को नाश्ते के पश्चात सभी ने शिमला के लिए प्रस्थान किया। मार्ग में हल्की वर्षा एवं पहाडों के मनोहारी दृश्यों के बीच छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत का आनन्द लिया। शिमला पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं ने दोपहर का भोजन किया। जिसके पश्चात सभी ने शिमला के उच्चतम स्थल जाखू मंदिर के लिए के लिए ट्रैकिंग शुरू की, वहां पंहुचकर सभी ने श्रद्धापूर्वक दर्शन किये एवं विहंगम प्राकृतिक दृश्यों का आनन्द लिया। वापसी के दौरान शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं चर्च एवं माल रोड पर पहुंचे। मालरोड पर पहुंचकर सभी छात्र-छात्राओं ने फोटोग्राफी की एवं वहां के प्रसिद्ध स्थलों, स्थानीय परिवेश एवं सांस्कृतिक वातावरण को निकट से देखा। इसके पश्चात सभी शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं शिमला टाऊन हॉल पहूंचे। जहां सभी ने इस ऐतिहासिक भवन की भव्य स्थापत्य कला, विरासत, संग्रा. हलय एवं स्थानीय इतिहास से सम्बन्धित प्रदर्शनों का अवलोकन किया, जो उनके लिए अत्यन्त ज्ञानवर्धक अनुभव रहा। वापसी के दौरान शिक्षकगणों एवं छात्र-छात्राओं ने मालरोड पर स्थानीय स्ट्रीट फूड एवं शोपिंग का आनन्द लिया। जिससे उन्हें वहां की स्थानीय संस्कृति एवं खान-पान की विविधता को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

इस भ्रमण के दौरान सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने अत्यन्त उत्साह एवं आनन्द के साथ सहभागीता की। विशेष रूप से इस यात्रा में हमारे साथ खाने की व्यवस्था के लिए कुक भी थें, जिन्होंने विद्यार्थियों के लिए पहाड़ों की गोद में बैठकर स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की। जिससे सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को प्राकृतिक वातावण में सामूहिक भोजन का अनुठा अनुभव प्राप्त हुआ। यह शैक्षणिक भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए न केवल मनोरंजक रहा बल्कि उन्हें पर्यटन के प्रति प्रेरित करने, नये स्थानों की विशेषताओं को समझने तथा विविध संस्कृतियों को जानने एवं अपनाने का एक महत्वपूर्ण अवसर भी प्रदान किया। अंतत: यह भ्रमण सभी के लिए अत्यन्त यादगार, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

# कार्यालय नगरपालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पत्रांक:-352/सा.प्र./2026-27 दिनांक:- 05/05/2026

## ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27, 2027-28 व 2028-29 में मौहल्ला किदवईनगर स्थित कूड़ा निस्तारण प्लान्ट पर अधिष्ठापित 02 नग Trommel Conveyor etc. (350 टी.पी.डी.) क्षमता के ठोस अपशिष्ट (एम.एस.डब्लू.) प्रसंस्करण संयन्त्र) के सचालन एवं अनुरक्षण (ऑपरेशन एवं मेन्टीनेन्स) कार्य हेतु अनुभवी एवं योग्य एजेन्सियो / कम्पनियों से ऑन लाईन दरे प्राप्त करने के सम्बन्ध में ई-निविदाए दिनांक 26/05/2026 को अपरान्ह: 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट https://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 06/05/2026 की प्रात: 10:00 बजे से दिनांक 26/05/2026 की अपरान्ह: 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड की जा सकती है, कार्य की धरोहर राशि एफ.डी.आर./एन.एस.सी. आदि के रूप में जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के नाम बन्धक होगी, तथा निविदा मूल्य (जी.एस.टी. सम्मिलित करते हुए) का ड्राफ्ट नगर पालिका परिषद्, मुजफ्फरनगर के पक्ष में जारी करते हुए निविदा खोले जाने से पूर्व मूल प्रति के रूप में तथा प्रपत्रो की स्वप्रमाणित छाया प्रतियाँ दिनांक-26/5/2026 को 3:00 बजे कार्यालय में उपलब्ध कराया जाना अनिवार्य है। उक्त की अनुपस्थिति में फर्मो/ठेकेदारो की निविदाए अवैध मानी जायेगी। अन्य विवरण एवं शर्ते किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय स्वास्थ्य विभाग, नगरपालिका परिषद मुजफ्फरनगर में आकर अवलोकन कर सकते है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 26/05/2026 को सायं 4:00 बजे अधिशासी अधिकारी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी तथा निविदा खोले जाने वाली दिनांक को सार्वजनिक अवकाश एवं विषम स्थिति उत्पन्न होने की दशा में निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेगी।

**नगर स्वास्थ्य अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**मुजफ्फरनगर**

# भागवत कथा का श्रवण व्यक्ति को अभय बनाता है: मोरारी बापू

## शुकतीर्थ में चौथे दिन हुई कथा, बुद्ध पुरुष का शब्द व स्पर्श औषधि है : बापू



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** पौराणिक तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में स्थित श्री शुकदेव आश्रम में जारी राम कथा के चौथे दिन विश्व प्रसिद्ध संत मुरारी बापू ने भगवान राम नाम की महिमा, श्री मदभागवत कथा की महिमा, गोपी गीत, भगवान राम का प्रकटोत्सव,हनुमान जन्म के प्रसंग सहित शुकदेव भगवान की महिमा व राजा परीक्षित की भक्ति वैभव पर विस्तार प्रकाश डालते हुए श्रद्धालुओं के लिखित प्रश्नों के उत्तर व्यास पीठ से दिए।

सन्त मोरारी बापू ने राम कथा के चौथे दिवस शुकताल के सभी व्यास पीठ, महापुरुषों, भद्रजनों को प्रणाम अर्पित कर अपने शुभ प्रवचन में कहा की बुद्ध पुरुष की शरणागत होने पर मृत्यु का भय समाप्त हो जाता है।

राजा परीक्षित की मृत्यु सात दिन बाद निश्चित थी।किन्तु भगवान शुकदेव की शरण मे जाकर किसी भय का अनुभव कदापि हुआ ही नही।भय के कारण साधारण मनुष्य कमजोर हो जाता है। न सोता है न खाता है।शरीर की प्रतिकार करने की शक्ति कम होने लगती है। किंतु परीक्षित को मृत्यु का कोई भय नहीं है। मृत्यु अमृत भी है जो भगवान से मिलाती है। तब मौत मधुसूदन बन जाती है। परीक्षित मौत में माधव को देखते हैं।और प्रतीक्षा भी करते हैं।मधुर मिलन की। साधु को निर्भय होना चाहिए।परीक्षित को शुकदेव की कथा में आत्मबौद्ध होने लगा था कि अब मृत्यु नही आएगी। भागवत कथा व्यक्ति को पुष्ट करती है भागवत कथा श्रवण से राग द्वेष मिट जाते हैं। बुद्ध पुरुष के शब्द वचन तथा उनका स्पर्श औषधि के समान है।और अगर दर्शन हो जाएं तो बड़ा सौभाग्य है। परमात्मा का हाथ जिसके सर पर हो वह अभय हो जाएगा उसका डर जाता रहेगा। गोपियों की परवतह्ल व भक्ति भिन्न है उनकी भक्ति विशेष है कृष्ण की भक्ति के लिए गोपी बनना पड़ेगा शुकदेव गोपी है और तुलसीदास भी गोपी है।कृष्ण को पाना है तो गोपी होना पड़ेगा। तुलसी को जानने के लिए उनके ग्रन्थों को पढ़ना पड़ेगा।सत्य में ही अभय हुआ जा सकता है।जो निष्कपट होगा वह अभय होगा।

मोरारी बापू कहते हैं। शील होने का बड़ा महत्व है।सहनशील धैर्यशील,कर्मशील, सत्यशील, को कोई पराजित नहीं कर सकता एकांत में भी मर्यादाशील रहे। भगवान कृष्ण की भुजाएं कितनी विशाल होगी जिन्होंने लम्बी साड़ी देकर द्रोपदी की मर्यादा को बचा लिया।जो शील हैं वही विशाल हैं। वही जगत कल्याण के लिए विष पी सकते हैं उनका कुछ बिगड़ने वाला नहीं है। कथा में जो निमित्त बन जाता है वह परिवार धन्य है असुर जब अधिक मात्रा में बढ़ जाते हैं तब परमात्मा अनेक रूप धारण कर साधु पुरुषों की रक्षा करते हैं।श्राप रावण पैदा करते हैं आशीर्वाद से राम पैदा होते हैं हरि व्यापक हैं कालांतर देशांतर किसी भी रूप में परमात्मा को बुलाने के लिए केवल प्रेम की आवश्यकता है परमात्मा प्रेम की पुकार सुनते हैं प्रेम ही प्रभु मिलन का माध्यम है। जब राम प्रकट होते हैं तब चरित्र प्रकट होता है महादेव व महादेवी के मिलन से कन्याकुमारी अथवा भागवत जन्म लेती है।

मुरारी बापू कहते हैं कि जिसने दीन हीन वंचितों की सेवा में अपने हाथ लगाये उन्हें परमात्मा की प्राप्ति होगी। जो हाथ कभी पाप नहीं करते जो देना बैंक में हैं।लेना बैंक में नहीं है यही परमात्मा को पाएंगे।वेदों में हिंसा नहीं है तथा कथित लोगों को प्रलोभन देकर तनुषित करने का प्रयास किया गया है। वेदों के मूल में हिंसा है ही नहीं।

### बापू पश्चिम बंगाल चुनाव के बारे में कहते हैं कि

अच्छाई के रूप में सनातन में जोड़ें सनातन धर्म की अच्छाई में जोड़ने के समाचार मिल रहे हैं जो स्वागत योग्य है।सनातन मजबूत हो यह स्वागत योग्य है।बंगाल में एस्कॉन वाले हरे रामा हरे कृष्णा हरे राम हरे कृष्णा करने गए थे।और प्रभु का नाम काम कर गया कोई ममता जाए अथवा कोई समता जाए।सनातन का अपमान ना हो। सनातन का सम्मान हो।यह महत्व रखता है।

### बापू की भजन संध्या में सूफियाना अंदाज़ के दर्शन

**मोरना।** मुरारी बापू की कथा विश्राम होने के उपरांत शाम के समय भजन संध्या का आयोजन उनकी कुटिया पर किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लियाव भक्ति रचनाओं का आनंद लिया श्रद्धालुओं ने मोरारी बापू से सीधे संवाद भी किया। मां गंगा के पावन तट पर स्थित मोरारी बाबू की कुटिया पर मंगलवार की शाम आयोजित भजन संध्या में सूफियाना अंदाज देखने को मिला जहां दूर दराज से आए साहित्य कारो व भजन कलाकारों ने संस्कृत भाषा सहित बृज भाषा, हिंदी उर्दू,फारसी आदि भाषाओं में अपनी सुंदर आध्यात्मिक ,भक्ति भाव से भारी रचनाओं को प्रस्तुत किया जिस पर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए बापू की भजन संध्या में हिंदी उर्दू के दार्शनिक कलाम प्रस्तुत किए गए जिसमें सूफियों व कबीरदास की वाणी की झलक देखने को मिली इस दौरान श्रद्धालुओं ने बापू से अपनी नई पुस्तकों,गन्थों पर हस्ताक्षर कराये।

# स्कूल परिसर में छात्र पर पथराव का आरोप, आंख पर गंभीर चोट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र में एक छात्र पर पथराव कर गंभीर रूप से घायल कर आंख फोड़ देने का मामला सामने आया है। पीड़ित पक्ष ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,गांव खानुपुर निवासी छात्र के पिता अर्जुन धनगर पुत्र शिव कुमार धनगर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका पुत्र करीब 17 वर्षीय अभिमन्यु जो घासीपुरा में स्थित एसएफ डीएवी कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है, मामला 24 अप्रैल का है जब वह स्कूल परिसर में मौजूद था।आरोप है कि अभिमन्यु की क्लास के छात्र ने स्कूल के प्रधानाचार्य तथा स्कूल प्रशासन की मिली भगत से पहले तो अभिमन्यु के साथ जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल कर गालियां दी गई।उसके बाद एक छात्र ने उसकी आंख पर पत्थर से वार कर दिया,जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।घायल होने के बाद स्कूल प्रशासन द्वारा उसे एक डॉक्टर के यहां पर भर्ती कराया गया।

परिजनों को सूचना दी गई की तुम्हारे पुत्र के साथ झगडा हुआ है जिस कारण उसको चोंटे आई हैं वह अस्पताल में भर्ती है।आंख में अधिक चोट होने के कारण अभिमन्यु को अलग-अलग अस्पताल में भर्ती कराया गया,अंत में डॉक्टर ने अभिमन्यु को एक आंख से दिव्यांग घोषित कर दिया है।

छात्र के पिता ने इस पूरी घटना की जानकारी भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेता नीरज पहलवान को दी।नीरज पहलवान कुछ लोगों के साथ इस मामले को लेकर स्कूल के प्रधानाचार्य से मिला तो आरोप है कि प्रधानाचार्य ने इनसे ठीक से बात नहीं की।मजबूर होकर मंगलवार को नीरज पहलवान के नेतृत्व में काफी लोग थाने में पहुंचे और थाना प्रभारी को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की गुहार लगाई।इस मामले में थाना प्रभारी विपिन त्यागी का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है।आरोपियों की पहचान कर जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जायेगी।

# रालोद अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में संगठन विस्तार पर मंथन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** बुढ़ाना रोड स्थित तासीर हसन के कार्यालय पर मंगलवार को राष्ट्रीय लोक दल द्धरालोदत्र के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को और अधिक मजबूत बनाने, आगामी रणनीतियों पर विचार-विमर्श करने तथा नए पदा. धिकारियों की नियुक्ति पर विशेष रूप से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिल नवाज खान ने संगठन विस्तार के तहत वकील मंसूरी को हस्तिनापुर क्षेत्र का क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त करने की घोषणा की। उनकी नियुक्ति पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने का भरोसा जताया। इस मौके पर तासीर हसन, दिलप्रीत सिंह, अदनान बरकत, डॉ. अथर्व, डॉ. नदीम, रियाज अहमद, नबील सोनू और रालोद नगर अध्यक्ष हाजी नौशाद अहमद मोनी सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।बैठक को संबोधित करते हुए दिल नवाज खान ने कहा कि पाटह्ल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के विचार कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने संगठन को मजबूत बनाने के लिए जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंच. ाने पर जोर दिया। साथ ही देश की



वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों और संभावित गठबंधन को लेकर भी अपने विचार साझा किए। बैठक के अंत में उन्होंने पश्चिम बंगाल में पाटह्ल को मिली सफलता पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए इसे संगठन की एकजुटता और मेहनत का परिणाम बताया और भविष्य में भी इसी तरह निरंतर प्रयास जारी रखने का आह्वान किया।

### संक्षिप्त समाचार

## सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं को काटने पड़ रहे हैं बार बार चककर

**चरथावल।** क्षेत्र में एलपीजी गैस आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है, जिससे आम लोगों के साथ-साथ खासकर बुजुर्ग नागरिकों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। समय पर गैस सिलेंडर न मिलने से नाराज क्षेत्रवासियो और बुजुर्गो ने अब खुलकर विरोध जताना शुरू कर दिया है।

इसी कड़ी में अब क्षेत्र मे भारी रोष व्याप्त हो चला हे और बुकिंग के दो दो तीन तीन हफ्तों तक गैस न मिलने और दफ्तर के बार बार चककर लगाने से उपभोक्ताओं मे भारी रोष हे उन्होंने आरोप लगाया कि गैस बुकिंग कराने के बावजूद उपभोक्ताओं को दो सप्ताह तक सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है, जिससे रसोई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो रही है। उपभोक्ता वाजिद, आसिफ, सोनू, इस्लाम, मोनू, दिनेश सहित अनेको उपभोक्ताओं ने बताया की क्योंकि वे बार-बार गैस एजेंसी के चक्कर लगाने में सक्षम नहीं हैं। उन्होंने कस्बे की 'बालाजी इंडेन सेवा' पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि वितरण व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुकी है। उपभोक्ता जुबेर आलम ने बताया करीब दस दिन पूर्व गैस बुक कराई थी, लेकिन उसके बाद भी उन्हें सिलेंडर नहीं मिला। यही हाल आसिफ डायरेक्टर समेत कई अन्य उपभोक्ताओं का भी है, जो लगातार परेशानी झेल रहे हैं।

क्षेत्रवासियो ने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण प्रणाली को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाया जाए, साथ ही बुजुर्गो को प्राथमिकता के आधार पर सिलेंडर उपलब्ध कराया जाए।और क्षेत्र मे सही रूप से गैस का वितरण कर शहूलियत दी जाए और उपभोक्ताओं को सही वितरण कर गैस उपलब्ध कराई जाए

## सड़क पर फैली रोड़ी बनी हादसे की वजह

**मीरापुर।** थाना क्षेत्र के गांव सम्भलहेडा निवासी एक युवक सड़क पर फैली निर्माण सामग्री के कारण मोटरसाइकिल फिसलने से गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों की मदद से घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए मीरापुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत फिलहाल स्थिर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार गांव महमूदपुर सम्भलहेडा निवासी मयंक पुत्र चंद्रकेश मंगलवार शाम करीब 6 बजे अपनी बहन को लेने के लिए पानीपत-खटीमा मार्ग स्थित सम्भलहेडा पुल की ओर मोटरसाइकिल से जा रहा था। बताया गया कि जब वह गांव से कुछ दूरी पर पहुंचा तो सड़क किनारे एक किसान द्वारा अपने खेत में बनाए जा रहे टड्ढूबवेल के कमरे के निर्माण के लिए डाली गई रोड़ी और अन्य निर्माण सामग्री सड़क पर फैली हुई थी। सड़क पर बिखरी रोड़ी के कारण मयंक की मोटरसाइकिल अचानक अनियंत्रित होकर फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। हादसे में मयंक के सिर, हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दुर्घटना होते देख आसपास से गुजर रहे राहगीर तुरंत मौके पर पहुंचे और घायल युवक को संभालकर मीरापुर के एक निजी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है। स्थानीय लोगों ने सड़क पर निर्माण सामग्री फैलाने वालों के खिलाफ नाराजगी जताते हुए प्रशासन से ऐसी लापरवाही पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं को रोका जा सके।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर रामराज में मना जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामराज।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर रामराज क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ जश्न मनाया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया और पार्टी की जीत को ऐतिहासिक बताया। कार्यक्रम का आयोजन रामराज स्थित अग्रवाल फर्टिलाइजर प्रतिष्ठान पर किया गया, जहां बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एकत्र हुए।

इस दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने कहा कि यह जीत जनता के ब्विास और प्रधानमंत्री की नीतियों पर मुहर है। उन्होंने आगामी समय में भी पार्टी को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। जश्न के दौरान आतिशबाजी भी की गई और नारेबाजी से माहौल गूंज उठा। कार्यक्रम में रोहित बंसल, विपेन्द्र सुधा वाल्मीकि, सरदार मेजर सिंह, सुदर्शन गोयल, विपिन मनचंदा, डॉक्टर श्रीपाल कोहली, विकास बंसल, सतबीर चौहान, विनीत शर्मा उर्फ बब्बू, मनीष राणा, दीपक भडाना और रामबीर सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# किसानों की समस्याओं पर एसडीएम से मिला भाकियू(अ) का डेलिगेशन



**बुढ़ाना।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को एसडीएम कृष्णकांत ब्विवकर्मा से मिला। डेलिगेशन ने किसानों की लंबित समस्याओं को जल्द हल करने व तहसीलदार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों पर अंकुश लगाने की मांग की। एसडीएम ने सब मुद्दों पर गंभीरता से कार्रवाई का भरोसा दिया। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि एसडीएम ने आ्वासन दिया है कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान कराया जाएगा। तहसीलदार द्वारा किए जा रहे भ्रष्टाचार की शिकायत पर भी सख्त कार्रवाई होगी। इसके लिए 11 मई को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कराई जाएगी। बैठक में किसानों की सब समस्याओं पर बिंदु वार चर्चा होगी। एसडीएम से मिले सकारात्मक आश्वासन के बाद भाकियूअ ने 6 मई को होने वाला प्रस्तावित धरना स्थगित कर दिया। तहसील अध्यक्ष सुभाष मलिक ने कहा कि प्रशासन ने हमारी मांगों पर गंभीरता दिखाई है। यदि 11 मई की बैठक के बाद भी समाधान न हुआ तो संगठन फिर से आंदोलन की रणनीति बनाएगा। यहां तहसील अध्यक्ष सुभाष मलिक, तहसील प्रभारी सतेंद्र मलिक, विधुर प्रधान, ब्लॉक उपाध्यक्ष घनश्याम सैनी, ब्लॉक उपाध्यक्ष शाहवेज चौहान, ब्लॉक उपाध्यक्ष ताहिर राणा, राकेश ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष हशरत राणा, महकार, भीष्म सिंह समेत कई किसान मौजूद थे। सबने एक स्वर में किसानों की समस्याओं के निस्तारण की मांग की।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न



**भोपा।** पश्चिम बंगाल ,आसाम और पादुचेरी में भाजपा की प्रचंड जीत पर भोपा मंडल के भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोपा में शीतला माता मंदिर में एकत्रित होकर जश्न मनाया । जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीरपाल निर्वाल के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष संजय कोरी द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भोपा के शीतला माता मंदिर में पूजा कर भारतीय जनता पार्टी की जीत पर पार्टी के झंडे लहराते हुए भारत माता की जय , वंदे मातरम के नारे लगाए और मिष्ठान वितरण किया ।

इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्राम वासियों को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीरपाल निर्वाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल में लोग ममता बैनर्जी के शासन से तंग आ चुके थे ।लोगों में भ्रष्टाचार ,अपराध और तुष्टिकरण का प्रति आक्रोश था । इसलिए बंगाल में जनादेश जनभावना का प्रतीक है । कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संजय कोरी , महामंत्री अनिल कुमार , निवर्तमान मंडल अध्यक्ष सतनाम सिंह ,तरुण प्रधान ,कुणाल वालिया ,घनश्याम नायक ,मंडल उपाध्यक्ष रूपेश कुमार , नीटू धीमान,गुरदीप ,इरम अली, मा . सुरेंद्र, संजीव राठी, मोहित धीमान आदि उपस्थित रहे ।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने बांटी मिठाई, की आतिशबाजी



**बुढ़ाना।** पीएम मोदी के कुशल व दूरदर्शी नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में प्रथम बार, पुडुचेरी में दूजी बार व असम में तीसरी बार भाजपा एनडीए गठबंधन की सरकार बनने पर बुढ़ाना में जश्न मना। नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बांटकर और आतिशबाजी कर प्रचंड जीत की खुशी मनाई। पूर्व चेयरमैन जितेंद्र त्यागी ने कहा कि यह जीत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास और सबका ब्विास की नीति की जीत है। बंगाल की जनता ने दशकों बाद परिवर्तन का मन बनाकर कमल खिलाया है। असम में लगातार तीसरी बार और पुडुचेरी में दूसरी बार भाजपा सरकार बनना जनता के अटूट भरोसे का प्रतीक है। जश्न के दौरान नगर भाजपा के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं ने भारत माता की जय और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। मुख्य बाजार में लड्डू बांटे गए व जमकर आतिशबाजी की गई। भाजपा नेता आशीष जेन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में पहली बार भाजपा की सरकार बनना ऐतिहासिक है। जनता ने तुष्टिकरण और हिंसा की राजनीति को नकार कर विकास को चुना है। असम में हैट्रिक व पुडुचेरी में दोबारा सरकार बनना साबित करता है कि जनता को डबल इंजन की सरकार पर पूरा भरोसा है। यहां जितेंद्र त्यागी ने सब कार्यकर्ताओं का आभार जताया और कहा कि यह जीत हर एक बूथ कार्यकर्ता की मेहनत का फल है।

# धूमधाम से सम्पन्न हुआ, श्री श्याम गुणगान महोत्सव

**मुजफ्फरनगर।** श्री श्याम परिवार सुखी संसार समिति द्वारा सभी श्याम भक्तवृंदो के लिए भव्य श्री श्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन किया गया, इस अवसर श्री धाम वृन्दावन से पधारे परम श्रद्धेय गुरुवर श्री नन्द किशोर जी शर्मा (श्री नन्दू जी महाराज) ने श्याम नाम के भजनों का ऐसा रस बरसाया की सारा माहौल श्याममयी हो गया । 10 वर्षों के पश्चात मुजफ्फरनगर की पावन धरा पर पधारे श्री नन्दू जी महाराज ने श्याम नाम के ष्भर दे रे श्याम, झोली भर देष इत्यादि भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान किया । महाराज जी ने मुजफ्फरनगर से अपने पुराने प्रेम को साझा करते हुए, समिति द्वारा किए गए आयोजन की अत्यंत प्रशंसा की एवं सभी को अद्भुत आयोजन की शुभकामनाएं दी । मध्य प्रदेश से आमंत्रित अधिष्ठा अनुष्का ने अपनी मधुर आवाज द्वारा भजन भावों के माध्यम से बाबा को रिझाया, मुजफ्फरनगर से मयंक धीमान और दिल्ली से शिवम इंटरनेशनल म्यूजिकल ग्रुप ने भी अपनी मधुर प्रस्तुति दी ।

श्री श्याम परिवार सुखी संसार समिति द्वारा आयोजित भजन संध्या में शहर भर के समस्त श्याम प्रेमियों के साथ साथ आसपास के कस्बों व जिलों के श्याम प्रेमियों ने भी धर्म लाभ उठाया । भजन संध्या में ज्योति प्रज्वलन अमित चौधरी (वसुंधरा रेजिडेंसी) द्वारा किया गया एवं मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे उत्तर प्रदेश शासन में राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल , वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ममता अग्रवाल द्धजिला मंत्री भाजपात्र, अमरीश सिंघल (गणपति खाटू श्याम मंदिर), संजीव कमल (स्वस्तिक इंजीनियर्स), संजय मित्तल



(व्यापारी नेता) द्वारा समिति एवं सभी श्याम भक्तों को उत्सव की शुभकामनाएं दी गई ।समिति के संरक्षक राजीव गोयल (गुरुजी) ,भीमसेन कंसल (समाजसेवी) एवं प्रधान अमित गुप्ता द्वारा सभी को श्री श्याम गुणगान महोत्सव की शुभकामनाएं प्रेषित की गई, इस अवसर पर अमित गोयल, ललित बंसल, विवेक अग्रवाल, नवीन गर्ग, अमित गोयल (मोंटू), शशांक राणा, प्रियंक गर्ग, जे0 पी0 गोयल, अनिल गोयल, अमरीश सिंघल, विकास अग्रवाल (कन्नू), अशोक मालपानी, लोकेश गोयल, सुनीत मित्तल, गौरव गर्ग, गौरव जिंदल, अंकित अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, पराग अग्रवाल, अतुल गोयल, मुक. ेश गर्ग, रजत गोयल, अग्रिम सिंघल इत्यादि उपस्थित रहें।

# खानपुर में स्मार्ट मीटर उखाड़कर फेंके

**मंसूरपुर।** थाना क्षेत्र के गांव खानुपुर स्थित सुभाष कॉलोनी में सोमवार रात उस समय हंगामा खड़ा हो गया,जब कॉलोनी वासियों ने लगे हुए स्मार्ट मीटरों को उखाड़ फेंका। ग्रामीणों ने बिजली विभाग के कर्मचारियों पर मनमानी और जबरन मीटर लगाने का आरोप लगाया है।ग्रामीणों का कहना है कि वे दिन में खेतों पर काम करने चले जाते हैं,इसी दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी घरों में पहुंचकर बच्चों को डरा-धमकाकर स्मार्ट मीटर लगा जाते हैं।इसको लेकर कॉलोनीवासियों में भारी आक्रोश व्याप्त है।कुछ लोगों ने बताया कि उन्होंने हाल ही में 500 रुपये का रिचार्ज कराया था,लेकिन एक ही रात में उनके मोबाइल पर 2300 रुपये का बिल आने का मैसेज प्राप्त हुआ, जिससे लोग हैरान और परेशान हैं। सूचना पर लोकदल नेता भूपेंद्र राठी मौके पर पहुंचे और विद्युत विभाग को चेतावनी दी कि यहां पर कोई खिलवाड़ नही होगा। आरोप है कि पहले भी कई बार बिजलीघर पर शिकायत की लेकिन समस्या का समाधान नही हुआ।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# लक्ष्मीपुरा में कुए से मिला आईटीआई छात्र का जला हुआ शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** लक्ष्मीपुरा के जंगल में स्थित नलकूप के कुए में 18 वर्षीय एक युवक का जला हुआ शव पुलिस को मिला है। मृतक की पहचान गोविंद पुत्र सुखबीर के रूप मे हुई है। नलकूप मे शव मिलने के बाद क्षेत्र मे हडकम्प मच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुॅची और ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला। मृतक के परिजनों ने बताया कि गोविंद रात्रि मे ग्यारह बजे के आसपास घर से सोने के लिए घेर मे गया था। इसके बाद सुबह को घेर मे पशुओं के चारा डालने के लिये गये तो मृतक गोविंद नही मिला।मौहल्ले मे पूछताछ के बाद तलाश की गई तो कोई सुराग नही मिला। तभी इंद्र सिंह के खेत के पास धान की रूपाई करने वाले मजदूरो ने कुए मे शव देखकर गांव मे सूचना दी। इसके बाद मृतक की पहचान हो सकी। जानकारी मिलते ही सीओ कैराना हेंमंत कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुॅचें और परिजनों से बातचीत करते हुए जांच की गई।



चौसाना चौकी क्षैत्र के गांव लक्ष्मीपुरा में सुखबीर का बेटा गोविंद रोजाना की भांति अपने खेत मे सोने के लिए गया था। परिजनों ने बताया कि रात्रि मे करीब साढे ग्यारह घेर मे सोने के लिए गया। परिजन मंगलवार की सुबह करीब पॉच बजे जैसे ही पशुओं को चारा डालने पहुॅचें तो गोविंद मौके पर नही था। बरामदें में गोविंद की खाट बिछी थी और मच्व्छरदानी भी लगी। खाट के सिरहाने पर गोविंद का मोबाईल रखा था। सुबह के समय गोविंद के नही मिलने पर परिजनो ने तलाश की लेकिन कुछ पता नही लगा। इसके बाद सुबह करीब साढे आठ बजे के आसपास इंद्रसिंह के खेत के पास धान की रूपाई कर रहे किसानों ने शव को देखकर गांव मे लोगो को जानकारी दी। इसके बाद सुखबीर के परिवार ने शव को देखकर पहचान की। जिस पर घर मे कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही चौसाना पुलिस मौके पर पहुॅची और उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। सूचना पर सीओ कैराना हेमंत कुमार फोरेंसिंक टीम,एसओजी व सर्विलांस टीम के साथ मौके पर पहुॅचें और मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई। फोरेंसिक टीम ने शव को कुए से बाहर निकाला और शव का मुआयना करके शव का पंचनामा भरा गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक वीरेंन्द्र कसाना का कहना है कि घटना के प्रत्येक पहलू की जांच की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जायेगा। वही गोविंद की मौत से परिवार मे कोहराम मचा है। परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है।

### तीन बहनों का अकेला भाई था मृतक

**चौसाना।** परिजनो ने बताया कि मृतक गोविंद केएस डिग्री कॉलेज इस्सापुर सहारनपुर मे आईटीआई का छात्र था । मृतक की मौत से परिवार को गहरा सदमा लगा है। मृतक परिवार मे तीन बहनो का अकेला भाई था। मृतक के पिता सुखबीर सिंह रोते हुए बोले की घर का इकलौता चिराग खत्म हो गया,बस मुझे अब न्याय चाहिए।

### शव देखकर बेसुध हो गया पिता

**चौसाना।** जिस पर फोरेंसिक टीम ने गोविंद के शव को कुए से बाहर निकाला तो गोविंद का शव जला हुआ था। जिसे पिता सुखबीर ने देखा तो बेहोश हो गया। बताया गया है कि मृतक के पिता सुखबीर सिंह बेसिक शिक्षा विभाग मे शिक्षामित्र के पद पर चौसाना के प्राथमिक स्कूल मे पढाने का काम करते है। परिवार के पास डेढ बीघा की पैतृक सम्पत्ति है।

### शव को ठिकाने लगाने के लिए किया गया बंद पड़े कुए का इस्तेमाल

**चौसाना।** मृतक गोविंद का शव ऐसे कुए मे पडा मिला ,जिसका इस्तेमाल इंदर सिंह नही करता था। अनुमान लगाया जा रहा है कि गोविंद को पहले किसी ज्वलनशील पदार्थ का इस्तेमाल करके जलाया गया,जिस शव को ठिकाने लगाने के लिए बंद पडे कृए मे डाल दिया गया।

# स्कूली वाहनों की जांच में खुली पोल

**☐ जगह से अधिक बच्चों को भरकर ले जा रहे स्कूली वाहन।**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में स्कूली बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एआरटीओ द्वारा 1 अप्रैल से स्कूल वाहनों की जांच का विशेष अभियान शुरू किया गया। इस अभियान के तहत अब तक जिले के विभिन्न स्कूलों के लगभग 800 वाहनों की जांच की जा चुकी है। जांच के दौरान करीब 15 वाहनों में फिटनेस से जुड़ी खामियां पाई गई हैं, जो यह दर्शाती हैं कि कई वाहन निर्धारित मानकों पर खरे नहीं उतर रहे हैं।

जनपद में एक हजार से अधिक वाहन बच्चों को स्कूल लाने और ले जाने का कार्य करते हैं। ऐसे में अभी भी करीब सैकड़ों से अधिक वाहन जांच प्रक्रिया से बाहर हैं। यह स्थिति प्रशासनिक निगरानी की सीमाओं को उजागर करती है और सवाल उठाती है कि क्या सभी वाहनों की सही तरीके से जांच हो रही है या नहीं। जमीनी हकीकत कुछ और ही कहानी बयां करती है। कई वाहन चालक यातायात नियमों की खुलेआम अनदेखी कर रहे हैं। ड्राइवर की बगल वाली सीट पर दो या उससे अधिक बच्चों को बैठाकर वाहन चलाना आम बात हो गई है, जो किसी भी समय हादसे का कारण बन सकती है। इसके अलावा वाहनों के पीछे की सीटों पर भी क्षमता से अधिक बच्चों को बैठाया जा रहा है, जिससे बच्चों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ किया जा रहा है। सूत्रों की मानें तो जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता की कमी भी सामने आ रही है। आरोप है कि केवल उन्हीं वाहनों को फिटनेस जांच के लिए भेजा जाता है जो अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में होते हैं, जबकि पुराने और जर्जर वाहनों को जानबूझकर इस प्रक्रिया से दूर रखा जाता है। यही वाहन रोजाना बच्चों को उनके घरों तक पहुंचाते हैं, जिससे उनकी जान जोखिम में पड़ रही है। इस मामले ने अभिभावकों की चिंता को और बढ़ा दिया है। उनका कहना है कि प्रशासन को केवल औपचारिक जांच तक सीमित न रहकर जमीनी स्तर पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। सभी स्कूलों और वाहन संचालकों को नियमों का पालन सुनिश्चित करना होगा, साथ ही दोषी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई भी जरूरी है। यदि समय रहते इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

अभियान के दौरान जनपद के सभी स्कूलों के लगभग 800 वाहनों की चेकिंग की गई। जिसमें 15 वाहनों में कमियां पाई गई थी, जिसके लिए निर्देशित कर दिया गया था।

**रोहित राजपूत**
**एआरटीओ शामली**

## वार्षिकोत्सव पर निकाली प्रभात फेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** श्री रघुनाथ मंदिर सभा पंजाबी कॉलोनी के वार्षिक उत्सव के पावन अवसर पर सोमवार सवेरे भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ श्री रघुनाथ मंदिर परिसर से प्रारंभ होकर नगर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई सभा के उप-प्रधान राकेश परुथी के निवास स्थान पर पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विश्राम किया।

प्रभात फेरी के दौरान भक्तजन भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़े, जिससे पूरे वातावरण में धार्मिक आस्था और उल्लास का माहौल बना रहा। इस अवसर पर मंदिर सभा के प्रधान सुभाष चुग सहित अनेक गणमान्य सदस्य एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रभात फेरी का समाह के लोगों ने कई स्थानों पर फूलों से स्वागत किया।

## खोखरी नदी की खुदाई के दूसरे दिन दस जेसीबी मशीनों ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** चौसाना क्षैत्र के लक्ष्मीपुरा में विलुप्त हो चुकी खोखरी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए एनजीटी की सख्ती के बाद प्रशासनिक अमला सोमवार को जेसीबी मशीनों व पुलिसबल के साथ शामली-सहारनपुर की सीमा से लगते खेतो मे पहुॅचे थें और राजस्व टीम की मदद से कब्जाधारियों के खेतो मे निशानदेही करके खुदाई का कार्य शुरू किया गया था। खुदाई कार्य के दूसरे दिन प्रशासन ने संशाधनों को बढाकर खुदाई के कार्य मे तेजी दिखाई। दूसरे दिन दस से अधिक जेसीबी मशीनें खेतो मे नदी की खुदाई के कार्य मे लगी मिली। जिसकी निगरानी के लिए पंचायत सचिव अनुज कुमार व राजीव कुमार अपने सहायको के साथ मौके पर बने रहे। बताया गया कि पॉच सौ मीटर से अधिक के क्षैत्र मे खुदाई करके नदी की सफाई का कार्य किया गया। आगामी 3-5 दिनों मे बारह सो मीटर की विलुप्त नदी का रास्ता साफ हो सकेगा।

### अधिकारियों की रोक के बाद भी ट्रालियों मे भरकर जाती रही मिटटी

**चौसाना।** खुदाई कार्य शुरू होने के दौरान एसडीएम व सीडीओ द्वारा मिटटी को उठाकर बेचने व अन्य स्थानो पर गिराने के लिये रोक लगाई थी। लेकिन दूसरे दिन एसडीएम की गैर मौजूदगी में पॉच टैक्टर-ट्राली मिटटी से भरकर दिन भर जाती रही। लोगो मे चर्चा है कि मिटटी को बेचा जा रहा है। वही सचिव अनुज व राजीव कुमार का कहना है कि बल्लामाजरा में टंकी के खुदाई वाले स्थानो पर डाली जा रही है। नीजि कार्यो के लिए मिटटी नही उठाई जायेगी।

# पुलिस ने तीस लाख के 128 मोबाइल वापस लौटाए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली पुलिस ने आम नागरिकों के खोए हुए मोबाइल फोन को बरामद करने में एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन में सर्विलांस सेल और थाना पुलिस द्वारा संचालित अभियान के तहत सीएसआईआर पोर्टल के माध्यम से अलग-अलग कंपनियों के कुल 128 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई जा रही है।



मंगलवार को पुलिस लाईन में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी एनपी सिंह ने बताया कि तकनीकी निगरानी और सीएसआईआर पोर्टल पर प्राप्त सूचनाओं के आधार पर इन मोबाइल फोनों को ट्रेस किया गया। इसके बाद संबंधित मोबाइल धारकों से संपर्क स्थापित कर उन्हें पुलिस कार्यालय बुलाया गया, जहां उनके मोबाइल फोन सुपुर्द किए गए। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर नागरिकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी और उन्होंने पुलिस के इस प्रयास की सराहना की। इस अभियान में सर्विलांस सेल के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। टीम ने कड़ी मेहनत और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन को ट्रैक कर बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने टीम के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों को राहत मिल सके। एसपी एनपी सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम या चोरी हो जाता है, तो वह तुरंत अपने नजदीकी थाना या साइबर सेल में इसकी सूचना दें। साथ ही सीएसआई पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराएं।

शिकायत करते समय मोबाइल की खरीद रसीद, पहचान पत्र और अन्य आवश्यक विवरण देना अनिवार्य होता है। शिकायत दर्ज होने के बाद एक रिक्वेस्ट नंबर प्रदान किया जाता है, जिससे आगे की स्थिति की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। पुलिस ने यह भी बताया कि यदि भविष्य में उस मोबाइल फोन का कहीं उपयोग किया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति को मैसेज के माध्यम से सूचना दी जाती है, जिससे मोबाइल को ट्रैक कर बरामद करने में सहायता मिलती है। शामली पुलिस की इस कार्रवाई ने आम जनता में विश्वास को और मजबूत किया है और यह संदेश दिया है कि तकनीक के सही उपयोग से अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

# जन कल्याण ट्रस्ट ने सिखाया योग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनकल्याण योग सेवा ट्रस्ट शामली के तत्वाधान में भूमिया खेड़ा में स्थित रोजाना निशुल्क योग सिखाया जाता है। जनकल्याण योग सेवा ट्रस्ट शामली के अध्यक्ष अशोक कोरियर ने सभी साथियों से अनुरोध करते हुए कहा कि आजकल गर्मी बहुत हो रही हैं। बेजुबान पशुओं, पक्षियों पर हमें दया का भाव रखना चाहिए। क्योंकि गाय,बछड़े व अन्य पशु- पक्षी हमारे लिए पूजनीय हैं। इनके लिए यथा संभव घास, पानी का इंतजाम करे, पक्षियों हेतु अपने मकान के ऊपर पानी व दाना रखे बहुत पुण्य का कार्य है।




उन्होंने कहा- योग नियमित रूप से करने से शारीरिक लचीलापन, मजबूती और ऊर्जा बढ़ती है, जबकि मानसिक रूप से यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम कर मन को शांत करता है। यह बेहतर पाचन, हृदय स्वास्थ्य, रोग प्रतिरोधक क्षमता और गहरी नींद में सहायक है, जिससे एक स्वस्थ जीवन शैली मिलती है सुनीत गुप्ता ने कहा योग करने वाले मनुष्य को योग से प्रमुख लाभ मिलते हैं जैसे शारीरिक स्वास्थ्यरू मांसपेशियों की ताकत, जोड़ों का स्वास्थ्य और शरीर का लचीलापन बढ़ता है।मानसिक शांतिरू तनाव, अवसाद और चिंता को कम करने में मदद करता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है, नियमित अभ्यास से शरीर की इम्युनिटी मजबूत होती है और बीमारियों से बचाव होता है। हृदय और चयापचयरू उच्च रक्तचाप और कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित कर हृदय स्वास्थ्य में सुधार करता है। योग न केवल शरीर के लिए, बल्कि मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने का एक समग्र तरीका है। इस अवसर पर अशोक करियर, सुनीत गुप्ता, देशपाल , डा. नरेश, महिपाल, राजकुमार, अरविंद, कौशिक, रामकुमार, पंकज, शिवकुमार, मनोज, नामदेव, अमन, रुपेश, संजय, रेखा देवी, अंगूरी देवी, मंजू देवी, स्वाति आदि मौजूद रहे।

## आशु हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस मुठभेड़ में लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी 24 वर्षीय आशु पुत्र वीरेंद्र की विगत शुक्रवार शाम गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आशु शामली से बाइक पर सवार होकर अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह गांव के निकट दिल्ली-सहारनपुर रोड पर पहुंचा, बदमाशों ने उसे गोली मार दी और मौके से फरार हो गए। शुरुआत में पुलिस और परिजनों ने घटना को सड़क हादसा मानते हुए शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था, लेकिन पीएम रिपोर्ट में गोली लगने की पुष्टि होने पर मामले का खुलासा हुआ। इसके बाद परिजनों ने चौकी के सामने हंगामा करते हुए हत्याकांड के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की थी। पुलिस ने कुछ ही घंटों में मामले का खुलासा करते हुए आरोपी आकाश निवासी शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया था। रंजिश के चलते शंकर ने आकाश के साथ मिलकर आशु की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने आकाश के कब्जे से तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद कर उसे जेल भेज दिया था, जबकि मुख्य आरोपी शंकर फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। मंगलवार को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी शंकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया। आरोप है कि खुद को घिरता देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैर में लग गई और वह घायल होकर गिर पड़ा। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तमंचा, कारतूस और मोटरसाइकिल बरामद कर ली। घायल बदमाश को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## बारिश में डूबा शहर बना तालाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के प्रमुख बाजारों विजय चौक, अजंता चौक, कलंदर शाह, पंसारी बाजार, कबाड़ी बाजार, नौ कुआं और नेहरू मार्केट में हल्की सी बारिश ने ही नगर पालिका की तैयारियों की पोल खोल दी। जैसे ही बारिश हुई, इन इलाकों की सड़कों और नालों का हाल बदतर हो गया और पूरा क्षेत्र तालाब जैसा नजर आने लगा।

जलभराव के कारण न केवल राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा, बल्कि दुकानदारों का कारोबार भी बुरी तरह प्रभावित हुआ। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल बरसात के मौसम में यही स्थिति देखने को मिलती है, लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया जाता। नालों की नियमित सफाई न होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो जाती है।

## एक नजर

### 7 को शामली आएंगी महिला आयोग सदस्या

**शामली।** मनीषा अहलावत सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में महिला जनसुनवाई होगी। उप्र राज्य महिला आयोग द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाए जाने तथा महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने के उद्देश्य से आवेदक/आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टिगत से प्रदेश के विभिन्न जनपदों में महिला से संबंधित विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं विषयक जागरूकता चौपाल एवं महिला जनसुनवाई कराई जानी है। उक्त के क्रम में माह मई में जनपद में 07 मई को मध्यान्ह 12-00 बजे नवीन कलेक्ट्रेट सभागार में मनीषा अहलावत, सदस्य, उप्र राज्य महिला आयोग, महिला जनसुनवाई करेगी। उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग, को महिलाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत करा सकते हैं जिसका मौके पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

### बसपा समर्थकों ने मंडल प्रभारी का फूंका पुतला

**शामली।** मंगलवार को कस्बा बनत स्थित रविदास मंदिर के निकट बसपा समर्थक दर्जनों नवयुवक और कार्यकर्ता एकत्रित हुए। जहां उन्होने जमकर नारेबाजी की और बसपा के सहारनपुर मंडल प्रभारी नरेश गौतम का पुतला दहन किया। उन्होने बताया कि मंडल प्रभारी द्वारा कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की अनदेखी की जा रही है। जिससे पार्टी कमजोर हो रही है। जब तक संबंधित पदाधिकारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं होती, उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने मांग की कि कार्यकर्ताओं के हो रहे उत्पीडन के पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और जमीनी कार्यकर्ताओं से संवाद कर संगठन को मजबूत किया जाए। साथ ही उन्होंने पार्टी नेतृत्व तक अपनी बात पहुंचाने की भी मांग की। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारेबाजी भी की। इस मौके पर विपिन, मोनू, आजाद, विशाल, पंकज, कपिल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### गन्ने की ट्रॉली भरने से मना करने पर गूंगे मजदूर से मारपीट

**कांधला।** जनपद बागपत के थाना रमाला क्षेत्र के गांव असारा निवासी सकील अपने परिवार के साथ कांधला स्थित एक ईंट भटे पर मजदूरी करता है। उसका भाई शौकीन भी वहीं कार्य करता है। बताया गया कि शौकीन किसी काम से कस्बे के बस स्टैंड की ओर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में गन्ने के खेत में काम कर रहे कस्बा निवासी एक किसान ने उसे बुलाकर गन्ने की ट्रॉली भरने के लिए कहा।पीड़ित के मना करने पर किसान ने गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। घटना के बाद पीड़ित अपने परिजनों के साथ थाने पहुंचा और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### शिक्षामित्र सम्मान को लेकर कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शामली।** शिक्षामित्र सम्मान एवं बढे हुए मानदेय वितरण हेतु जनपद स्तर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन जिला पंचायत रिसोर्स सेन्टर,हॉल में किया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम का आयोजन जनपद गोरखपुर स्थित गुरु गोरक्षनाथ प्रेक्षागृह में किया गया,जहां से माद्द मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। उपस्थित जनसमूह ने संबोधन को उत्साहपूर्वक देखा एवं सुना। जनपद स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टाल छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा लगाए गए,जिनमें नवाचार एवं उपलब्धियों का प्रभावी प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान परिषदीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में एमएलसी वीरेन्द्र सिह, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ अली एवं आलोक यादव, जिलाधिकारी शामली, एवं लता राठौर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शामली, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त जिला समन्वयक, एसआरजी एवं एआरपी, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षकों गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। आयोजित कार्यक्रम में माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा शिक्षा मित्रों को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके बढ़े हुए मानदेय का प्रतीकात्मक चेक वितरण भी किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एमएलसी वीरेन्द्र सिह, शामली विधायक प्रसन्न चौधरी, थानाभवन विधायक अशरफ़ अली द्वारा अपने संबोधन में समस्त शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए बेसिक शिक्षा विभाग की नीव को मजबूत करे हेतु समस्त शिक्षामित्रों को पूर्ण मनोयोग से कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। अन्त में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शामली द्वारा सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### अवधूत शिरोमणि बाबा हीरादास महाराज की 111वीं पुण्य स्मृति मनाई

**थानाभवन।** नगर स्थित पावन आश्रम में अवधूत शिरोमणि बाबा हीरादास जी महाराज की 111वीं एवं स्वामी हरिदेव जी महाराज की 20वीं पुण्य स्मृति के उपलक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय भव्य धार्मिक आयोजन श्रद्धा भक्ति और सनातन चेतना के वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन में दूर-दराज क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने संतों के दिव्य प्रवचनों का श्रवण कर धर्म, राष्ट्र और मानवता के प्रति जागरूकता का संदेश ग्रहण किया। पूरे आयोजन के दौरान आश्रम परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।कार्यक्रम के मुख्य महंत स्वामी रामदेव महाराज ने अपने ओजस्वी प्रवचन में कहा कि भगवान केवल सच्चे भाव और प्रेम के भूखे होते हैं। उन्होंने माता शबरी और विदुराणी के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कहा कि निष्कपट प्रेम और भक्ति से किया गया। पश्चिम बंगाल के हालिया राजनीतिक परिदृश्य का उल्लेख करते हुए कहा कि वहां सनातन और हिंदू समाज के लोगों ने जागरूकता और एकता का परिचय देकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया है। जगन्नाथ धाम हरिद्वार से पधारे महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास महाराज ने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे और सामाजिक बुराइयों से दूर रखकर धर्म और संस्कारों से जोड़ना समय कीआवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति केवल पूजा-पाठ नहीं बल्कि राष्ट्रभक्ति, सेवा और मानव कल्याण का मार्ग भी सिखाती है।उन्होंने आश्रम पंच तीर्थ की महिमा बताते हुए कहा कि यह स्थान देशभर के श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है और यहां श्रद्धा से मांगी गई मन्नतें पूर्ण होती हैं। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी शिव प्रेमानंद महाराज, महंत स्वामी हसदेव महाराज, स्वामी रामनरेश महाराज तथा स्वामी श्यामदास महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं ने भी श्रद्धालुओं को धर्म, संस्कार और सनातन के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

**सूचना**

**दैनिक शाहटाइम्स में जनपद शामली के कस्बा कैराना, कांधला, ऊन, झिंझाना, थानाभवन, जलालाबाद, गढ़ीपुख्ता, बनत व एलम में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति को वरियता दी जाएगी।**

**शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

**सुनील वर्मा**
**( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )**
**मो. 8630354443, 9897943340**
**कार्यालय पताः- ओम प्लाजा मार्केटऊपरी मंजिल, निकट इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली**

# डीएम ने जिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** सिटी स्कैन के नाम पर रूपए मांगने की शिकायत को लेकर मंगलवार को डीएम आलोक यादव ने प्रात: 8 बजे जिला संयुक्त चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पंजीकरण काउंटर, मेडिसिन एवं डिस्पेंसरी स्टोर, समस्त ओपीडी, सीटी स्कैन, इमरजेंसी, अल्ट्रासाउंड, निर्माणाधीन ऑपरेशन थियेटर, महिला व पुरुष वार्ड तथा पैथोलॉजी लैब का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होने फाईले पूरी न मिलने पर नाराजगी जाहिर की और व्यावस्थाओं को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा किसी भी सुविधा के नाम पर पैसे मांगने की शिकायत मिलने पर कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई।





मंगलवार को डीएम आलोक यादव ने निरीक्षण के दौरान जहां-जहां कमियां पाई गई, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए। जिला. धिकारी ने मेडिसिन स्टोर व डिस्पेंसरी कक्ष में चेकलिस्ट के आधार पर दवाइयों की उपलब्धता का बारीकी से परीक्षण किया और निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की एक्सपायरी दवा पाए जाने पर उसे निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार निस्तारित किया जाए। डीएम ने अस्पताल में उपचार कराने आए मरीजों से बातचीत कर सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने मरीजों से पूछा कि अल्ट्रासाउंड या एक्स-रे के लिए कोई अवैध धनराशि तो नहीं मांगी जाती। इस पर मरीजों ने बताया कि उन्हें समय पर इलाज मिल रहा है और किसी प्रकार की अवैध मांग नहीं की जाती। सीटी स्कैन विभाग में तैनात स्टाफ को निर्देशित किया गया कि मरीजों के साथ सौम्य व्यवहार रखें और किसी को असु. विधा न हो। वहीं निर्माणाधीन ओटी का निरीक्षण करते हुए कार्यदायी संस्था को मानकों के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। पैथोलॉजी लैब में सैंपल लेने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और भीड़ को लाइन में व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए गए। डीएम ने सीएमएस को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह-शाम अस्पताल का निरीक्षण करें और सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अस्पताल में सभी कार्य निर्धारित एसओपी के अनुसार ही किए जाएं, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. अनिल कुमार, सीएमएस डॉ. किशोर आहुजा सहित अन्य चिकित्सकीय स्टाफ उपस्थित रहा।

## ज्येष्ठ माह के पहले मंगल को श्रद्धालुओं की उमड़ी भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ज्येष्ठ माह के पहले बड़े मंगल के अवसर पर नगर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर में भक्तों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया, जो देर शाम तक लगातार जारी रहा। श्रद्धालुओं ने हनुमान चालीसा पढी और श्री हनुमान से परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

मंगलवार को ज्येष्ठ माह के पहले बडे मंगलवार को नगर के श्री मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर विशेष पूजा अर्चना की गई। सवेरे से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर शाम तक जारी रहा। श्रद्धालुओं ने श्री हनुमान के दर्शन कर प्रसाद अर्पित किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्तिमय माहौल बना रहा। देर शाम हनुमान धाम में विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया गया। इसके पश्चात हनुमान चालीसा का पाठ हुआ तथा भव्य महाआरती की गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर प्रधान सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, पुनीत द्विवेदी, रमेश दीवान, मयंक, राहुल आदि मौजूद रहे।

# आजाद अधिकार सेना ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रसोई गैस की कमी, आपूर्ति बाधा, लंबी वेटिंग और कालाबाजारी जैसी समस्याओं को लेकर आजाद अधिकार सेना पार्टी ने तहसील परिसर में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान जिलापूर्ति अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा गया।



कार्यक्रम का नेतृत्व पार्टी के प्रदेश महासचिव विनोद कुमार गौत्रा ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में देशभर में रसोई गैस को लेकर गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। गैस की भारी कमी, आपूर्ति में बाधा, लंबी प्रतीक्षा सूची और कालाबाजारी के कारण आम नागरिकों में असुरक्षा और पैनिक की स्थिति बनी हुई है। साथ ही कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृद्धि भी चिंता का विषय है। बताया गया कि मई 2026 में 19 किलोग्राम के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत में 933 रुपये तथा 5 किलोग्राम के छोटे सिलेंडर में 261 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि योजना निर्माण में दूरदर्शिता का अभाव, बफर स्टॉक और बुनियादी ढांचे की कमी, वैकल्पिक व्यवस्था न होना और पारदर्शिता की कमी जैसी खामियां सामने आई हैं। आजाद अधिकार सेना ने केंद्र सरकार से मांग की कि इस पूरे प्रकरण परश्वेत पत्र जारी किया जाए, सर्वदलीय समिति गठित कर समस्या का समाधान निकाला जाए, रसोई गैस की आपूर्ति शीघ्र सुचारू की जाए, कालाबाजारी पर सख्त रोक लगाई जाए तथा गैस सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि रोकी जाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ओमबीर, मुस्लिम प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष यूनिस, जिला संगठन मंत्री मुकेश कुमार मौजूद रहे।

# बोर्ड बैठक में स्वकर प्रणाली पर फिर हुआ हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर पंचायत थानाभवन बोर्ड बैठक में स्वकर (गृहकर) प्रणाली को लेकर एक बार फिर जोरदार हंगामा देखने को मिला। बैठक के दौरान सभासदों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और कई बार माहौल तनावपूर्ण हो गया। नामित सभासदों ने अधिशासी अधिकारी का विरोध करते हुए पूर्व में लागू गृहकर प्रणाली के प्रमाण प्रस्तुत करने की मांग उठाई लेकिन स्पष्ट जवाब न मिलने पर असंतोष जताया। बैठक में महिला सभासदों ने नगर में पिछले करीब 10 महीनों से ठप पड़े विकास कार्यों का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने साफ-सफाई नालियों की मरम्मत और सड़कों की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए इन कार्यों को जल्द शुरू कराने की मांग की। वहीं सभासद नीरज गोयल ने गृहकर को पूरी तरह माफ करने और जलकर को सरकार की निर्धारित दरों पर वसूलने का प्रस्ताव रखा।

इस पर सभासद अंशुल गर्ग सहित अन्य सदस्यों ने विरोध जताते हुए गृहकर को समाप्त करने के बजाय उसमें कमी करते हुए लागू करने की बात कही। लंबी बहस के बाद यह सहमति बनी कि अब गृहकर की गणना वर्ग मीटर के बजाय वर्ग फुट के आधार पर की जाएगी। साथ ही नई दरों में संशोधन करते हुए पक्के मकानों पर 9 मीटर सड़क तक 60 पैसे से घटाकर 10 पैसे, 9 से 12 मीटर सड़क पर 75 पैसे से 12 पैसे, 12 से 24 मीटर सड़क पर 90 पैसे से 20 पैसे और 24 मीटर से अधिक सड़क पर 1.10 रुपये से घटाकर 30 पैसे प्रति वर्ग फुट निर्धारित किया गया है। अन्य भवनों और खाली प्लॉटों पर भी इसी प्रकार दरें तय की गई हैं।अधिशासी अधिकारी ने प्रस्ताव को पढ़कर सुनाया जिसके बाद इसे पारित करने की प्रक्रिया शुरू की गई। साथ ही निर्णय लिया गया कि प्रस्ताव को समाचार पत्रों में प्रकाशित कर आम जनता से 15 दिनों के भीतर आपत्तियां मांगी जाएंगी। आपत्तियों के निस्तारण के बाद प्रस्ताव को अंतिम रूप देकर लागू किया जाएगा।बैठक के दौरान अनुशासनहीनता भी देखने को मिली। कुछ सभासद और अधिकारी बार-बार मोबाइल फोन में व्यस्त नजर आए और बीच-बीच में बैठक छोड़कर बाहर जाते रहे। नामित सभासद बिट्टू प्रजापति द्वारा पूर्व कर प्रस्ताव की प्रमाणित प्रति मांगे जाने पर अधिशासी अधिकारी संतोषजनक जवाब नहीं दे सके जिससे विवाद और गहरा गया। वही चेयरमैन पति हाज़ी राव जमशेद ने कहा कि पूर्व में लगाया गया स्वकर जिसको लेकर जनता विरोध कर रही थी वह अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा का था। सत्ता पक्ष द्वारा नामित सभासद बिट्टू प्रजापति द्वारा किए सवालों के चलते अधिशासी अधिकारी कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। दूसरी ओर सभासद अंशुल गर्ग एडवोकेट द्वारा नए मानक के अनुरूप लगाई जाने की मांग की। जिस पर पूरे बोर्ड ने सहमति जताई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा मुशय्यदा राव, अधिशासी अधिकारी जितेंद्र राणा, लिपिक संजय कुमार, सभासद अंशुल गर्ग एडवोकेट, देवेंद्र पंडित, दिनेश कुमार, बॉबी अरोड़ा, बिट्टू प्रजा. पति, नीरज गोयल, आबाद ज़ैदी, अनिल कुमार, अशोक चावला, सुशील कुमार, राजवीर, मेहबूब अली, दीपांशु कुमार, अनिता सैनी, अर्चना सैनी, प्रवीण बेगम, इरम नाज, मंजू पाल, आदि मौजूद रहे।



# इफको ने ऊन में चलाया मृदा परीक्षण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद के ब्लॉक ऊन के ग्राम-दथेडा में इफको के अधिकारियों द्वारा नि शुल्क मृदा परीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें किसानों को मृदा परीक्षण के लिए नमूना लेने के तरीके को समझाया गया। मृदा परीक्षण करने से मृदा में पोषक तत्वों की कमी को जान कर, किसान मृदा में उन्हीं पोषक तत्वों का प्रयोग करके अच्छी फसल ले सकता है। जिससे किसान की फसल में लागत कम ओर फसल उत्पादन अच्छा होगा। किसान भाइयों को मृदा स्वास्थ्य के महत्व को समझाया गया ओर पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों के प्रयोग को कम कर, नैनो उर्वरकों के प्रयोग करने की सलाह दी जिससे मृदा की उर्वरता और उत्पादन क्षमता दोनों बनी रहे। इफको के क्षेत्र प्रबंधक विवेक सिंह जी के द्वारा किसानों को संबोधित करते हुए नैनो उर्वरकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई और साथ में ही आगामी फसल धान के लिए नैनो डीएपी व जैविक कंसोर्टियां की क्रमश: 10-10 उस प्रति लीटर पानी के हिसाब से एक ड्रम में घोल बनाकर, उस घोल में धान की पौध को जड उपचार के लिए 25 से 30 मिनट के लिए रख दे। जिससे पौध की जड़ फास्फोरस का अवशोषण कर ले, उसके बाद पौध को बाहर निकाल कर खेत में लगा दे, गन्ने की पेड़ी में नैनो डीएपी की व सागरिका की का घोल बनाक 1 एकड़ गन्ने की पेड़ी में छिड़काव कर दे, ओर किसानों को अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी दी। इफको शिवम शर्मा ने किसानों को जैविक कंसोर्टियां व सागरिका के बारे मैं किसानों को विस्तार से बताया। सभा में कपिल कुमार व शिवम शर्मा उपस्थित रहे। किसान सभा में दथेडा समिति के चेयरमैन गौरव कुमार,गांव के 50 उन्नतशील किसान उपस्थित रहे।




# लोक अदालत को लेकर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को लेकर मंगलवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैराना-शामली में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में 9 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों के निस्तारण को लेकर रणनीति तय की गई।

बैठक की अध्यक्षता नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत एवं अपर सत्र न्यायाधीश (त्वरित न्यायालय) ऋतु नागर ने की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से लंबित मामलों का त्वरित और आपसी सहमति से निस्तारण कर लोगों को राहत पहुंचाई जाती है। ऐसे में सभी विभाग पूरी गंभीरता के साथ लंबित प्रकरणों को चिन्हित कर उनके निस्तारण की प्रक्रिया तेज करें।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अक्षयदीप यादव सहित शिक्षा विभाग, अग्निशमन विभाग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, जीएसटी, सहकारी समिति और कर विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श करते हुए राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की गई। संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए कि वे अधिक से अधिक लंबित मामलों को अंतिम रूप से निस्तारित कर राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सक्रिय योगदान दें। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि अपने-अपने विभागों से जुड़े मामलों के त्वरित निस्तारण के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा, ताकि 9 मई को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत आमजन के लिए अधिक लाभकारी साबित हो सके।

# वांछित चल रहे 5 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** युवती के साथ दुष्कर्म करने एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को पुलिस ने धर दबोचा है। इसके अलावा पुलिस ने बंद मकान से चोरी करने व मारपीट करने के मामले में वांछित चल रहे चार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। सभी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

क्षेत्र के गांव कुलसठ निवासी आशीष पर एक युवक ने उसकी बहन के साथ दुष्कर्म करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। घटना के बाद से ही आरा. पी फरार चल रहा था।

पुलिस ने बीएनएस की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस की कई टीमें आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए लगाई थी। जिसके चलते मंगलवार को कासिमपुरा रेलवे क्रासिंग के निकट से आरोपी आशीष को गिरफ्तार कर लिया गया।

वहीं, बीती एक मई को रहमत कॉलोनी निवासी अकरम के घर हुई चोरी के मामले में फरार चल रहे आरोपी शाहरुख निवासी मोहल्ला शाहरम्जुउद्दीन को भी पुलिस ने कासिमपुरा मालगाड़ी रेलवे लाइन के निकट से गिरफ्तार किया है। इनके अलावा गांव कुलसठ में हुई मारपीट के मामले में फरार चल रहे आरोपी पदम निवासी गांव लच्छीपुर उर्फ इस्सरपुर, प्रविंद्र और सोमिंद्र को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कोतवाल रोजंत त्यागी ने बताया कि पकड़े गए सभी आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## मारपीट के आरोप में तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** शराब ठेके के सेल्समैन के साथ मारपीट करने के मामले में पुलिस ने लच्छीपुर उर्फ इस्सरपुर गांव निवासी पदम, परविंद्र और सोमिंद्र को गिरफ्तार किया है। कुलसत गांव निवासी रजत त्यागी ने पुलिस को तहरीर देकर तीनों आरोपियों पर ठेके के सेल्समैन के साथ गाली गलौज करने और विरोध करने पर लाठी डंडों से मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया था। प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए बनाया जा रहा वाटरप्रूफ पंडाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सात मई को देवबंद दौरे को लेकर तैयारियां चरम पर है। मंगलवार को भी पूरा अमला व्यवस्थाएं बनाने में जुटा रहा। जिले के आला अधिकारियों ने भी राज्यमंत्री बृजेश सिंह के साथ सभा स्थल का निरीक्षण किया।

सात मई को मुख्यमंत्री के देवबंद आगमन को लेकर दिन रात तैयारी चल रही है। सहारनपुर मुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे स्थित सिल्वर पैराडाइज के निकट मैदान में वाटरप्रूफ पंडाल तैयार किया जा रहा है, जिसका आधे से ज्यादा कार्य हो चुका है। मुख्यमंत्री अपने देवबंद दौरे के दौरान प्राचीन शक्तिपीठ श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर में दर्शन के लिए जा सकते है, इसके लिए मंदिर मार्ग में सफाई कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। मंडी समिति प्रांगण को वाहनों की पार्किंग के लिए चयनित किया गया है। इसके अलावा स्टेट हाइवे पर खाली पड़े प्लाटों को पार्किंग के लिए तैयार किया जा रहा है। सिल्वर पैराडाइज में हेलीपैड तैयार करने का कार्य शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में सहारनपुर ही नहीं बल्कि आसपास के जनपदों के बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना के मद्देनजर व्यवस्थाएं बनाई जा रही है। सीएम के दौरे को लेकर अधिकारी देवबंद में डेरा डाले है और खुफिया विभाग चौकन्ना है।



मंगलवार को डीआईजी अभिषेक सिंह, जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन, पुलिस अधीक्षक ग्रमीण मयंक पाठक, उपजिलाधिकारी युवराज सिंह समेत अन्य विभागों के अधिकारी सभा स्थल पर डटे रहे और तैयारियों का जायजा लेते हुए अधीनस्थों को निर्देश दिए। राज्यमंत्री बृजेश सिंह ने बताया कि बुधवार को सभी तैयारियां पूर्ण कर ली जाएगी। मुख्यमंत्री जनसभा करने के साथ ही जिले की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे।

## अमृत कथा एवं ज्ञान सप्ताह कार्यक्रम को दिया विराम

**देवबन्द।** महामल देवता मंदिर में चल रही संत गुरु रविदास महाराज की अमृत कथा एवं ज्ञान सप्ताह कार्यक्रम को मंगलवार को विराम दिया गया। रविदास मार्ग स्थित मंदिर परिसर में कथाव्यास कपिल गोडिया ने कहा कि संत गुरु रविदास महाराज का जीवन मानवता की सेवा का सर्वोच्च उदाहरण है। कहा कि हमें अपने बच्चों को संत महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलने की प्रेरणा देनी चाहिए। भगवान गौतम बुद्ध, अशोक सम्राट, महात्मा ज्योतिबाराव फुले, सावित्रीबाई फुले और डॉ. भीमराव आंबेडकर के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता है। संयोजक उमेश जाटव, पूर्व सभासद राजकुमार जाटव, मास्टर यशपाल सिंह, प्रवीण जाटव, अमित जाटव, नितिन जाटव, वेदप्रकाश जाटव, अमरदीप पुरोहित, नरेंद्र, निखिल आदि शामिल रहे।

# कृषकों ने की रिकॉर्ड दुरुस्त कराने की मांग

**देवबन्द।** क्षेत्र के कृषकों ने संबंधित चकबंदी विभाग पर जमीनों को खुर्द-बुर्द करने का आरोप लगाया है। अधिकारियों ने कृषकों को आश्वासन दिया है कि रिकॉर्ड मालखाने में जमा करा दिए गए हैं, जिस किसी का भी प्रार्थना पत्र मिल रहा है रिकॉर्ड चेक कर उसको दुरुस्त कराया जा रहा है।

क्षेत्र के किसान मोहल्ला पठानपुरा स्थित चकबंदी कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों से मिलकर रिकॉर्ड दुरुस्त कराने की मांग की। किसान राहुल, साजिद, जगदेश्वर, शिबली, कुरबान, रिजवान, आसिफ और मुशाहिद आदि ने आरोप लगाया कि पिछले करीब 40 वर्षों से चकबंदी विभाग किसानों की जमीनों को खुर्द-बुर्द कर रहा है। जिसे दुरुस्त कराने के लिए वह हर दिन चकबंदी विभाग के चक्कर काट रहे हैं। आरोप यह भी है कि साठगांठ के चलते नक्शा 45 का विवरण फर्जी तौर पर दिखाया गया है और सार्वजनिक तौर पर गांवों में नक्शे 45 बांटे नहीं गए। किसानों ने यह आरोप भी लगाया कि अनेक किसानों के चक फाइनल रिकॉर्ड में नक्शा 23 के विरुद्ध दूसरी जगहों पर दर्शा दिए गए हैं। जबकि कुछ किसानों के चकों में अलॉटेड भूमि के रकबे से कम करके फाइनल रिकॉर्ड बना दिए गए हैं। किसानों ने बताया कि चकबंदी अधिकारियों ने उन्हें आश्वासन दिया है कि प्रार्थना पत्र मिलने पर सभी रिकॉर्ड दुरुस्त किए जा रहे हैं।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हुआ हत्या का खुलासा

**देवबन्द।** ईंट भट्ठे के मुंशी पिंटू प्रजापति की हत्या गला दबाकर की गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। हत्या के पीछे कौन है और क्या कारण है, पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। शक की बुनियाद पर पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया हुआ है।

बता दें, कि 29 अप्रैल से गायब जनपद मुजफ्फरनगर के कस्बा चरथावल के गांव कुटेसरा निवासी पिंटू प्रजापति उर्फ मन्नू (22) का शव आखलौर खेड़ी के जंगल में पड़ा मिला था। परिजन शुरु से ही उसकी हत्या की आशंका जता रहे थे। मंगलवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या करना आया है। पुलिस के मुताबिक पिंटू की हत्या के पीछे क्या वजह है पुलिस इसकी जांच में जुटी है। बताया कि तीन संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जबकि खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमों को काम पर लगाया गया है। पुलिस हर बिंदू की बारीकी से जांच कर रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही इसका खुलासा किया जाएगा।

# कुत्तों के हमले में बुजुर्ग गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** क्षेत्र में आवारा जानवरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीती देर शाम एक आम के बाग में रखवाली कर रहे बुजुर्ग पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके से गुजर रहे राहगीरों ने शोर सुनकर किसी तरह वृद्ध को कुत्तों के चंगुल से बचाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम मेघपुर निवासी 75 वर्षीय जहीरूद्दीन पुत्र नूर मौहम्मद ग्राम शिवपुरी के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित मेहंदी हसन के आम के बाग में रखवाली कर रहे थे। इसी दौरान अचानक कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया और उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया।

बुजुर्ग की चीख-पुकार सुनकर आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने कुत्तों को भगाया और उनकी जान बचाई। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को तत्काल सीएचसी अफजलगढ़ में भर्ती कराया। डा. मोहित कुमार और फार्मासिस्ट मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि कुत्ते के काटने से घायल जहीरूद्दीन को एंटी-रेबीज इंजेक्शन देकर प्राथमिक उपचार किया गया। करीब दो घंटे तक निगरानी में रखने के बाद उनकी हालत स्थिर होने पर उन्हें घर भेज दिया गया।

### सम्बंध विच्छेद

मेरा पुत्र मुर्तजा व पुत्रवधु बुशरा मेरे कहने सुनने में नहीं है तंग व परेशान होकर मैंने इन दोनों से संबंध विच्छेद कर लिया और अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया भविष्य में इन दोनों किसी भी कार्य के लिए मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

फैय्याज पुत्र सलमुददीन
मोह गुजरवाड़ा देवबंद सहारनपुर

# फायरिंग कर भागता वांछित मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस पर फायरिंग कर भाग रहे एक वांछित आरोपी को मुठभेड़ में घायल कर गिरफ्तार कर लिया गया। घटना के बाद इलाके में सुरक्षा व्यवस्था और चौकसी बढ़ा दी गई है।

मंगलवार को थाना प्रभारी प्रवेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में सरसावा पुलिस रायपुर रोड पर संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पुलिस को देखकर अचानक भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किए जाने पर भी वह नहीं रुका और एमटीएस स्कूल के पीछे स्थित आम के बाग की ओर भाग गया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया। कुछ दूरी पर



आरोपी ने खुद को घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी तथा बाग में घुस गया। जवाब में पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की, जिसमें आरोपी के बाएं पैर में गोली लग गई, जिसे घायल अवस्था में मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान दानिश पुत्र सुलेमान निवासी मोहल्ला मिर्धान कस्बा सरसावा के रूप में हुई। उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा, दो जिंदा कारतूस व दो खोखा कारतूस बरामद किए गए हैं। घायल आरोपी को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है उसके विरुद्ध विभिन्न थानों में चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम एवं लूट के आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार वह सरसावा थाने में दर्ज पोक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने एक दिन पूर्व अपने पड़ोसी की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की थी। विरोध करने पर उसकी मां को धमकाया था जिसके बाद पीड़ित पक्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी। गिरफ्तारी के डर से वह छिपता फिर रहा था इसलिए पुलिस को देखकर बचने के प्रयास में फायरिंग कर दी।

# चप्पे चप्पे पर पुलिस की सघन गश्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र में कानून का इकबाल बुलंद करने और अपराधियों की कमर तोड़ने के लिए थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने मोर्चा संभाल लिया है बीती रात थाना प्रभारी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल ने क्षेत्र के चप्पे चप्पे पर सघन गश्त की, जिससे संदिग्ध तत्वों और खुराफातियों में भगदड़ मची रही

थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने पुलिस टीम के साथ फतेहपुर के प्रमुख मार्गों व्यस्त चौराहों और संवेदनशील इलाकों में खुद पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया इस दौरान बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों और देर रात बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की जमकर क्लास ली गई। पुलिस की इस आक्रामक कार्यप्रणाली ने साफ कर दिया है कि क्षेत्र में किसी भी प्रकार की गुंडागर्दी या अवैध गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अचानक हुई इस घेराबंदी से अपराधियों के बीच दहशत का माहौल देखा गया वहीं, पुलिस की इस सक्रियता को देख स्थानीय नागरिकों ने राहत की सांस ली है ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की ऐसी मुस्तैदी से न केवल चोरी और लूट जैसी घटनाओं पर अंकुश लगेगा, बल्कि आम जनता में सुरक्षा का भाव भी बढ़ेगा। गश्त के दौरान थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने कड़े शब्दों में कहा हमारी पहली प्राथमिकता शांति और सुरक्षा है क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए पुलिस बल 24 घंटे अलर्ट मोड पर है।

## पुलिया निर्माण के चलते 7 दिन मार्ग रहेगा अवरुद्ध

**धामपुर।** नगर पालिका की ओर से ईकड़ा नाला की पुलिया पर निर्माण कार्य शुरू कराया गया था। जो शीला टॉकीज व स्योहारा चुंगी वाले मार्ग के बीच में पड़ती है। निर्माण कार्य के चलते आगामी सात दिनों तक यह मार्ग अवरुद्ध रहेगा। मछली बाजार व स्योहारा चुंगी से होकर शीला टॉकीज की तरफ जाने वाले लोग इस मार्ग का प्रयोग ना करके, वैकल्पिक मार्ग के रूप में न्यू स्टेट बैंक कॉलोनी व संेट मैरी रोड की तरफ जाने वाले मार्ग का प्रयोग कर सकते हैं। जिससे उन्हें परेशानी ना हो, पुलिया निर्माण से जल भराव व अन्य समस्याओं का जल्द समाधान होगा। चेयरमैन चौधरी रवि कुमार सिंह एवं ईओ रविशंकर शुक्ला द्वारा यह जानकारी दी गई।

# लावारिस घूमती बच्ची को परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बेहट।** कोतवाली बेहट पुलिस द्वारा कस्बे मे लावारिस अवस्था मे घूम रही एक बच्ची को उस के परिजनों की सपुर्दगी में दे दी गई है। बच्ची के परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम प्रभारी मनोरमा चौधरी अपनी टीम के कस्बे में भ्रमण कर रही थी इसी दौरान उनकी नजर एक लावारिस अवस्था में घूम रही बच्ची पर पड़ी तो पुलिस मिशन शक्ति टीम ने बच्ची को गोद में उठा लिया और उस का नाम पूछा तो उसने अपना नाम आमना बताया पुलिस टीम ने उसके मां-बाप को तलाश करने मे जुट गई। मात्र 1 घंटे में बिछड़ी हुई बच्ची को उसके मां-बाप से मिलवा कर उनके सुपुर्द कर दिया गया।पुलिस के इस कार्य में कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्र के लोग पुलिस की प्रशंसा कर रहे हैं। मिशन शक्ति टीम में मुख्य रूप से महिला उप निरीक्षक मनोरमा, महिला हेड कांस्टेबल ललिता शर्मा, महिला कांस्टेबल चंद्रकांता, महिला कांस्टेबल प्रियंका, महिला कांस्टेबल अंजलि मौजूद रही।

## सेल्समैन पर जानलेवा हमला

**अफजलगढ़।** ड्यूटी से लौट रहे पेट्रोल पम्प सेल्समैन पर युवकों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पीड़ित के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम अलियारपुर निवासी अग्रिम कुमार सिंह सुआवाला पेट्रोल पंप पर काम करता है। रात करीब नौ बजे जब वह ड्यूटी समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे हमलावरों ने उन पर हमला कर दिया। बताया गया कि हमलावरों ने लोहे की रॉड से अग्रिम पर ताबड़तोड़ वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे बचाया। परिजन उसे अस्पताल ले गए।

## तीन घंटे में खोजा लापता किशोर

**गंगोह।** पुलिस ने लापता हुए 16 वर्षीय किशोर को महज तीन घंटे के भीतर सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया।

गांव हैदरपुर निवासी आदित्य पुत्र गुरदीप सोमवार सुबह करीब 11 बजे किसी बात से नाराज होकर घर से निकल गया था। शाम लगभग 6 बजे परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही तीतरों थानाध्यक्ष विकास चारण ने तत्काल पुलिस टीम गठित कर तलाश अभियान शुरू कराया। पुलिस टीम ने सक्रियता और सूझबूझ का परिचय देते हुए संभावित स्थानों पर खोजबीन की, और रात करीब 9 बजे सकुशल बरामद कर लिया गया।

# जैन पाठशाला में कराई तमाम सुविधाएं: आशुतोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** एनआरआई विनोद गुप्ता ने शिक्षार्थ आइए सेवार्थ जाइए स्लोगन को चरितार्थ करते हुए उस स्कूल का जीर्णोद्धार कराते हुए विद्यार्थियों के लिए अन्य तमाम सुविधाओं की व्यवस्था कराई है जिसमें उन्होंने बचपन में शिक्षा प्राप्त की थी।

नगर की 100 वर्ष पुरानी प्रसिद्ध शिक्षण संस्था श्री दिगम्बर जैन पाठशाला का एनआरआई विनोद गुप्ता (जो विजीसीएफ के संस्थापक हैं जिसके द्वारा बिल क्लिंटन स्कूल व हिलेरी क्लिंटन नर्सिंग स्कूल का संचालन किया जाता है) द्वारा जीर्णोद्धार कराया



गया है। जिसमें बिल्डिंग का नवीनीकरण, बच्चों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, कम्प्यूटर द्वारा तकनीकी सुविधाएं आदि उपलब्ध कराई गई हैं। जिनका उद्घाटन संयुक्त मजिस्ट्रेट रामभरोसे शरण, विजीसीएफ के चेयरमैन आशुतोष दयाल शर्मा द्वारा किया गया। संस्था का निरीक्षण करते हुए रामभरोसे शरण ने कहा कि विनोद गुप्ता ने सराहनीय कार्य किया है। यदि सभी इस प्रकार सोचें शिक्षा का स्तर बहुत बढ़ जाएगा।आशुतोष दयाल शर्मा ने कहा कि विनोद गुप्ता ने अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि हमारी इच्छा है कि सभी स्कूल सक्षम बनें और बच्चों का भविष्य उज्जवल बनाएं। आरएसी की प्रेसिडेंट श्रीमती राजकमल सक्सेना ने कहा कि विनोद गुप्ता ने अपनी जन्मभूमि से प्रेम जताया है।यह प्रेरणादायी है। श्री दिगम्बर जैन पाठशाला के प्रबंधक वीरेश जैन व आयुष जैन ने स्कूल का जीर्णोद्धार कराने पर विनोद गुप्ता व अतिथियों का आभार प्रकट किया। इस दौरान सतीश वासुदेवा, दीपक कुमार, डॉ सनीश वीएम, श्रीमती वीनू शर्मा सहित जैन समाज के लोग उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत की नाक के नीचे बेच डाले फुटपाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भ्रष्टाचार और लापरवाही के गठजोड़ ने छुटमलपुर नगर को अव्यवस्था के नर्क में तब्दील कर दिया है नगर पंचायत प्रशासन की नाक के नीचे फुटपाथों को बेच दिया गया है और सड़कों पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा है हालत यह है कि आम आदमी का पैदल चलना भी दूभर हो चुका है लेकिन जिम्मेदार अधिकारी एसी कमरों में बैठकर तमाशा देख रहे हैं। सड़कों पर डग्गामार वाहनों और ई रिक्शा चालकों ने अपनी समानांतर सत्ता चला रखी है पेट्रोल पंप के सामने खड़ी होने वाली निजी बसें प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तमाचा मार रही



हैं। बीच सड़क पर सवारियां भरने की इस होड़ में गाड़ियां रेंग रही हैं और राहगीर खून के आंसू रो रहे हैं। जाम की वजह से लोग आपस में भिड़ रहे हैं, मारपीट हो रही है, लेकिन प्रशासन ने अपनी आंखों पर पट्टी बांध रखी है। सड़क की पटरियों पर सजी अवैध दुकानें और बेतरतीब खड़े ठेले-खोमचे चीख-चीख कर नगर पंचायत की मिलीभगत की गवाही दे रहे हैं। जब रक्षक ही भक्षक बन जाए और अवैध वसूली के फेर में सड़कों को गिरवी रख दिया जाए, तो आम जनता किससे गुहार लगाए? यह सड़कों का जाम नहीं, बल्कि प्रशासन की संवेदनहीनता का जाम है। क्या नगर पंचायत प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है आखिर किसके इशारे पर इन डग्गामार वाहनों और अवैध कब्जों को संरक्षण दिया जा रहा है छुटमलपुर की जनता अब इस गुंडागर्दी और अव्यवस्था को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है।

## बच्चों को बैग बांटे

**गंगोह।** सेवा ही संगठन का ध्येय के साथ रोटरी क्लब ने आर्य कन्या इंटर कॉलेज की 200 छात्राओं को बैग वितरण एवं किशोरी स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उपहार पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।

प्रधानाचार्य यशोद सैनी ने स्वागत किया। वीणा सैनी, सुनीता अग्रवाल और निर्मल जैन ने बालिकाओं को किशोरावस्था में स्वास्थ्य, व्यक्तिगत स्वच्छता, एनीमिया से बचाव हेतू संतुलित पोषण के बारे में जानकारी दी और उनकी शंकाओं का समाधान किया। मुकेश गुप्ता ने कॉलेज को एक क छत का पंखा भेंट किया। इस मौके पर विनीत अग्रवाल, विकास सिंघल, मनोज जैन, एसआर सैनी आदि मौजूद रहे।

# खनन से लदे तीन डम्पर सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** अवैध खनन और ओवरलोडिंग के जरिए सड़कों का सीना छलनी करने वाले माफियाओं के खिलाफ एसएसपी के निर्देश पर फतेहपुर पुलिस ने बड़ा प्रहार किया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई ने खनन सिंडिकेट में हड़कंप मचा दिया है।

बीती रात संदिग्ध वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने जब सड़कों पर दौड़ रहे भारी भरकम डंपरों को रुकवाया तो माफियाओं के मंसूबों की पोल खुल गई। तौल कराने पर डंपर क्षमता से कहीं अधिक खनन सामग्री से लदे पाए गए इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह राणा ने बिना किसी दबाव के तत्काल एक्शन लेते हुए तीनों डंपरों को कब्जे में लेकर थाने में सीज कर दिया। एसपी ग्रामीण और एसडीएम बेहट के कड़े पर्यवेक्षण में हुई इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि फतेहपुर क्षेत्र की सड़कों पर अब श्ओवरलोडिंग का खेलश नहीं चलेगा। पुलिस की इस टीम में उपनिरीक्षक विजयपाल सिंह और संग्रह अमीन सत्येंद्र कुमार सहित जांबाज सिपाही शामिल रहे, जिन्होंने माफियाओं की घेराबंदी कर उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया।

थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा ने दोटूक लहजे में स्पष्ट कर दिया है कि खनन की आड़ में ओवरलोडिंग कर राजस्व को चूना लगाने और सड़कों को बर्बाद करने वाले वाहनों पर यह प्रहार जारी रहेगा। संबंधित विभाग को रिपोर्ट भेजकर अब इन पर भारी जुर्माने की तैयारी की जा रही है।


**-:बिकाऊ है:-**

गाँव टिकरौल (नानौता गंगोह रोड) थाना नानौता तहसील रामपुर जनपद सहारनपुर में बेहतरीन चालू हालत में एक मैडिकल क्लीनिक बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति तुरंत सम्पर्क करे।

**डाक्टर एनके शर्मा (तीतरो वाले) मोबाइल नंबर 9758936745**



**सूचना**

**मैं, राखी सैनी पुत्री श्री राम सिंह शर्मा, निवासी मकान नं. 12/1294, पुरानी अनाज मंडी, आर्य समाज मंदिर के सामने, सहारनपुर, एतद्द्वारा सूचित करती हूँ कि मैंने अपना नाम राखी सैनी से बदलकर राखी शर्मा कर लिया है। आज से मैं सभी सरकारी व गैर-सरकारी कार्यों हेतु राखी शर्मा के नाम से जानी जाऊंगी।**



**सूचना**

मैने अपने पुत्र सत्यम व उसकी पत्नि रीतू देवी को नाफरमानी व गलत आचरण के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उनके कार्यो का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**राजेन्द्र पुत्र राजपाल निवासी- मौहल्ला टाकांन गणेशपुर चौक, कस्बा गंगोह जिला सहारनपुर।**


# एक समस्या का मौके पर समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनसुनवाई में आज सफाई सम्बंधी तीन तथा अतिक्रमण व पानी सम्बंधी दो-दो समस्याएं सामने आयी। नगरायुक्त शिपू गिरि ने सात समस्याओं में से सफाई सम्बंधी एक समस्या का तत्काल निस्तारण कराया। बाकि समस्याओं के निस्तारण के लिए सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। नगरायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि जनसुनवाई में आयी समस्याओं का त्वरित निदान करें और उसके सम्बंध में शिकायतकर्ता को तुरंत अवगत कराएं।

वार्ड 33 प्रेमनगर कॉलोनी आईटीआई निवासी सौरभ ने कॉलोनी में कूड़ा जमा होने की शिकायत करते हुए उसे साफ कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने सम्बंधित क्षेत्रीय निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर समस्या का समाधान करा दिया।

वार्ड संख्या 02 संकटमोचन श्री बालाजी धाम निवासी अनिल सैनी ने बाला जी धाम के निकट सफाई व चूना छिड़काव कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। वार्ड 63 अहमद नगर निवासी हौजखेड़ी रोड राजपूत कॉलोनी निवासी नसीब खान ने राजपूत कॉलोनी में नाले की सफाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने उक्त दोनों मामलों में क्षेत्रीय सफाई निरीक्षकों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड संख्या 36 अहमद नगर निवासी अहसान ने अहमद नगर का टयूवैल ठीक कराने के लिए तथा वार्ड 54 उपवन विहार निवासी इसरार ने पानी की पाइप लाइन से लीकेज ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। नगरायुक्त ने जलकल विभाग को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए। जबकि वार्ड 43 पुल बंजारान सराय गरीबा निवासी शाकिर ने सराय गरीबा में कबाड़ियों द्वारा किये गए अतिक्रमण तथा वार्ड 42 भारत माता चौक निवासी हर्षित जैन ने उसकी दुकान के पास किये गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को मौके का निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

# मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी गौकश गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना देहात कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान 25 हजार रूपए के इनामी गौकश को घायलावस्था में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा व दो खोखा कारतूस, चोरी की मोटरसाइकिल व 500 रूपए की नगदी बरामद कर ली।

मिली जानकारी के अनुसार थाना देहात कोतवाली पुलिस देर रात्रि संदिग्ध वाहनों की चौकिंग कर रही थी। इसी दौरान सरकड़ी खुमार की तरफ से एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस ने संदिग्ध प्रतीत होने



पर टार्च की रोशनी दिखाकर रूकने का इशारा किया। संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर पीछे मुड़कर सरकड़ी खुमार की ओर भागने लगा। पुलिस ने संदिग्ध बदमाश का पीछा किया तो कुछ दूरी पर जाकर बदमाश की मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर नीचे गिर पड़ी। पुलिस को नजदीक आता देख बदमाश ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर झोंक दिया। पुलिस ने आत्मरक्षार्थ फायरिंग की जिसमें बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया जिसे पुलिस ने बलप्रयोग कर दबोच लिया। घायल बदमाश की पहचान शहजान पुत्र अहसान निवासी मोहम्मदपुर गाढ़ा थाना जनकपुरी के रूप में हुई। पुलिस ने बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार दबोचा गया बदमाश शातिर किस्म का अपराधी है जिसके खिलाफ अनेक थानों में गौकशी, लूट, आर्म्स एक्ट आदि मामलों में लगभग एक दर्जन मामले दर्ज हैं। पुलिस द्वारा दबोचे गए बदमाश की गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपए का इनाम घोषित किया गया था।

# तीन राज्यों में प्रचंड जीत पर भाजपाइयों ने रामपुर, चिलकाना व गंगोह में मनाया जश्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** तीन राज्यों में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर कस्बे रामपुर मनिहारान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार उत्साह के साथ जीत का जश्न मनाया।कस्बे में अलग-अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और जीत की खुशी साझा की।

भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विशाल देव गुर्जर के आवास पर कार्यकर्ताओं का विशेष जमावड़ा हुआ। इस दौरान झालमुड़ी वितरित की गई और सभी ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कर खुशी का इजहार किया। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि भाजपा लगातार जनविश्वास जीत रही है और देशभर में उसका प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। उधर भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला उपाध्यक्ष एवं वर्तमान मंडल मंत्री बबली देवी ने भी अपने निवास पर कार्यक्रम आयोजित कर कार्यकर्ताओं के साथ जीत का जश्न मनाया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमोद कौशिक, जिला पूर्व कार्यकारिणी सदस्य साहब सिंह कोरी, वरदान कोरी, गोपाल रोहिल्ला, गुड्डू चौधरी, कर्मवीर सैनी, सतीश शर्मा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। दोनों स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में डॉ. एसपी सिंह, बादल सैनी,



विशाल पाल, संदीप, संजय, नीरज कश्यप, अमित, डॉ. राजू, केपी सिंह, अरुण पंवार, सुमित, अमित पंवार, जीनी प्रधान, शेर सिंह, रामपाल सिंह, राजवीर, अक्षय वीर सिंह, अनुज पंवार, राजेश चौधरी, गौरव सैनी, मनपाल सिंह, सुंदर पाल, विनय चौधरी, मंत्री योगेश, रामू पंवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**चिलकाना।** तीन राज्यों में भाजपा की प्रचंड जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा खुशी का इजहार किया।

सुल्तानपुर चिलकाना में भाजपा नेत्री नादिया हसन के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल, असम, पाण्डुचेरी में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद एक दूसरे का मुंह मीठा कर हर्ष जताया। इस दौरान नदिया हसन ने कहा कि यह जीत लोकतंत्र की जीत है, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विपक्ष धराशायी हुआ है।

भाजपा नेत्री नामित सभासद सुमन सैनी ने सभी को जीत की शुभकामनाए देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल में देश प्रगति की ओर अग्रसर है। आज पूरा विश्व भारत की ओर देख रहा है। तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया है कि भाजपा की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है। इस अवसर पर अली इमाम प्रिंस, सभासद तौकीर अहमद, नाजिम अंसारी, इजहार हुसैन, शाने हैदर, मुमताज तथा जमाल आदि लोग मौजूद रहे।

**गंगोह।** भाजपाईयों ने शिव चौक पर पार्टी की पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडिचेरी में हुई शानदार जीत पर जमकर जश्न मनाया गया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर भंगडा डाला और मिष्ठान वितरण कर एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। भारत माता की जय, जयश्रीराम के साथ ही भाजपा व योगी मोदी जिन्दाबाद के जयकारे लगाए। भंगडा डालने के साथ ही एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाइयाँ दीं। सभासद गुरमीत सहगल, अजय केवड़िया, जेल सिंह, शशांक, उमा, सुशीला, राजेश, गगन, विनोद, पूजा, आदि मौजूद रहे। अब पंजाब में पार्टी को दो तिहाई बहुमत से जिताने का संकल्प लिया।

# दिल्ली ने चेन्नई को 156 रन का टारगेट दिया

### दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 और स्टब्स ने 38 रन बनाए

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को 156 रन का टारगेट दिया है। अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग का फैसला किया। टीम ने 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 155 रन बनाए। दिल्ली के लिए समीर रिजवी ने नाबाद 40 रन की पारी खेली। उनके अलावा, ट्रिस्टन स्टब्स 38, पथुम निसांका 19, नीतीश राणा 15, आशुतोष शर्मा 14, करुण नायर 13 और केएल राहुल 12 रन बनाए। चेन्नई की ओर से नूर अहमद ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। आशुतोष शर्मा शानदार खेलने के बाद रन आउट हो गए। उन्होंने सिर्फ 5 गेंदों में 14 रन बनाए, जिसमें 2 छक्के शामिल रहे। गायकवाड ने मिड-आन से तेजी दिखाते हुए सीधा थ्रो किया और अशुतोष क्रीज से काफी दूर रह गए। जैमी ओवरटन ने आखिरकार स्टब्स की अहम पारी का अंत कर दिया। पुल शाट खेलने की कोशिश में स्टब्स गेंद को सही टाइम नहीं कर सके और डीप बैकवर्ड स्क्वायर लेग पर खड़े मुकेश चौधरी ने आसान कैच लपक लिया।



दिल्ली। चेन्नई के खिलाफ दिल्ली के बल्लेबाज समीर रिजवी व स्टब्स रन लेते हुए।

स्टब्स 38 रन बनाकर आउट हुए। इसी के साथ उनकी और रिजवी के बीच 65 रन की साझेदारी भी टूट गई। 18वें ओवर में समीर रिजवी ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए अंशुल कंबोज के ओवर में दो शानदार छक्के जड़ दिए। ओवर से कुल 14 रन आए और दिल्ली का स्कोर 130/5 पहुंच गया। 16वें ओवर में समीर रिजवी और ट्रिस्टन स्टब्स ने दिल्ली की पारी को संभालने की कोशिश की। मुकेश चौधरी के ओवर से 12 रन आए, जिसमें रिजवी ने शानदार छक्का लगाया। इसी ओवर में दिल्ली ने 100 रन का आंकड़ा भी पार किया। दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल सिर्फ 2 रन बनाकर आउट हो गए है। गुरजनप्रीत अतिरिक्त उछाल वाली गेंद पर अक्षर बैकफुट ड्राइव खेलना चाहते थे,

लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगी और कवर पर खड़े अकील हुसैं ने आसान कैच पकड़ लिया। नूर ने 10वें ओवर में एक और सफलता हासिल करते हुए नीतीश राणा को 15 रन पर पवेलियन भेज दिया। राणा ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा बाउंड्री पर खड़े कार्तिक शर्मा के हाथों में चली गई। आउट होने के बाद निराश नीतीश राणा। नूर अहमद ने अपने पहले ही ओवर में करुण नायर को आउट कर दिल्ली को बड़ा झटका दिया। लेग स्टंप के बाहर मिली आसान गेंद पर नायर ने स्वीप शाट खेला, लेकिन गेंद सीधे शार्ट फाइन लेग पर खड़े गुरजनप्रीत सिंह के हाथों में चली गई। करुण 13 रन बनाकर लौटे। अकील हुसैन ने दिल्ली को बड़ा झटका देते हुए केएल राहलु को 12 रन पर आउट किया।

# आईसीसी आचार संहिता तोड़ने पर निगार सुल्ताना को फटकार

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेश की कप्तान निगार सुल्ताना जोटी को शनिवार को सिलहट में श्रीलंका के खिलाफ तीसरे टी20 मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक तौर पर फटकार लगाई गई है।

निगार को आईसीसी की खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-2 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी अंतरराट्रीय मैच के दौरान क्रिकेट के सामान या कपड़ों, मैदान के उपकरणों या फिक्स्चर और फिटंग का गलत इस्तेमाल करने से संबंधित है। इसके अलावा, निगार के अनुशा सनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट पॉइंट भी जोड़ा गया है, पिछले 24 महीनों में यह उनका पहला अपराध था। यह घटना तब हुई जब बांग्लादेश बल्लेबाजी कर रहा था और आउट होने के बाद, निगार ने मैदान से बाहर जाते समय अपना बल्ला जमीन पर फेंक दिया। निगार ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और एमिरेट्स आईसीसी अंतर्राष्ट्रीय मैच रेफरी पैनल की सुप्रिया रानी दास द्वारा प्रस्तावित सजा को भी मान लिया, इसलिए किसी औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। मैदान पर मौजूद अंपायर एलोइस शेरिडन और शथीरा जाकिर जेसी, तीसरे अंपायर रोकेया सुल्ताना और चौथे अंपायर चंपा चकमा ने यह आरोप लगाया था। लेवल 1 के उल्लंघन पर कम से कम आधिकारिक फटकार, ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी की मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना और एक या दो डिमेरिट पॉइंट की सजा दी जाती है।

खेल विशेष

## स्कीट निशानेबाज फाइनल से चूके

**नई दिल्ली, वार्ता।** कजाखस्तान के अल्माटी स्थित आसानोव शूटिंग क्लब में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड कप शॉटगन में भारतीय स्कीट निशानेबाज पुरुष और महिला दोनों वर्गों में फाइनल में जगह बनाने से चूक गए। ओलंपियन मैराज अहमद खान और राइजा ढिल्लों भारतीय खिलाड़ियों में सबसे बेहतर स्थान पर रहे। मैराज, जिन्होंने पहले दिन 75 में से 71 का स्कोर करते हुए 26वें स्थान से दूसरे दिन की शुरुआत की थी, ने अंतिम दो सीरीज में 23 और 25 का स्कोर किया और कुल 119 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन चरण का समापन 18वें स्थान पर किया। रैंकिंग अंक के लिए खेल रहे भावतेग सिंह गिल 119 (24, 24, 23, 24, 24) के स्कोर के साथ मैराज से एक स्थान नीचे 19वें स्थान पर रहे।

## फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स को दो विकेट से हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब को 51वें अखिल भारतीय गोस्वामी गणेश दत्त स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 में मंगलवार को दो विकेट से हरा दिया। टॉस जीतने के बाद, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रवि ब्रदर्स क्रिकेट क्लब ने 29-2 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 127 रन बनाए। करण सोनी ने 35(59) और हरीश बडाना ने 33(24) रन की पारी खेली। वहीं, फेंड्स क्रिकेट क्लब के गेंदबाज ऋति मेहता ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 21 रन देकर 5 विकेट लिए और प्रद्युमन ने 43 रन देकर 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए, फेंड्स क्रिकेट क्लब ने अंकित बिट 32(21) और आर्य सिंह 27(15) की मदद से 22 ओवर में 8 विकेट के नुकसान पर 131 रन बनाए और मैच दो विकेट से जीत लिया।

## मुंबई कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी: गावस्कर

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई इंडियंस ने टाटा आईपीएल 2026 के मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को छह विकेट से हरा दिया। उन्होंने 229 रनों के विशाल लक्ष्य का शानदार ढंग से पीछा किया। स्टार स्पोर्ट्स के 'अमूल क्रिकेट लाइव' पर बात करते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट सुनील गावस्कर ने एलएसजी के खिलाफ रोहित शर्मा की बल्लेबाजी की जमकर तारीफ की और कहा कि अगर रोहित इसी फॉर्म में खेलते रहे, तो मुंबई इंडियंस कई टीमों की प्लेऑफ उम्मीदों को झटका देगी। गावस्कर ने कहा कि मैं पिछले एक साल से रोहित शर्मा को बहुत करीब से देख रहा हूं। जब से उन्हें व्हाइट-बॉल क्रिकेट और आईपीएल में कप्तानी से हटाया गया है, तब से उन्होंने अपनी बल्लेबाजी पर ज्यादा ध्यान दिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज में रन बनाए।

# पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे को पहले वनडे में हराया

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने जबरदस्त टीम परफॉर्मेंस दिखाते हुए जम्बिाब्वे को पहले वनडे में 168 रनों से हरा दिया। यह मैच चल रही आईसीसी महिला चैंपियनशिप का हिस्सा है। चार खिलाड़ियों ने हाफ-सेंचुरी बनाईं।

जम्बिाब्वे की कप्तान नोमवेलो सिबांडा ने पाकिस्तान को पहले बैटिंग करने के लिए बुलाया, जिसके बाद पाकिस्तान ने 330/5 का स्कोर बनाया। सोमवार को बैटिंग ऑर्डर में सबसे ऊपर आकर सदाफ शमास ने 98 रनों की शानदार पारी खेली। सिदरा अमीन (67), नजीहा अल्वी (56 नॉट आउट) और गुल फिरोजा (50) ने भी हाफ-सेंचुरी बनाकर टीम में योगदान दिया। अल्वी ने महिला वनडे में किसी भी पाकिस्तानी खिलाड़ी द्वारा सबसे तेज 50 रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया, उन्होंने सिर्फ 24 गेंदों में यह कारनामा कर दिखाया। आईसीसी के अनुसार, शमास और फिरोजा के बीच 162 रनों की ओपलनग पार्टनरशिप महिला वनडे में पाकिस्तान के लिए किसी भी विकेट के लिए तीसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप थी। वहीं, रनों के लिहाज से यह टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत थी। जवाब में, जम्बिाब्वे की तरफ से सिर्फ बेलव्ड बिजा (53) ही अकेले डटी रहीं। लेकिन पाकिस्तान की गेंदबाजों ने - जिनकी अगुवाई कप्तान फातिमा सना (2/28) ने बेहत. रीन ढंग से की - यह पक्का कर दिया कि मेहमान टीम रनों का पीछा करते हुए लक्ष्य से काफी पीछे रह जाए। यह पाकिस्तान के लिए एक अच्छा संकेत है, क्योंकि 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में आईसीसी महिला टी20 वर्ल्ड कप शुरू होने वाला है। पाकिस्तान को ग्रुप 1 में रखा गया है और उसे ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड्स और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच खेलने हैं। जम्बिाब्वे के खिलाफ वनडे सीरीज के अगले दो मैच बुधवार और शनिवार को कराची में खेले जाएंगे। इसके बाद, टी20 वर्ल्ड कप से पहले, पाकिस्तान इसी टीम के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगा।

# बेंगलुरु में आईपीएल फाइनल की मेजबानी पर छाया संकट

**बेंगलुरु, वार्ता।** बेंगलुरु के आईपीएल 2026 फाइनल की मेजबानी करने के मौकों पर गंभीर संकट आ गया है। विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे राजनीतिक विवाद के बढ़ने के बाद बीसीसीआई अब इस बड़े मैच को किसी दूसरे शहर में शिफ्ट करने के विकल्प पर विचार कर रहा है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह विवाद, जो कर्नाटक के विधायकों की एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैचों के लिए मुफ्त वीआईपी टिकटों की मांग के तौर पर शुरू हुआ था,

अब एक राजनीतिक रूप से संवेदनशील मुद्दा बन गया है। इस



विधायकों को मैच के टिकट देने को लेकर चल रहे विवाद पर बीसीसीआई सख्त

विवाद के बढ़ने की वजह 'वीआईपी कल्चर', विशो बर्ताव और कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) पर कथित दबाव को लेकर हो रही आलोचना है। बीसीसीआई सूत्रों ने बताया कि प्लेऑफ मैच पंजाब और कर्नाटक के बीच बांटे जाने की संभावना है, जो कि मौजूदा चैंपियन के फाइनल की मेजबानी करने की परंपरा के मुताबिक होगा। हालांकि, बेंगलुरु में इंतजामों को लेकर बनी अनिश्चितता ने बोर्ड की योजनाओं को मुश्किल में डाल दिया है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने कहा कि अगर यह मुद्दा हल नहीं होता है, तो आईपीएल फाइनल को बेंगलुरु से बाहर शिफ्ट करना पड़ सकता है। यह विवाद आईपीएल 2026 के पहले मैच से ठीक पहले शुरू हुआ था। यह मैच रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) और सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के बीच होना था।

# हैदराबाद व पंजाब के बीच बल्लेबाजी का जबरदस्त मुकाबला होने की उम्मीद

**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस हाई-वोल्टेज आईपीएल 2026 मुकाबले में, भवियवाणियों के जानकारों के बीच वायरल पेग के टैग के साथ उतर रही है। इसकी मुख्य वजह इस सीजन में सबसे भरोसेमंद चेजलग टीमों में से एक के तौर पर उनकी बनी प्रतिठा है।

हालांकि, राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला यह मुकाबला, जितनी चर्चा है उससे कहीं ज्यादा संतुलित होने का वादा करता है, क्योंकि दोनों ही टीमें विस्फोटक और ज्यादा स्कोर वाले क्रिकेट के लिए बनी हैं। पंजाब ने अपना अभियान एक खास ताकत के दम पर खड़ा किया है, दबाव में लक्ष्य का पीछा करना। उनकी बल्लेबाजी यूनिट ने



बार-बार बड़े लक्ष्यों को ध्वस्त किया है, जिसमें इस सीजन की शुरुआत में 265 रनों का रिकॉर्ड चेज भी शामिल है। कप्तान श्रेयस अय्यर ने मध्यक्रम में संयम बनाए रखा है, जबकि प्रभसिमरन सिंह और प्रियांश आर्य ने आक्रामक शुरुआत दी है, जिसने सफल चेज की नींव रखी है। ज्यादा दबाव वाले चेज में शांत रहने की उनकी काबिलियत ने उन्हें सटेबाजी और भवियवाणियों के जानकारों के बीच पसंदीदा बना दिया है, खासकर उन मैचों में जहां बड़े स्कोर बनने की उम्मीद होती है। इस प्रतिठा के बावजूद, पंजाब अपने हालिया प्रदर्शन को लेकर चिंताओं के साथ इस मैच में उतर रही है, क्योंकि उन्हें लगातार दो हार का सामना करना पड़ा है। उनकी गेंदबाजी यूनिट पर काफी दबाव रहा है, वे स्कोर का बचाव करने में संर्घा कर रहे हैं और अहम मौकों पर रन लुटा रहे हैं। अर्शदीप सिंह गेंद के साथ सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, लेकिन कुल मिलाकर टीम के लिए निरंतरता एक बड़ी समस्या बनी हुई है। दूसरी ओर, हैदराबाद इस टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी यूनिट्स में से एक बनी हुई है। उनका शीर्ा क्रम - जिसमें अभिोक शर्मा, ट्रैविस हेड, ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन शामिल हैं।

# चीन ने थॉमस कप और दक्षिण कोरिया ने उबेर कप जीता

**हॉर्सेंस (डेनमार्क), वार्ता।** रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने पिछले तीन टूर्नामेंट में अपना दूसरा उबेर कप खिताब जीता। रविवार को डेनमार्क के हॉर्सेंस में हुए मुक. ाबले में उन्होंने पीपल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना को 3-1 से हराया।

हालांकि, चीनी पुरु टीम फांस के खिलाफ अपने चैंपियनशिप मुकाबले में जीत हासिल करने में सफल रही। उन्हें इसी स्कोरलाइन (3-1) से जीतने के लिए लगभग साढ़े चार घंटे का समय लगा। यह इस टूर्नामेंट के 34वें संस्करण में चीन की लगातार दूसरी (2024 के बाद) और कुल मिलाकर 13वीं जीत थी। वोंग होंग यांग और शी यू क्यूई द्वारा मशहूर फांसीसी पोपोव भाइयों पर सिंगल्स में जीत हासिल करने के बाद, ही जी टिंग और रेन जियांग यू ने डबल्स मुकाबले में



एलोई एडम और लियो रॉसी को 21-13, 21-16 से हराकर टीम की जीत पक्की कर दी। इससे पहले, कोरिया की बेक हा ना और किम हे जियोंग ने जिया ई फैन और झांग शू जियान को 16-21, 21-10, 21-13 से हराकर उबेर कप में जीत हासिल की। इस जीत के बाद कोरियाई टीम जश्न मनाते हुए कोर्ट पर दौड़ पड़ी। रिपब्लिक ऑफ कोरिया ने अब 2010, 2022 और 2026 में उबेर कप जीता है। चीन अपना रिकॉर्ड 17वां टीम खिताब जीतने की उम्मीद कर रहा था, क्योंकि 1988 से अब तक हुए सात चैंपियनशिप मुक. ाबलों में उसने कोरियाई टीम को हराया था।

# हेड, क्लासेन और किशन पर भारी पड़े हैं: अर्शदीप

**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 में बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) और पंजाब किंग्स के बीच इस सीजन का 49वां मुकाबला खेला जाएगा। एसआरएच ने अभी तक 10 मैच खेले हैं जिसमें से उन्हें छह मैचों में जीत मिली है और चार मुक. ाबलों में हार का सामना करना पड़ा है। टीम 12 अंक के साथ प्वाइंट्स टेबल में तीसरे पायदान पर है। वहीं पंजाब ने अभी तक नौ में से छह मैच जीते हैं,

और 13 अंकों के साथ अंक तालिका में टॉप पर हैं। हालांकि वह दो लगातार मैच हारकर आ रहे हैं। ओवरऑल दोनों टीमों के बीच अभी तक कुल 25 मैच हुए हैं जिसमें से एसआरएच ने 17 और पंजाब ने केवल आठ ही मैच जीते हैं। सिक्स हिटर्स की होगी जंग इस मैच में छक्कों की बरसात हो सकती है। इसकी वजह यह है कि दोनों ही टीमों में लंबे-लंबे छक्के लगाने वाले बल्लेबाज मौजूद हैं। अगर एसआरएच की बात करें तो उनके पास अभिोक शर्मा हैं जिन्होंने इस सीजन अभी तक दूसरे सबसे ज्यादा (32) छक्के लगाए हैं।

इशान किशन 18 और हेनरिक क्लासेन 19 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। ट्रेविस हेड भी फॉर्म में आ चुके हैं। दूसरी तरफ अगर पंजाब की बात करें तो उनके पास भी सिक्स हिटर्स की फौज है। प्रियांश आर्य अभी तक इस सीजन 26 छक्के लगा चुके हैं और कुल 51 छक्के आईपीएल में लगाए हैं। प्रभसिमरन सिंह भी आईपीएल 2025 से लेकर अभी तक 47 छक्के लगा चुके हैं। श्रेयस अय्यर भी 22 छक्के इस सीजन जड़ चुके हैं। कूपर कॉनली भी पीछे नहीं रहे हैं और 18 छक्के अभी तक लगा चुके हैं। अर्शदीप के पास हेड, क्लासेन और किशन का तोड़ एसआरएच के लिए टॉप ऑर्डर में हेड और किशन ने धुआंधार बल्लेबाजी की है। वहीं मिडिल ऑर्डर में क्लासेन का बल्ला जमकर बोला है। क्लासेन अगर चलते हैं तो फिर मैच जिताकर ही लौटते हैं। हालांकि पंजाब के पास अर्शदीप सिंह के रूप में इन सबका तोड़ है। अर्शदीप ने हेड को तीन बार और किशन को चार बार आउट किया है। वहीं क्लासेन के खिलाफ जहां तक रिकॉर्ड का सवाल है तो उनको टी20 की सात पारियों में तीन बार पवेलियन भेजा है।

# मुंबई, बुमराह का सही इस्तेमाल नहीं कर रही है: संजय बांगड़

**मुंबई, वार्ता।** जसप्रीत बुम. राह, आईपीएल 2026 में लगातार चर्चा का विषय बने हुए हैं और ज्यादातर बातें इस बारे में रही हैं कि वह विकेट नहीं ले पा रहे, उनकी रफ्तार कम दिख रही है और मुंबई इंडियंस उन्हें हमेशा सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर रही है। जबकि मुंबई कैंप के लोग यह कहते नजर आ रहे हैं कि बुम. राह चुनौती के लिए तैयार हैं और जब विकेट लेने का समय आएगा, वह विकेट ले लेंगे।

सोमवार रात वानखेड़े में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ भी उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। यह इस सीजन का सातवां ऐसा मैच था, जब उन्हें कोई विकेट नहीं मिला और उन्होंने इस



दौरान इस मैच में 45 रन दिए। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में संजय बांगड़ और वेदा कृणमूर्ति ने सुझाव दिया है कि मुंबई टीम प्रबंधन को बुम. राह से बात करनी चाहिए और उनसे पूछना चाहिए कि क्या वह ब्रेक लेना चाहते हैं? वेदा ने कहा कि टीम प्रबंधन, कोच, कप्तान, उपकप्तान सूर्या (कुमार यादव) या फिर रोहित (शर्मा), ईमानदारी से बैठकर उनसे बात कर सकते हैं। उनसे पूछ सकते हैं: 'क्या आप अंदर से 100 प्रतिशत फिट महसूस कर रहे हैं, 'क्या आप एक-दो मैच का ब्रेक लेना चाहते हैं'। ताकि वह तरोताजा होकर लौटें।

उनसे यह पूछा जा सकता है और उम्मीद की जा सकती है कि वह ईमानदारी से जवाब देंगे। और अगर वह कहते हैं 'नहीं, मैं खेलने के लिए तैयार हूं', तो शायद हम उनका बेहतर वर्जन देखेंगे, क्योंकि वह और ज्यादा मेहनत करेंगे। एक ईमानदार बातचीत जरूरी है, ताकि यह साफ हो सके कि उन्हें ब्रेक चाहिए या वह खेल सकते हैं।

# शिक्षा मित्रों को सम्मान व बढ़े हुए मानदेय का वितरण

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। राज्य मंत्री लोक निर्माण विभाग बृजेश सिंह, विधायक नकुड मुकेश चौधरी, नगर विधायक राजीव गुंबर, जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान ने शिक्षा मित्रों का सम्मान करते हुए बढे हुए मानदेय का वितरण किया।

राजकीय इंटर कॉलेज नेहरू मार्केट में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा गोरखपुर स्थित बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह से इस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसका सजीव प्रसारण देखा गया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री बृजेश सिंह द्वारा शिक्षामित्र योजना के अंतर्गत लागू की गई शिक्षामित्र को 10000 से 18000 रुपए मानदेय वृद्धि की शुभकामनाएं दी गई एवं सरकार द्वारा शिक्षामित्र को एवं उनके परि. जनों को 500000 तक कैशलेस चिकित्सा सुविधाओं को प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार का आभार प्रकट किया गया एवं प्रशंसा की गई। नगर विधायक राजीव गुंबर द्वारा शिक्षामित्र को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यदि विद्यालय में किसी भी प्रकार की आवश्यकता एवं सहयोग किया चाहिए तो हम हमेशा उपलब्ध है। विधायक नकुड़ मुकेश चौधरी द्वारा विद्यालयों को कायाकल्प के अंतर्गत उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के संबंध में अवगत कराया गया। जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में कायाकल्प के अंतर्गत उपलब्ध संसाधनों एवं स्मार्ट क्लास के माध्यम से बच्चों को उपलब्ध कराई जा रही शिक्षा, शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करते हुए सभी शिक्षकों से अपेक्षा की गई कि हम अपने विद्यालयों को निपुण विद्यालय, ब्लॉक को निपुण ब्लॉक , जनपद को निपुण जनपद बनाएंगे।




कार्यक्रम में जनपद के समस्त विकास खंडों से उत्कृष्ट कार्य करने वाले दो-दो शिक्षा मित्रों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह, डमी चेक का वितरण कर सम्मानित किया गया। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यक्रम में विद्यालयों में प्रयोग की जाने वाली शिक्षण अधिगम सामग्री छात्रों द्वारा बनाए गए मॉडल एवं दिव्यांग बच्चों की शिक्षण व्यवस्था ब्रेल लिपि इत्यादि का अवलोकन अतिथिगण एवं अधिकारियों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, सह जिला विद्यालय निरिक्षक डॉ. हर्षदेव स्वामी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमारी कोमल, खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा, प्रीतिपाल, सुरेश त्यागी, सहदेव गंगवार, विरेंद्र शर्मा, एकेडमिक रिसोर्स पर्सन एसोसिएशन प्रवीण चौधरी, डॉ. गोपाल शर्मा, शिक्षक कृपाल मलिक, जिला समन्वयक अरविंद कुमार सिंह, विकास सैनी, एसआरजी सरफराज आलम, कपिल दुआ, एआरपी श्रीमती बृजेश, अंकिमा जैन, पारुल उपस्थित रहे।

# लोक अदालत के लिए प्रचार वाहन रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में नगर सहित जनपद की सभी तहसीलों में 6, 7 और 8 मई को पैटी ऑफेन्स की विशेष लोक अदालत तथा 9 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

मंगलवार को जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार, प्रधान न्यायाधीश देवेन्द्र सिंह, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी अम्बर रावत, बार एसोसियेशन अध्यक्ष राहुल त्यागी एवं महासचिव पालम राणा ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर प्रचार वाहन को रवाना किया। यह प्रचार वैन 5 एवं 6 मई को जिले के गांवों, तहसीलों, पंचायतों और दूरस्थ क्षेत्रों में पहुंचकर लोक अदालत के प्रति जागरूकता फैलाएगी।



अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत श्रेय शुक्ला तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/सिविल जज (सीडी) पप्पू कुमार सिंह ने बताया कि इस अभियान में पीएलवी को भी नामित किया गया है, जो आमजन को विभिन्न कानूनों एवं लोक अदालत के लाभों की जानकारी देंगे। जनपद न्यायाधीश सतेन्द्र कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर दुर्घटना प्रतिकर, वैवाहिक विवाद (तलाक को छोड़कर), लघु शमनीय वाद, उत्तराधिकार, एनआई एक्ट, दीवानी मामले, विद्युत अधिनियम, ट्रैफिक ई-चालान, बैंक ऋण विवाद सहित अन्य मामलों का निस्तारण आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा।

# किशोरी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**चिलकाना।** थाना पुलिस पुलिस टीम ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर फरार कर ले जाने तथा उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं अपहृत किशोरी को भी सकुशल बरामद किया गया है।

क्षेत्र निवासी पीड़िता की लिखित तहरीर पर उसकी नाबा. लिग पुत्री को बहला फुसलाकर फरार कर ले जाने के सम्बन्ध में थाना पर आरोपी के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा आरोपी तथा अपहर्ता की तलाश आरम्भ कर दी गई थी। आज मंगलवार को सीओ सदर के निकट पर्यवेक्षण तथा एएसपी थाना प्रभारी सुश्री सिमरन सिंह आईपीएस की अगुवाई में में थाना एएचटीयू व थाना चिलकाना पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से मिलकर अपहर्ता किशोरी को बरामद करते हुए फरार आरोपी सूफियान पुत्र फरजन्द निवासी ग्राम खेडामेवात थाना चिलकाना को दिल्ली रोड सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी ने बताया है कि आरोपी के खिलाफ पूर्व से दर्ज उपरोक्त मुकदमे में दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की वृद्धि करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। गिरफ्तारी टीम में एएचटीयू थाना से उपनिरीक्षक नितिन कुमार, महिला उपनिरीक्षक दीक्षा, थाना चिलक. ाना से उपनिरीक्षक सुमन, मुख्य आरक्षी अरविन्द कुमार व महिला मुख्य आरक्षी सुनीता शामिल रहे।

# केरल में कांग्रेस की जीत का संदेश राष्ट्रव्यापीः मुजतबा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के राष्ट्रीय महासचिव और अरुणाचलप्रदेश, मिजोरम, नागालैंड, मणिपुर, मेघालय के प्रभारी मुजतबा एडवोकेट ने केरल में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने पर खुशी का इजहार करते हुये कहा कि केरल में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया है

छुटमलपुर में पत्रकारों से वार्ता करते हुये उन्होंने कहा राजनीतिक दलों के चुनावी नतीजे कई संदेश देते है। केरल की जीत का संदेश राष्ट्रव्यापी जाता है आज देश में कांग्रेस की चार राज्यो में पूर्ण बहुमत की सरकार हो गई है कुछ राज्यो में कांग्रेस और अन्य दलों की साझा सरकार है। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ज्यादा आत्मविश्वास में थी यही उनकी हार का कारण बना है।



उन्होंने कहा कि लोग भाजपा को हराना चाहते है उन्हें यह जरूरी रूप से समझना होगा कि देश में भाजपा का विकल्प केवल कांग्रेस है कांग्रेस के साथ आ कर ही भाजपा का मुकाबला किया जा सकता है कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से सभी राज्यो में क्षेत्रीय दलों को लाभ होना निश्चित है एसआईआर का प्रभाव इन चुनावों में पड़ा है गलत तरीके से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किसी से छुपा नहीं है चुनाव में नियमों और कानून की धज्जियाँ उड़ी ये सब ने देखा है। आने वाले 2027 में कई राज्यो में चुनाव होना है भाजपा चुनाव जीतने के लिये कुछ भी कर सकती है। अभी से बूथ लेवल पर पंचायत और वार्ड लेवल पर मजबूती करनी होगी। लोगो को डरा धमका कर लोकतंत्र की हत्या कर चुनाव जीते जा रहे है जो सरासर संविधान की हत्या है।

इस अवसर पर अब्दुल हसीब मलिक, मनोज चौधरी, कारी आबिद, महबूब तलहेड़ी, फेसल मिर्जा, डाक्टर बिलाल चौहान, पदम् सिंह, याहीयाह मलिक, रामबीर सिंह, फजल मिर्जा, अजीम मलिक, कुद्दूस मलिक, हाजी छोटा, सलीम, अरशद मलिक, परवेज मलिक, धर्मेंद्र चौधरी, परवीन चौधरी, सुखदेव चौहान आदि मोजूद रहे।

## तिब्बत की स्वतंत्रता का संकल्प दोहराया

**गंगोह।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के 28वें स्थापना दिवस पर चौ.नारायण सिंह बिल्डिंग में संगठन की मजबूती, भारत-तिब्बत मैत्री को सुदृढ़ करने तथा तिब्बत की

स्वतंत्रता के समर्थन का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के दौरान संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर भी बल दिया गया। प्रांत महामंत्री डॉ. जयराज, प्रांतीय उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, मांगेराम सैनी, डॉ. गो. विंद, गगन, प्रवेश, तीर्थ सिंह, दिग्विजय सैनी, मदन चौधरी सहित अनेक कार्यकर्ता रहें। भारत माता की जय, वंदे मातरम् और भारत-तिब्बत मैत्री जिन्दाबाद के नारों और सूक्ष्म जलपान के साथ कार्यक्रम संम्पन्न हुआ।

# खुदाई से टूटे सीवर लाइन के कनेक्शन दुरुस्त हों: इसरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव इसरार चौधरी ने खुदाई के दौरान सीवर लाईन के तोडे गये कनेक्शनों का दुरूस्त करने की मांग की है।

इसरार चौधरी ने नगर आयुक्त को सौंपे ज्ञापन में कहा कि दर्शन कॉलोनी वार्ड नंबर 54 में जलकल विभाग द्वारा पीने के पानी की पाइपलाइन डाली जा रही है। जिसमे जेसीबी मशीन द्वारा ठेकेदार ने खुदाई की है जेसीबी मशीन में दर्शन कॉलोनी के सीवर लाइन के कनेक्शन तोड़ दिए हैं तथा बिना जोड़े उन पर मिट्टी भर दी गई है। इसरार चौधरी ने आगे कहा कि आपके संज्ञान में यह भी लाना है कि अभी विगत 6 माह पहले दिल्ली रोड विनोद विहार पर ऐसे ही हादसा हुआ था जिसमें सीवर लाइन लीक होने के कारण सड़क धस गई थी तथा मकान भी गिर गया था। अंदेशा है की ऐसा ही हादसा दर्शन कॉलोनी में भी हो सकता है। जलकल विभाग के जेई पंकज कुमार को कॉलोनी वासियों ने अवगत कराया था जिस पर उन्होंने कहा की जिसका कनेक्शन टूटा है वह अपना कनेक्शन अपने आप जोड़ेगा ऐसा कहकर जेई पंकज कुमार अपनी जिम्मेदारी से दूर भाग रहे हैं। इसरार चौधरी ने मांग की है कि उक्त लाइन के पाइप के कनेक्शन की मरम्मत करने का आदेश पारित करे। नगर आयुक्त ने तुरंत जलकल महाप्र. बंधक को जांच के आदेश दिए हैं।



प्रतिनिधि मंडल मे सपा अनूसूचित जाति प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव कर्म सिंह, सपा महिला सभा की प्रदेश सचिव सुरैया खान, पूर्व पार्षद नौशाद अहमद, मोहसिन खान, अब्दुल सलाम खान आदि थे।

## गोली की सूचना पर हड़कम्प

**गंगोह।** कोतवाली में गोली चलने की सूचना से हड़कंप मच गया। जिसमें एक कम्प्यूटर ऑपरेटर के घायल होने खबर की सूचना वायरल हो गई। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इस खबर को भ्रामक बताया है।

सीओ अशोक सिसौदिया ने गोली चलने की बात को नकारते हुए बताया कि कम्प्यूटर ऑपरेटर नमन थाना कार्यालय की बेक में बने अपने आवास पर जा रहा था, कि अचानक रास्ते मे उसके पैर में कोई नुकीली वस्तु लगने से वह जख्मी हो गया। किसी ने खून बहता देखकर शोर मचा दिया। उसका तुरन्त सीएचसी ले जाकर इलाज कराया गया। जहां से उसे चिकित्सा देकर छुट्टी दे दी गई।

# एसडीए अवर अभियंता रिश्वत लेते पकड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जनपद में भ्रष्टाचार के खिलाफ एंटी करप्शन टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहारनपुर विकास प्राधिकरण (एसडीए) के अवर अभियंता आशीष सक्सेना को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, एक ठेकेदार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके निर्माण कार्य से संबंधित फाइल को आगे बढ़ाने और सील हटाने के एवज में अवर अभियंता द्वारा 20 हजार रुपये की रिश्वत मांगी जा रही है। बिना पैसे दिए काम न करने की बात कहे जाने पर पीड़ित ने एंटी करप्शन टीम से संपर्क किया। शिकायत के सत्यापन के बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया। आरोपी अवर अभियंता आशीष सक्सेना ने शिकायतकर्ता को प्राधिकरण कार्यालय के बाहर एक मेडिकल स्टोर पर बुलाया। जैसे ही शिकायतकर्ता ने तय रकम आरोपी को सौंपी, पहले से मौके पर मौजूद एंटी करप्शन टीम ने उसे तुरंत पकड़ लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली गई। कार्रवाई के दौरान मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और प्राधिकरण में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद आरोपी को थाना सदर बाजार लाया गया, जहां उसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। शिकायतकर्ता ठेकेदार विनय छाबड़ा ने बताया कि उनके 130 मकानों के निर्माण का नक्शा पहले से पास था, बावजूद इसके अवर अभियंता आशीष सक्सेना द्वारा कमियां निकालकर निर्माण कार्य को सील कर दिया गया।

# पुलिस ने शातिर वारंटी दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** क्लीन स्वीप अभियान के तहत थाना फतेहपुर पुलिस ने एक और कामयाबी अपने नाम की है थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा के कड़े तेवरों के चलते कानून से बचकर भाग रहे अपराधियों के लिए अब छिपने की कोई जगह नहीं बची है।

थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह राणा के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने सटीक घेराबंदी करते हुए वारंटी अभियुक्त आजाद पुत्र बाबू को गिरफ्तार किया रुड़की के इस्लामनगर (भारत नगर) का मूल निवासी यह अपराधी फतेहपुर डाक बंगले के पास छिपकर रह रहा था और लंबे समय से पुलिस को चकमा दे रहा था। लेकिन खाकी की पैनी नजरों से वह खुद को बचा नहीं सका। प्रभारी निरीक्षक ने दोटूक लहजे में स्पष्ट कर दिया है कि फतेहपुर क्षेत्र में कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों और न्यायालय के आदेशों की अवहेलना करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही पूरी कर उसे माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

इस गिरफ्तारी ने साफ कर दिया है कि फतेहपुर पुलिस न केवल सड़कों पर गश्त कर रही है, बल्कि रिकॉर्ड में दर्ज एक एक अपराधी की कुंडली खंगाल रही है।

# दस सौभाग्यशाली कन्याओं का कराया सामूहिक विवाह

शाह टाइम्स ब्यूरो

सहारनपुर। श्री राम बालाजी सेवा समिति द्वारा गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी दस सौभाग्यशाली कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न कराया गया।

अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित समारोह में समिति के अध्यक्ष सचिन गोयल एवं उत्सव संचालक प्रवीण वर्मा ने बताया कि इस प्रकार के सामूहिक विवाह आयोजनों का उद्देश्य समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की सहायता करना तथा सामाजिक एकता को बढ़ावा देना है। उन्होंने भविष्य में भी इस प्रकार के सामा. जिक कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

समारोह में सभी नवविवाहित जोड़ों का विवाह वैदिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने वर-वधुओं को आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था, जिससे पूरे वातावरण में उत्सव का माहौल बना रहा। समिति द्वारा सभी कन्याओं को गृहस्थी का आवश्यक सामान भी भेंट स्वरूप प्रदान किया गया, जिससे वे अपने नए जीवन की शुरुआत सुगमता से कर सकें।



इस दौरान नगर विधायक राजीव गुंबर, डिप्टी मेयर मयंक गर्ग, वरिष्ठ समाजसेवी संजय कर्णवाल, समिति के अध्यक्ष सचिन गोयल, मुख्य सलाहकार राहुल जैन, उत्सव संचालक प्रवीण वर्मा, कोषाध्यक्ष कमल चौरसिया, भंडारा आयोजन कर्ता राजेश्वर वर्मा, मंत्री सौरव मित्तल, अतुल गर्ग, हितेश गर्ग, सतीश सिंघल, मुकेश चौरसिया, राजेश चौरसिया, मनोज अग्रवाल, राजन सैनी, तनिष्क गर्ग देव गर्ग, कपिल कंसल, विशाल चौहान आदि उपस्थित रहे।

## पाकिस्तानी नम्बरों से पैसों की मांग

**सहारनपुर।** जनपद में साइबर अपराध का एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें एक महिला को पाकिस्तानी नंबरों से व्हाट्सएप कॉल व मैसेज के जरिए परेशान कर पैसे की मांग की जा रही है। पीड़िता ने इस संबंध में साइबर थाना, पुलिस लाइन सहारनपुर में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, खलासी लाइन, दुर्गापुरी कॉलोनी निवासी मीना पुत्री नानक चंद ने बताया कि 2 अप्रैल 2026 से उसे 923130625361, 923087535031 और बाद में 923439389610 जैसे विदेशी नंबरों से लगातार व्हाट्सएप कॉल और वॉइस मैसेज आ रहे हैं।

# 612 सर्किल बनाकर किया का जा रहा गन्ने का सर्वे: ओपी सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उप गन्ना आयुक्त ओ.पी. सिंह ने बताया की इस वर्ष के लिए मण्डल के तीनो जनपदों में 612 सर्किले बनाकर गन्ना सर्वे का कार्य कराया जा रहा है जिसमे 204 सर्किल सहारनपुर एवम 285 सर्किल मुजफ्फरनगर तथा 123 सर्किल शामली में हैं जो की मण्डल के 2164 ग्रामों के लिए, सहारनपुर में 1198 ग्रामों पर ओर मुजफ्फरनगर में 656 ग्रामों तथा जनपद शामली में 310 पर बनाई गई है।

उन्होंने बताया कि इन सभी सर्किलों के ग्रामों में गन्ना सर्वेयर जी. पी.एस. मशीनों से गन्ना सर्वे कर रहे हैं। पिछले वर्ष की तरह इस बार के गन्ना सर्वे में गाटा के अनुसार ही गन्ना सर्वेक्षण किया जायेगा इसलिए किसानो का अपने खेत पर रहकर अपना गन्ना सर्वेक्षण, अपने भूमि अभिलेख के अनुसार दर्ज कराना अनिवार्य है। उप गन्ना आयुक्त ने निर्देश दिए गए हैं कि सैंपल सर्वे के लिए चयनित ग्रामों का गन्ना सर्वे प्राथमिकता से करते हुए उनकी आंकड़े उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। चीनी मिलें पहले से ही गांव मे सर्वे टीम के पहुंचने के दिनाक की सूचना अनिवार्य रूप से करेंगी जिससे किसान भी उपस्थित रह सके।



उन्होंने सभी ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को निर्देश दिए कि व्यापक प्रचार प्रसार किया जाए की किसान जागरूक रहें और अपना गन्ना दर्ज करा सके। क्योंकि यदि गन्ना दर्ज नही होने की दशा मे पर्चियां नही बन पाएंगी और सीजन में गन्ना आपूर्ति में कठिनाई होगी। जिससे आगामी गन्ना पेराई सत्र में अपना गन्ना चीनी मिल में नही डाल पाएंगे।

इसलिए अभी से स्वयं किसान अपने खेत पर रहे और अपना घोषणा पत्र भी उसमे अंकित सभी कालम के अनुसार भर दें। सभी चीनी मिलों ओर ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षकों को जारी निर्देश में उप गन्ना आयुक्त ने कहा की गन्ना सर्वे में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार उनके क्षेत्र की टीम गांव गांव में समय से पहुंच जाएं।

आगामी समय काफी गर्मी का है तो यह सुनिश्चित करें कि सुबह सुबह कार्य प्रारंभ कर दिया जाय, ओर गन्ना सर्वेयर के लिए गर्मी से बचाव के लिए, कैप ओर पानी की बोतल तथा गमछा आदि चीनी मिलें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सर्वे टीमों के इनचार्ज राजकीय सुपरवाइजर होंगे ओर यह सुनिश्चित करेंगे की गन्ना सर्वे का कार्य पूर्णतः पारदर्शी ओर शुद्ध हो। सर्वे में यह भी सुनिश्चित करें की गन्ना सर्वे की स्लिप खेत का सर्वे होते ही मौके पर ही उपस्थित किसान को दे दी जाये।

गन्ना सर्वेक्षण के निरीक्षण के लिए लगाए गए विभागीय अधिकारी ओर चीनी मिलों के अधिकारी निरन्तर फील्ड में निरीक्षण करते रहें।

# तेज बारिश के साथ पड़े ओले

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** घने काले बादलों ओर तेज हवाओं के साथ तेज बारिश के बीच ओलों ने एक बार फिर मई के महीने में सर्दी का अहसास करा दिया है। अब बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से सब्जियो में भारी नुकसान हुआ है।

मंगलवार को दोपहर तक मौसम बिल्कुल साफ बना रहा दोपहर बाद अचानक आसमान में घने ओर काले बादल छा गए ओर साथ ही साथ तेज हवाएं भी चलने लगी। कुछ देर बाद तेजी से बारिश शुरू हो गई। बारिश के बीच ओलों ने एक बार फिर मई के महीने में सर्दी का अहसास करा दिया है। घंटों लगातार तेजी से भारी बारिश हो ने सड़कों ने नदियों का रूप धारण कर लिया। करवट बदलने से अचानक सर्दी का अहसास होने लगा। घंटों तक हुई बारिश के रुकने के बाद भी आसमान में बादल छाए रहे। ओलावृष्टि से सब्जियों को नुकसान हुआ हैं। जिससे उत्पादन में कमी आने की आशंका से किसान परेशान हो गए हैं। सब्जियों की पहले ही मंदी की मार से किसान बेहाल हैं। अब बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से सब्जियो में भारी नुकसान हुआ है। वही बीमारियां व कीट बढ़ने से सब्जियों में उत्पादन कम होने की आशंका से किसान परेशान हो गए हैं।



सब्जी उत्पादक राजेश सैनी, राशिद, सरफराज, भूरा, बिजेंद्र सैनी आदि का कहना है कि इस समय लू चलनी चाहिए थी। मगर बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से फसलों पर आसमानी आफत बरस रही है। शिमला मिर्च, गोभी, टमाटर व बेलदार सब्जियां खीरा, तोरई, लौकी, कद्दू, करेला आदि सब्जियां बुरी तरह प्रभावित हो गई हैं। ओलावृष्टि ने सब्जियों को तहस नहस कर दिया है। ओलावृष्टि से गेहूं की फसल तबाह हो गई थी।

# ममता का रौद्र रूप

यूं तो सोमवार को हुई मतगणना में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आ चुके हैं, लेकिन पश्चिम बंगाल का मामला अभूतपूर्व दिखाई दे रहा है। जिसमें मुख्यमंत्री के पद पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन चुनाव नतीजों को मानने से इन्कार कर दिया है और साफ कह दिया है कि वह इस्तीफा नहीं देने जा रही हैं। भारत के इतिहास में संभवत: पहली बार ऐसा देखने में आ रहा है जब किसी राज्य का मुख्यमंत्री हारने के बाद अपना इस्तीफा देने से इन्कार कर रहा है। मंगलवार को ममता ने साफ कहा कि वह हारी नहीं हैं बल्कि उन्हें साजिश के तहत हराया गया है। इसलिए मेरे इस्तीफे का सवाल ही नहीं उठता, उन्होंने यह भी कहा कि वह राजभवन नहीं जाएंगी। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी सीधे निशाना साधा और कहा कि इस चुनाव में चुनाव आयोग ही असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर सौ सीटें लूटी हैं। उन्होंने चेतावनीभरे लहजे में कहा कि अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं, सड़कों पर रहूंगी, कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके कार्यकर्ताओं ने काउंटर सेंटरों पर कब्जा कर लिया था और खुद उनके साथ बदसलूकी की। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटों पर जीत दर्ज की है और 80 सीटें टीएमसी के खाते में गई हैं। भाजपा नौ मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि चुनाव के समय से ही बंगाल से जिस तरह की खबरें आ रही हैं, वह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए ठीक दिखाई नहीं दे रही थी। ममता बनर्जी नहीं बल्कि तमाम विपक्षी दल चुनाव आयोग को लेकर जरा भी सहज दिखाई नहीं दिए और उन्हें लगता रहा कि चुनाव आयोग केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रहा है। ये आरोप कितने सही हैं, यह बात अपनी जगह पर, लेकिन यह तो कहना ही पड़ेगा कि चुनाव आयोग ने भी अपनी तरफ से इस तरह का वातावरण नहीं बनाया जिससे उस पर लगे आरोपों की धार कुंद हो। चुनाव आयोग की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी कराए और उस पर सत्ता और विपक्ष दोनों का ही विश्वास बना रहे, लेकिन पिछले कुछ समय से देखने में आ रहा है कि विपक्ष खुलकर चुनाव आयोग पर एक पक्षीय फैसले लेने का आरोप लगा रहा है। इस पर चुनाव आयोग को जरूर ध्यान देना होगा, लेकिन जहां तक बात ममता के इस्तीफे की है, इस तरह का टकराव भी लोकतंत्र के हित में नहीं है। इससे जनता में गलत संदेश जाता है। वैसे भी टकराव विचारों का होना चाहिए न कि निजी रूप से। ममता बनर्जी सीधे पीएम मोदी और अमित शाह को निशाने पर ले रही हैं। जिस तरह बंगाल से हिंसा की खबरें आ रही हैं वह तो और भी चिंता पैदा करती हैं।

# इंडिया गठबंधन का अस्तित्व राहुल गांधी और अखिलेश की कार्य योजना पर निर्भर

पश्चिम बंगाल में टीएमसी की ममता बनर्जी और तमिलनाडु में डीएमके के एम।के। स्टालिन की चुनावी हार ने इंडिया गठबंधन के लिए एक विचित्र स्थिति पैदा कर दी है और कुछ राजनी. तिक विशेषज्ञों ने तो इसकी मृत्यु की घोषणा भी कर दी है। गठबंधन को पहले ही बिहार और महाराष्ट्र में बड़े झटके लग चुके हैं, जहां आरजेडी के तेजस्वी यादव और एनसीपी के शरद पवार को क्रमश: चुनावी हार का सामना करना पड़ा है। इस प्रकार, संकट के दौर में भारत गठबंधन को संभालने की भारी जिम्मेदारी काफी हद तक कांग्रेस नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आ गई है।



इसी कारण, संभावित संकट को भांपते हुए, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज पार्टी के भीतर ममता बनर्जी की आलोचना पर तुरंत प्रतिक्रिया दी। कुछ बयानों पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए राहुल गांधी ने कहा, कांग्रेस और अन्य दलों के कुछ लोग टीएमसी की हार पर खुशी मना रहे हैं। गांधी ने आगे कहा, उन्हें यह स्पष्ट रूप से समझना चाहिए कि असम और बंगाल के जनादेश की चोरी भाजपा द्वारा भारतीय लोकतंत्र को नष्ट करने के अपने अभियान में एक बड़ा कदम है। छोटी राजनीति को एक तरफ रख दें। यह किसी एक पार्टी या दूसरी पार्टी का मामला नहीं है, यह भारत का मामला है। इसी तरह, अखिलेश यादव ने कोलकाता में ममता बनर्जी के खिलाफ अपनी पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरणमय नंदा के आलोचनात्मक बयान के बावजूद उनका समर्थन किया है। यादव ने कहा, धोखाधड़ी से मिली जीत हमेशा के लिए नहीं टिकती और उसका जीवनकाल सीमित होता है। नंदा की तुलना में, जिनका समाजवादी पार्टी में योगदान मुलायम सिंह यादव के कार्यकाल में हमेशा विवादास्पद रहा है, अखिलेश यादव ममता बनर्जी के राजनी. तिक महत्व को बेहतर समझते हैं।

लोकसभा में उनके पास अभी भी 29 और राज्यसभा में 13 सांसदों का मजबूत आधार है। विधानसभा चुनाव में करारी हार के बावजूद टीएमसी को 41 प्रतिशत मत मिले हैं। स्टालिन की स्थिति भी कुछ ऐसी ही है, जिनकी डीएमके ने लगभग 25 प्रतिशत मतों के साथ 59 सीटें जीती हैं। डीएमके के लोकसभा में 22 सांसद हैं। टीएमसी और डीएमके दोनों ने पिछले महीने एनडीए के विवादास्पद परिस. ीमन विधेयक को पारित होने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसी खबरें हैं कि एनडीए इन दोनों पार्टियों में फूट डालने की कोशिश कर रहा है ताकि भारत गठबंधन को और कमजोर किया जा सके। इसलिए, 2029 के लोकसभा चुनाव अभी दूर हैं, ऐसे में TMC और DMK की संसदीय शक्ति को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। मतगणना के दौरान राहुल गांधी द्वारा ममता बनर्जी और स्टालिन को किया गया फोन कॉल, INDIA गठबंधन को एकजुट रखने के उद्देश्य से था। इसमें कोई संदेह नहीं है कि ममता बनर्जी और स्टालिन, INDIA गठबंधन का हिस्सा होने के बावजूद, पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु में कांग्रेस को उसका उचित हिस्सा नहीं देने दिया।



एम. हसन

पश्चिम बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने दो सीटें जीती हैं और तमिलनाडु में DMK के साथ गठबंधन में पांच सीटें जीती हैं। केरल में जीत और कर्नाटक एवं तेलंगाना में नियंत्रण हासिल करने के बाद अब कांग्रेस को दक्षिण में मजबूती मिल गई है। ऐसे में, नई गठबंधन सरकार के गठन में विजय की टीवीके पार्टी का समर्थन करना संभव है, लेकिन ऐसी खबरें हैं कि वह डीएमके के साथ भी संबंध बनाए रखेगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी को कांग्रेस के साथ घनिष्ठ सहयोग करते हुए अपनी राजनीतिक रणनीति में बदलाव करना होगा। पिछले 24 घंटों में राहुल गांधी के नरम रुख से यह साफ संकेत मिलता है कि वे ममता बनर्जी को अपने पक्ष में करने की कोशिश कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश में, जहां 2027 में चुनावी मुकाबला होना है, यादव को अपनी गठबंधन रणनीति पर पुनर्विचार करना होगा और यह तय करना होगा कि वे कांग्रेस को गौण भूमिका में रखना चाहते हैं या एक सम्मानजनक साझेदारी चाहते हैं। बसपा प्रमुख मायावती के किसी भी गैर-भाजपा गठबंधन में शामिल होने की संभावना न के बराबर है, क्योंकि उन्होंने पहले ही अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। इस प्रकार, राहुल गांधी और अखिलेश यादव न केवल संयुक्त रूप से भारत गठबंधन के अस्तित्व की कुंजी रखते हैं, बल्कि वे भारत के सबसे अधिक आबादी वाले और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में अपनी खोई हुई जमीन भी वापस हासिल कर सकते हैं।

## श्रीमुख से...

### चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा चुनाव आयोग



चुनाव आयोग केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर चुनावी प्रक्रिया को कमजोर कर रहा है, पश्चिम बंगाल चुनावों के परिणाम देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं की गिरती स्थिति के प्रति बड़ी चिंता का हिस्सा हैं, टीएन शेषन द्वारा किए गए सुधारों के बाद कभी भारत की मजबूत चुनाव प्रणाली की पूरी दुनिया में प्रशंसा होती थी और आयोग को लोकतंत्र का निडर रक्षक माना जाता था, आज वही संस्था केंद्रीय एजेंसियों की मदद से चुनावी प्रक्रिया में बाधा डालने के आरोपों के घेरे में है, देश भले ही विश्वगुरु बनने का लक्ष्य हासिल न कर पाया हो, लेकिन चुनावी हेराफेरी की कला में जरूर महारत हासिल कर ली है, पश्चिम बंगाल के हालिया घटनाक्रम इस परेशान करने वाली वास्तविकता का ताजा उदाहरण हैं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष, पीडीपी**

## अपने विचार रखें...

**शाह टाइम्स अपने पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करता है, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**फीचर डेस्क, शाह टाइम्स**

**पत्राचार: सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर-251003**
**E-mail: Dainikshahtimes@gmail.com**


# जेलीफिश मनुष्यों के समान सोती है

जेलीफिश एक समुद्री अकशेरुकी जीव है जो आम तौर पर अपने छतरी जैसी आकृति से पहचाना जाता है। यह निडेरिया फायलम में कैसियोपिडी कुल में आता है और कैसिओपी जीनस का सदस्य है जिसमें 12 प्रजातियां हैं। देखा जाए तो यह हायड्रा, सी-एनीमोन, कोरल जैसे अन्य जलचर जंत. ुओं का सम्बंधी है। यहां जिस जेलीफिश की बात हो रही है वह उल्टी छतरी जैसा दिखता है। यानी छत्ता जमीन पर और झालर ऊपर।

यह शैवालों के साथ सहजीवी सम्बंध में रहता है। शैवाल प्रकाश संश्लेषण के जरिए भोजन का निर्माण करते हैं। यह शैवाल इसके छाते में बसते हैं और यही कारण है कि यह जेलीफिश छाते को उल्टा रखती हैं ताकि इन शैवालों को भोजन निर्माण के लिए प्रकाश मिलता रहे। जेलीफिश विभिन्न रंगों में मिलती है और यह रंग इन्हें शैवालों की बदौलत ही मिलता है। अब वैज्ञानिकों ने नेचर कम्यूनिकेशन्स में प्रकाशित एक शोध पत्र में बताया है कि जेलीफिश और स्टारलेट सी-एनीमोन में नींद जैसे पैटर्न नजर आते हैं। अक्सर यह मान लिया जाता है कि नींद लेने के लिए दिमाग जरूरी है लेकिन उक्त अध्ययन ने इस धारणा को चुनौती दी है। देखा जाए तो नींद एक जोखिम भरा व्यवहार है – उस दौरान जंतु शिकारियों के प्रति कमजोर हो जाते हैं। वैज्ञानिकों का विचार है कि यदि फिर भी नींद आती है, तो इसकी कुछ तो लाभदायक भूमिका होनी चाहिए। इस्राइल के शोधकर्ता

**यूवी प्रकाश डीएनए क्षति के लिए जाना जाता है। यूवी के संपर्क में रहने के बाद जेलीफिश सामान्य से ज्यादा देर तक सोती रहीं जबकि उनमें मस्तिष्क नहीं होता। इसी प्रकार से, सी-एनीमोन को ऐसी कीमोथेरपी औषधि दी गई जो डीएनए क्षति करती है। इस उपचार के बाद एसी-एनीमोन 30 प्रतिशत ज्यादा सोए।**

उपरोक्त दो प्रजातियों में इसी की छानबीन कर रहे थे। ये दोनों जंतु उथले लैगून्स के पेंदों में अपने टेन्टेकल्स को लहराते पड़े रहते हैं। टेन्टेकल्स शिकार को पकड़ने का काम करते हैं। इनमें नींद जैसी अवस्था देखी गई थी। यह देखा गया था कि दिन के कई घंटे यह ऊंघते रहते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इन जंतुओं में मस्तिष्क तो छोड़िए, केंद्रीय तंत्रिका तंत्र भी नहीं होता। इनकी तंत्रिकाएं पूरे शरीर में बिखरी होती हैं। बार-इलान विश्वविद्यालय के लियोर एपलबॉम और उनके साथी देखना चाहते थे कि इनमें नींद का पैटर्न कैसा होता है और नींद की भूमिका क्या है। अपनी प्रयोगशाला में उन्होंने एक एक्वेरियम में कई सारी जेलीफिश रखीं और कई दिनों तक उन्हें 12 घंटे रोशनी और 12 घंटे अंधकार में रखा, यह देखने के लिए कि जेलीफिश इन



अवधियों में कितनी बार अपनी छतरी नुमा तोंद को ऊपर-नीचे करती हैं। यह फूलना-पिचकना इनके जागे होने का एक संकेत है।

प्रयोग में देखा गया कि रात में जेलीफिश कम सक्रिय रहती हैं और अपनी तोंद को प्रति मिनट लगभग पांच बार कम ऊपर-नीचे करती हैं। अब यह देखना था कि क्या इस क्रिया का सम्बंध निद्रावस्था से है। शोधकर्ताओं ने जेलीफिश पर रोशनी चमकाई और देखा कि वे कितनी जल्दी अपनी धड़कन से प्रतिक्रिया देती हैं। किसी ऊंघते मनुष्य के ही समान जेलीफिश ने अंधकार में रोशनी की प्रतिक्रिया देने में 20 सेकंड का टाइम लिया। जबकि दिन में चौकन्नी अवस्था में उन्हें मात्र 10 सेकंड लगते हैं। सी-एनीमोन का पैटर्न इससे उल्टा था। वे रात में सक्रिय रहते हैं और दिन में उनकी हरकतें धीमी रहीं और प्रतिक्रिया अवधि लंबी। अलबत्ता, दोनों ही जंतु दिन की एक-तिहाई अवधि तक सोते रहे। और तो और, सी-एनीमोन के सोने जागने का क्रम उनकी अंदरुनी घड़ी (सर्काडियन क्लॉक) से संचालित था। शोधकर्ताओं ने प्रकाश व अंधकार के क्रम को पलट दिया, तब भी सी-एनीमोन का सोने-जागने का क्रम बरकरार रहा। दूसरी ओर, जेलीफिश में यह क्रम प्रकाश से प्रभावित हुआ-अंधेरे में वे उनींदे रहे और रोशनी में सक्रिय।

यह भी देखा गया कि इन जंतुओं को यदि एक रात की नींद ठीक से न मिले तो उन्हें बाद में ज्यादा आराम की जरूरत होती है, ठीक इंसानों के समान। शोधकर्ताओं ने एक्वेरियम में पानी को 6 घंटे तक उस दौरान मथा जो जेलीफिश के सोने का समय था। इससे उनकी नींद कच्ची रही और बाद में वे सामान्य जेलीफिश की तुलना में 50 प्रतिशत अधिक समय तक सोते रहे। शोधकर्ताओं ने नींद के साथ छेड़छाड़ का एक तरीका और आजमाया। उन्होंने कुछ एक्वेरियम टंकियों में मेलेटोनिन डाल दिया। मेलेटोनिन एक हॉरमोन है, मनुष्यों में मस्तिष्क जिसका स्राव रात में करता है और यह नींद प्रेरित करता है। मेलेटोनिन का ऐसा ही असर जेलीफिश तथा सी-एनीमोन पर भी हुआ और वे दिन की उस अवधि में ऊंघने लगे जब वे सामान्य तौर पर सक्रिय होते हैं। जाहिर है कि यह दो जंतु नींद का मजा लेते हैं। पूर्व में कई शोधकर्ता दर्शा चुके थे कि मक्खियों, चूहों और मनुष्यों सहित कई प्रजातियों में नींद डीएनए को हुई क्षति को कम करता है। यह क्षति जाग्रत अवस्था में होती रहती है। एपलबॉम का विचार है कि शायद जेलीफिश और सी-एनीमोन में भी ऐसा ही होता है। अपने इस विचार की जांच के लिए उन्होंने एक प्रयोग किया।

# चलो अच्छा हुआ कम्युनिस्टों की विदाई तो हुई

पांच राज्यों के चुनाव परिणाम की खास बात यह रही कि पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा के बाद केरलम से कम्युनिस्ट विचारधारा की विदाई हो गई। अजीब संयोग है कि कुछ माह पहले ही नेपाल से भी कम्युनिस्ट विचारधारा का खात्मा हुआ है। और अब भारत से बची-खुची इसके अवशेष अतीत होने के कगार पर है। कम्युनिस्ट विच. ारधारा फिलहाल भारत की राजनीति में सूट नहीं करती बावजूद इसके यह विचार धारा यहां दो चार प्रदेशों में अच्छे से फल-फूल रहा था। भारत और नेपाल दोनों ही इससे प्रभावित होते रहे हैं। फिलहाल अब भारत और इसके पड़ोसी राष्ट्र नेपाल दोनों ही इससे मुक्त हो गए हैं।



यशोदा श्रीवास्तव

एकाध चुनावों में किसी पार्टी के पराजय को उसके समापन की दृष्टि से देखना यद्यपि कि मुनासिब नहीं है लेकिन जब हम कट्टर कम्युनिस्ट राज्य पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा की ओर देखें तो कह सकते हैं कि केरलम भी अब इस विचारधारा की वापसी नामुमकिन नहीं तो मुश्किल जरूर है। पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्ट पार्टियों के बियाबान में पहुंचाने के लिए ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया जाना चाहिए, भले ही वे सत्ता से बेदखल हो गई हों। नेपाल में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की वाह वाही इसलिए भी खूब हो रही है कि उसने नेपाल जैसे कट्टर कम्युनिस्ट देश से वामपंथ की विदाई कर दी। ममता बनर्जी का राजनीतिक भविष्य क्या होता है,यह कह पाना मुश्किल है लेकिन उन्हें बंगाल से कम्युनिस्टों की विदाई के लिए हमेशा याद किया जाएगा। ममता बनर्जी की राजनीतिक पृष्ठभूमि कांग्रेसी रही है। कांग्रेस में रहते हुए ही उन्हें बंगाल की शेरनी कहा गया था। उसके बाद जब वे एनडीए का हिस्सा बनीं तो उन्हें आर एस एस के मुख पत्र पांचजन्य के तत्कालीन संपादक तरुण विजय ने भी बंगाल की दुर्गा कहा। अभी कुछ समय पहले दिवंगत हुए भाजपा के बौद्धिक संपदा के धनी राज्य सभा सांसद बलवीर पुंज ने भी भरी संसद में कहा था कि हमारी दीदी ममता जी बंगाल की साक्षात दुर्गा हैं। सन,2001 में रक्षा सौदे में रिश्वत खोरी का बड़ा मामला उजागर होने के बाद उन्होंने एनडीए से नाता तोड़ लिया था लेकिन उसी वक्त बीबीसी को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने साफ कहा था कि भाजपा अभी भी उनकी प्रमुख स्वाभाविक सहयोगी है। ममता बनर्जी इस चुनाव में भाजपा के हाथों भले ही बुरी तरह पराजित हुई हैं लेकिन कब उनके भीतर भाजपा के प्रति प्रेम उमड़ जाए, यह संभावना खत्म नहीं हुई है। ममता बनर्जी ने 1997 में कांग्रेस तोड़कर मुकुल रॉय के साथ तृणमूल कांग्रेस का गठन किया था। उनका लक्ष्य पश्चिम बंगाल से कम्युनिस्टों के साथ कांग्रेस को भी खत्म करना था। ममता बनर्जी के इस मुहिम में आरएसएस ने भी ममता बनर्जी को 'बंगाल की दुर्गा' बताते हुए खुलकर उनका साथ दिया। नतीजा 2011 में ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल में कम्युनिस्टों का सफाया कर अपनी खुद की सरकार बनाने में कामयाब हो गईं। तब से वे चार मई 2026 तक पश्चिम बंगाल की एक मात्र छत्रप बनीं रहीं। भाजपा को भी प्रत्यक्ष रूप से कोई एतराज नहीं था लेकिन अंदर अंदर वह बंगाल जीतने की रणनीति पर काम करती रही जिसमें अब जाकर उसे कामयाबी मिली। ममता बनर्जी बंगाल से कम्युनिस्टों का सफाया करने के बाद भी वे भाजपा से दूर नहीं रहीं। उन्होंने 2019 में एन आर सी और सीएए के खिलाफ बहुत सारे आंदोलन जरूर किए लेकिन जब संसद में इस पर विल लाया गया तो उनके आठ सांसद संसद से गैर हाजिर होकर अप्रत्यक्ष रूप से इस विल के पास होने में मददगार की भूमिका निभाई। इतना ही नहीं 2022 में उपराष्ट्रपति पद के लिए उन्होंने विपक्ष की उम्मीदवार मार्ग्रेट अल्वा के पक्ष में मतदान से साफ इंकार करते हुए सदन में हिस्सा ही नहीं लिया। 2022 में एक कार्यक्रम में उन्होंने आर एस एस की तारीफ में पुल बांधते हुए कहा था कि संघ दुनिया का सबसे सुव्यवस्थित संगठन है। इस तरह देखें तो ममता बनर्जी उन्हीं के हाथों पराजित हुई हैं जिनसे उन्हें रहम की उम्मीद थी। इस बाबत कांग्रेस विधायक विरेंद्र चौधरी की टिप्पणी गौर तलब है कि पश्चिम बंगाल में न कोई जीता है न हारा है,यह सत्ता हस्तांतरण का एक स्वयंबर था जो चुनाव आयोग और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से धूम धड़ाके के साथ संपन्न हुआ, लेकिन यही बात केरलम के लिए भी तो लागू होती है। ठीक है वहां केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका अलग तरह की रही होगी, सत्ता का हस्तांतरण तो वहां भी हुआ। कांग्रेस गठबंधन कोई अपने कट्टर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी से तो सत्ता छीनी नहीं है। उसने भी अपने सहयोगी दल को ही पराजित कर सत्ता में वापसी की है। भारत में वामपंथ विचार धारा की जड़ों को देखें तो इसकी शुरुआत केरलम से ही हुई है। यहां 1957 में पहली बार वामपंथ की सरकार बनी। इसके बाद 1977 में पश्चिम बंगाल और त्रिपुरा में कम्युनिस्ट सरकार सत्ता रूढ़ हुई। इन दो प्रदेशों से वामपंथ के खात्मे के बाद केरल ही इनका आखिर किला बचा था,अब वह भी ढह गया। जिस तरह कभी ममता की पसंदीदा पार्टी भाजपा ने ममता बनर्जी को शिकस्त दी ठीक उसी तर्ज पर केरलम में एलडीएफ को अपने ही घटक दल के हाथों मात खानी पड़ी। सवाल यह नहीं कि कम्युनिस्टों का सफाया किसके हाथ हुआ, संतोष यह है कि नेपाल के बाद उसका यह पड़ोसी मित्र राष्ट्र भी कम्युनिस्ट मुक्त हो गया। भारत के बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ सहित कुछ अन्य प्रदेशों में भी हल्का फुल्का कम्युनिस्ट विचारधारा का प्रभाव था लेकिन वहां पहले ही इससे मुक्ति मिल गई थी। बिहार में अब सिर्फ तीन कम्युनिस्ट विधायक हैं जबकि झारखंड में दो ही हैं। त्रिपुरा जो लंबे समय तक वामपंथ का गढ़ था वहां भी मात्र 11 वामपंथी विधायक हैं। पश्चिम बंगाल में मात्र एक विधायक वामपंथी हैं। हां वामपंथियों का केरलम में अभी कुछ अवशेष जरूर बचा है लेकिन भविष्य में उसके पुनर्विस्तार की संभावना बहुत कम है क्योंकि आने वाले दिनों में यहां भाजपा और कांग्रेस ही मुख्य मुकाबले की पार्टी होगी। राहुल गांधी कहते हैं कि बंगाल में ममता बनर्जी ने भाजपा के लिए रास्ता खोल दिया है। यह बात राहुल गांधी पर लागू होती है कि उन्होंने भी केरलम में भाजपा का रास्ता खोल दिया है।

# ईरान के साथ जारी संघर्ष को ट्रम्प ने बताया 'लघु युद्ध'

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने युद्ध प्रभाव व पैमाने को कमतर बताने का किया प्रयास

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ जारी सैन्य संघर्ष को 'छोटा युद्ध' करार देते हुए इसके प्रभाव और पैमाने को कमतर बताने का प्रयास किया है।

ट्रम्प ने व्हाइट हाउस में छोटे व्यवसायों से जुड़े एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारा देश इस समय काफी तरक्की कर रहा है, जबकि हम एक संघर्ष में उलझे हुए हैं, जिसे में जिसे मैं लघु युद्ध कहता हूं। गौरतलब है कि ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कभी वह इसे 'युद्ध' कहते हैं, तो कभी सैन्य 'अभियान', 'भ्रमण' या सिर्फ एक



■ **ट्रम्प इस युद्ध के लिए समय-समय पर अलग-अलग शब्दों का इस्तेमाल कर रहे**

'पड़ाव' मात्र बताते हैं। जानकारों का मानना है कि शब्दों का यह चयन सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। वर्ष 1973 के 'युद्ध शक्तियां अधिनियम' के अनुसार, किसी भी अमेरिकी राष्ट्रपति को लंबे समय तक सैन्य कार्रवाई जारी रखने के लिए संसद (कांग्रेस) की मंजूरी लेना अनिवार्य होता है। राष्ट्रपति बिना मंजूरी के केवल 60 से 90 दिनों तक ही सैन्य अभियान चला सकते हैं। ट्रम्प ने भी मार्च में कहा था कि वे 'युद्ध' शब्द के इस्तेमाल से बचते हैं क्योंकि इसके लिए आधिकारिक अनुमति की आवश्यकता पड़ती है। अमेरिकी प्रशासन का दावा है कि 28 फरवरी से शुरू हुई यह सैन्य कार्रवाई ईरान की ओर से मिलने वाली धमकियों के जवाब में एक 'रक्षात्मक कदम' है। वहीं, दूसरी ओर ईरान ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन और एक अवैध हमला बताया है।

# नशीली दवाओं की तस्करी वाली नाव पर अमेरिकी हमले में दो की मौत

**वाशिंगटन।** कैरिबियन सागर में नशीली दवाओं की कथित तस्करी करने वाले एक नाव पर अमेरिकी सेना के हमले में दो लोगों की मौत हो गई है। अमेरिकी सेना के दक्षिण कमान (साउथकॉम) के अनुसार, नशीली दवाओं को ले जाने वाले एक संदिग्ध नाव पर किए गए घातक हमले में दो लोग मारे गए हैं। यह सैन्य अभियान चार मई को जनरल फ्रांसिस एल डोनावन के निर्देशन में चलाया गया।

अधिकारियों ने बताया कि 'ज्वाइंट टास्क फोर्स साउदर्न स्पीयर' ने उस नाव को निशाना बनाया जिसके बारे में जानकारी मिली थी कि वह प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों से जुड़ी है और ड्रग्स तस्करी के रास्ते पर जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में किसी भी अमेरिकी सैनिक को चोट नहीं आई है। यह ताजा कार्रवाई ट्रम्प प्रशासन द्वारा लैटिन अमेरिका में 'नार्को-टेररिज्म' के खिलाफ

■ **कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं**

सितम्बर से चलाए जा रहे अभियान का हिस्सा है। कैरिबियन और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में फैले इस अभियान में अब तक कम से कम 188 लोग मारे जा चुके हैं। हालांकि, अमेरिकी सेना ने अभी तक सार्वजनिक रूप से ऐसे सबूत पेश नहीं किए हैं जिनसे यह पुष्टि हो सके कि निशाना बनाए गए जहाजों में नशीली दवाएं मौजूद थीं। भले ही इस समय दुनिया का ध्यान पश्चिमी एशिया के संघर्ष पर है, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों में इस तरह के हमलों की संख्या में वृद्धि हुई है। इससे यह संकेत मिलता है कि पश्चिमी गोलार्द्ध में अमेरिका के नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान उसकी प्राथमिकता बने हुए हैं।



**कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद टॉलीगंज निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों से टीएमसी के होर्डिंग्स-बैनर फाड़कर फेंकते भाजपा समर्थक।**

# भारत-जापान स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करेंगे

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने भारत और जापान की संयुक्त समिति की तीसरी बैठक के बाद मंगलवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने और नई साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए दोनों देशों की आपसी प्रतिबद्धता पर जोर दिया। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बताया कि भारत और जापान के बीच स्वास्थ्य संबंधी संयुक्त समिति (जेसीएम) की तीसरी बैठक आज भारत मंडपम में आयोजित की गई। नड्डा और जापान की स्वास्थ्य नीति प्रभारी मंत्री किमी ओनोदा ने मिलकर बैठक की अध्यक्षता की।

# ईरान-अमेरिका युद्धविराम वार्ता खतरे में

## ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और नए हमलों के बीच होर्मुज में बढ़ा तनाव

**वाशिंगटन/तेहरान।** ईरान और अमेरिका के बीच हुआ युद्धविराम अब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर खतरे में पष्ता नजर आ रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से ईरान के ताजा प्रस्ताव को खारिज करने और होर्मुज से जहाजों के पारगमन में मदद के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू करने के बाद तनाव चरम पर है।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा पेट्रोलियम उद्योग क्षेत्र पर ईरान के ड्रोन हमले के बाद स्थिति और भी गंभीर हो गई है। इस हमले में तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं। यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है। इस घटना ने उस शांति को खत्म कर दिया है जो अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद से बनी हुई थी। दोनों देशों के बीच आठ अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा हुई थी, जिसे 22 अप्रैल को आगे बढ़ाया गया था। इस बीच राजनयिक माध्यमों से प्रस्तावों का आदान-प्रदान जारी है। हालांकि, ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरानी सेना ने होर्मुज जलडमरूमध्य या फारस की खाड़ी में कहीं भी अमेरिकी जहाजों को निशाना बनाने का दुस्साहस किया, तो उन्हें 'धरती से मिटा दिया जाएगा।' ईरान की प्रतिक्रिया भी उतनी ही आक्रामक रही है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालीबाफ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम के उल्लंघन और



■ **यूएई ने इस हमले की कड़ी निंदा करते हुए इसे तनाव बढ़ाने वाला कदम बताया है**

नाकाबंदी कर सुरक्षित नौवहन को खतरे में डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि अमेरिका के लिए मौजूदा स्थिति को सहन करना असंभव होगा और चेतावनी दी कि ईरान के पास अभी भी कई बड़े विकल्प मौजूद हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की पुष्टि की है। इसमें लगभग 15,00 अमेरिकी सैनिक, मिसाइल विध्वंसक जहाज, 100 से अधिक विमान और मानव रहित प्लेटफॉर्म तैनात किए गए हैं। शीर्ष अमेरिकी कमांडर एडमिरल ब्रैडली कूपर के अनुसार, अभियान के पहले दिन दो अमेरिकी झंडे वाले जहाजों को सैन्य सुरक्षा में सफलतापूर्वक पार कराया गया। इस दौरान अमेरिकी नौसेना ने जहाजों को निशाना बनाने वाली ईरानी क्रूज मिसाइलों को बीच में ही मार गिराया और हमला करने की कोशिश कर रही ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट कर दिया। वहीं, यूएई ने कहा कि उसने ईरान की ओर से दागी गई कई मिसाइलों को नाकाम कर दिया है, हालांकि फुजैरा के पेट्रोलियम केंद्र में भीषण आग लग गई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस हमले का जवाब देने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यूएई के राष्ट्रपति के सलाहकार अनवर गर्गाश ने इस हमले की निंदा करते हुए कहा कि ईरान ही इस क्षेत्र में संकट और खतरे का असली स्रोत है।

## होर्मुज तनाव के बीच अमेरिकी प्रभाव कम हो जाएगा: गालिबफ



**तेहरान।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बगेर ग़ालिबफ़ ने मंगलवार को कहा कि होर्मुज़ जलडमरूमध्य पर अगर तनाव बढ़ेगा तो उससे अमेरिकी प्रभाव में कमी आएगी। होर्मुज़ जलडमरूमध्य एक महत्वपूर्ण वैश्विक ऊर्जा और नौवहन मार्ग है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, ग़ालिबफ़ ने अमेरिका और उसके सहयोगियों पर युद्धविराम का उल्लंघन करके और नौवहन गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाकर समुद्री सुरक्षा को खतरे में डालने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे नाकाबंदी करार दिया। उन्होंने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य का एक नया समीकरण अंतिम रूप ले रहा है, अमेरिका के लिए यथास्थिति बनाए रखना असहनीय है जबकि हमने अभी शुरुआत भी नहीं की है। ये टिप्पणियां उन खबरों के बाद बढ़े तनाव के बीच आई हैं जिनमें कहा गया है कि अमेरिका ने 13 अप्रैल से ईरानी बंदरगाहों एवं समुद्री मार्गों पर नौसैनिक नाकाबंदी लगा दी है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की, जो एक नौसैनिक पहल है जिसका उद्देश्य होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जलमार्ग से वाणिज्यिक जहाजों को एस्कॉर्ट करना है जिस पर ईरान का काफी प्रभाव है। ईरानी सेना ने अमेरिकी युद्धपोतों को रणनीतिक जलमार्ग के पास आने के खिलाफ बार-बार चेतावनी दी है जिसपर इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड कोर ने अपना कड़ा नियंत्रण बनाए हुआ है। आईआरजीसी नियमित मिसाइल और ड्रोन अभ्यासों के माध्यम से अपनी उन्नत क्षमताओं का प्रदर्शन कर रहा है।

# जीसीसी ईरानी मिसाइल हमलों के खिलाफ यूएई का करेगा समर्थन

**दोहा।** खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के महासचिव जासेम अलबुदैवी ने कहा कि संगठन संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) द्वारा अपनी सुरक्षा की रक्षा के लिए उठाए गए सभी कदमों का समर्थन करेगा। यूएई के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि देश की वायु रक्षा ने 12 बैलिस्टिक मिसाइलों और चार ड्रोन को रोका, जिन्हें कथित रूप से ईरान द्वारा प्रक्षेपित किया गया था और कहा कि वह जवाबी कार्रवाई का अधिकार सुरक्षित रखता है। इसके अलावा, अमीरात सरकार की प्रेस सेवा ने ड्रोन हमले के बाद फुजैरा तेल क्षेत्रों में से एक में आग लगने की सूचना दी। ईरान के सरकारी प्रसारक आईआरआईबी ने सैन्य सूत्र के हवाले से कहा कि यूएई के पूर्वी हिस्से में एक औद्योगिक तेल क्षेत्र पर हुए आगजनी के हमले के पीछे अमेरिकी सेना का हाथ था। जीसीसी ने कल एक बयान में कहा कि महामहिम ने यूएई के साथ जीसीसी की पूर्ण एवं दृढ़ एकजुटता पर बल दिया और उसकी सुरक्षा की रक्षा, उसकी संप्रभुता की सुरक्षा और उसके महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए उठाए गए सभी उपायों के समर्थन में एक एकजुट मोर्चे के रूप में खड़े होने की बात की।

# ईरानी विदेश मंत्री बीजिंग यात्रा पर करेंगे चीनी समकक्ष के साथ वार्ता

**तेहरान/बीजिंग।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची अपने चीनी समकक्ष वांग ई के साथ बातचीत करने के लिए बीजिंग की यात्रा पर जाने वाले हैं। ईरान यह कदम संयुक्त अमेरिका-इजरायल के साथ चल रहे संघर्ष और बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच कूटनीतिक समर्थन जुटाने के लिए उठा रहा है।

ईरान के विदेश मंत्रालय के अनुसार, चर्चा 'द्विपक्षीय संबंधों और क्षेत्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय घटनाक्रमों पर केंद्रित' होगी, जिसमें युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य में उत्पन्न व्यवधान प्रमुखता से शामिल होने की संभावना है। चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है। यद्यपि कई देशों की भांति चीन ने भी ईरान पर अमेरिका और इजरायल के शुरुआती हमलों की निंदा की थी, लेकिन ईरान के साथ अपनी निकटता के बावजूद वह आश्चर्यजनक रूप से तटस्थ बना हुआ है। चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है। चीन ईरानी तेल का सबसे बड़ा खरीदार बना हुआ है, फिर भी

■ **चीन ने 28 फरवरी को ईरान-अमेरिका युद्ध शुरू होने के बाद से ही अत्यंत सतर्क रुख अपनाया हुआ है**
■ **चीन लगातार तनाव कम करने और कूटनीतिक समाधान का आह्वान करता रहा है**

इसके विशाल भंडार और ऊर्जा के विविध स्रोतों ने इसे होर्मुज जलडमरूमध्य में आए व्यवधान के बुरे प्रभावों से बचाये रखा है। ईरान ने इस मार्ग को प्रभावी रूप से उन देशों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है जिन्हें वह 'शत्रु' मानता है। यह यात्रा अमेरिका-चीन संबंधों के एक महत्वपूर्ण क्षण से पहले हो रही है, क्योंकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प 14-15 मई के बीच अपने चीनी समकक्ष राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ बातचीत के लिए चीन जाने वाले हैं। 2025 में व्हाइट हाउस लौटने के बाद उनकी यह पहली चीन यात्रा होगी। अमेरिका और चीन के बीच पिछले एक वर्ष से संबंधों में तनाव बढ़ गया है। इन दोनों आर्थिक महाशक्तियों के बीच शुल्कों और व्यापार नीति को लेकर बार-बार विवाद हुए।



# शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना बेहद खास रहा: सुम्बुल तौकीर खान

**मुंबई।** अभिनेत्री सुम्बुल तौकीर खान का कहना है कि स्क्रीन पर शेफ का किरदार निभाना और सचमुच खाना बनाना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा है। सोनी सब का शो इत्ती सी खुशी अपनी सरल और दिल को छू लेने वाली कहानी और सहज पलों के ज़रिए दर्शकों से जुड़ता जा रहा है। मौजूदा ट्रैक में अन्विता (सुम्बुल तौकीर खान) अपनी ज़िंदगी के नए पड़ाव में कदम रखती है, जब वह रेस्टोरेंट में काम शुरू करती है और शेफ बनने के अपने सपने की ओर पहला कदम बढ़ाती है। अन्विता की यात्रा चुनौतियों, सीख और छोटी-छोटी जीतों से भरपूर दिखाई देती है। दिलचस्प बात यह है कि यह ट्रैक सुम्बुल के असली जीवन के शौक से भी मेल खाता है। उन्हें हमेशा घर पर खाना बनाने और नए प्रयोग करने का शौक रहा है।

# ऑस्ट्रेलियाई तट के पास जलयान डूबने से तीन की मौत

**न्यू साउथ वेल्स।** ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स तट के पास एक जलयान के डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। इनमें दो स्वयंसेवी बचावकर्मी भी शामिल हैं। यह दुखद घटना तब घटित हुई जब एक आम नागरिक ने सूचना दी कि साउथ बैलिना के ब्रेकवॉल के पास एक जलयान मुश्किल में फंसा हुआ है। उल्लेखनीय है कि साउथ बैलिना एनएसडब्ल्यू और क्वींसलैंड की सीमा के पास स्थित एक लोकप्रिय तटीय पर्यटन स्थल है। पुलिस ने बताया कि 'मरीन रेस्क्यू एनएसडब्ल्यू' के छह सदस्यों का एक दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा, लेकिन बैलिना बार को पार करते समय खराब मौसम के कारण उनकी नाव पलट गई।

# चीन की पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 21 की मौत

## बचाव दल ने संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला

**हुनान।** चीन के हुनान प्रांत में एक पटाखा कारखाने में विस्फोट होने से 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 घायल हो गए हैं। चीन की सरकारी मीडिया के अनुसार विस्फोट में 21 लोगों की मौत हो गई है और 61 लोग घायल हुए हैं। बीबीसी में प्रकाशित एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है कि हुनान प्रांत के लियूयांग शहर के हुआशेंग पटाखा संयंत्र में यह विस्फोट सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 16:40 बजे हुआ। बचाव दल ने मुस्तैदी दिखाते हुए संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। प्रशासन ने खोज और बचाव अभियान चलाने के लिए तत्काल अधिकारियों की



तैनाती की तथा घायलों के उपचार के लिए करीब 500 कर्मियों को भी तैनात किया। रोबोट की मदद से पटाखा कारखाने की इमारत के भीतर फंसे लोगों को ढूंढने का काम किया गया। स्थानीय पुलिस ने विस्फोट के कारणों की जांच का काम आरंभ कर दिया है और इस दौरान पटाखा कंपनी के प्रभारी व्यक्ति से भी पूछताछ की गई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार अधिकारियों ने जानकारी दी कि कारखाना परिसर के भीतर स्थित बारूद के दो गोदाम बचाव कार्यों के दौरान उच्च जोखिम पैदा कर रहे थे। बचाव दलों को पटाखा संयंत्र के तीन किलोमीटर के दायरे से सभी को हटाना पड़ा। बचाव कार्यों के दौरान कोई दुर्घटना न हो जाए, इसे ध्यान में रखकर दुर्घटनाग्रस्त इलाके में नमी बढ़ाने के उपाय भी किए गए। घटनास्थल से प्रसारित एक टीवी कार्यक्रम में सीसीटीवी के संवाददाता ने बताया कि विस्फोट इतना विनाशकारी था कि कारखाने के पास स्थित एक आवासीय भवन की खिड़कियां भी टूट गईं। रिपोर्ट के मुताबिक पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट में घायल हुए लोगों की आयु 20 से 60 वर्ष के बीच है और कुछ लोगों को उड़ते हुए मलबे की चपेट में आने से हड्डियों में गंभीर चोटें आई हैं।

# जर्मन में कार के भीड़ में घुसने से दो की मौत, कई घायल

**लीपजिंग।** पूर्वी जर्मन शहर लीपज़िग में सोमवार दोपहर एक कार के भीड़ में घुससे दो लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह जानकारी बीबीसी ने दी। लीपजिंग के मेयर बुरखार्ड जंग ने कहा कि अधिकारियों द्वारा संदिग्ध अपराधी की पहचान 33 वर्षीय जर्मन नागरिक के रूप में हुई है और उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने आगे कहा कि अधिकारियों को अभी तक अपराध के मकसद के बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं मिली है।

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
Since 2010
M.B.B.S. ABROAD
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)

# बांग्लादेश में खसरे के प्रकोप से एक दिन में 17 की मौत

## संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गई

**ढाका।** बंगलादेश में खसरा और खसरा से संबंधित जटिलताओं के कारण एक ही दिन में 17 लोगों की मौत हो गई। मार्च में इस अत्यधिक संक्रामक लेकिन रोकथाम योग्य बीमारी के प्रकोप की शुरुआत के बाद से एक दिन में दर्ज मौत की यह सबसे अधिक संख्या है।

यह जानकारी मीडिया रिपोर्टों से मंगलवार को प्राप्त हुई। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) के अनुसार, सोमवार सुबह आठ बजे तक दर्ज की गई 17 मौतों में से दो की पुष्टि खसरा से होने जबकि अन्य 15 को संदिग्ध मामलों के रूप में वर्गीकृत किया गया। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध मौतों में से सबसे अधिक 10 मौतें ढाका जिले में दर्ज की गईं। ताजा रिपोर्टों के अनुसार, देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है। इसके

■ **देश में खसरा से होने वाली पुष्ट मौतों की कुल संख्या बढ़कर 52 हो गई है**
■ **15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है**

अलावा, 15 मार्च से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों के अनुसार इस बीमारी से संबंधित संदिग्ध मौतों की संख्या वर्तमान में 259 है। डीजीएचएस के अधिकारियों ने बताया कि इसी अवधि के दौरान खसरे के लगभग 1302 संदिग्ध मामले दर्ज किए गए, जिससे 15 मार्च से अब तक संदिग्ध मामलों की कुल संख्या 41793 हो गई है। ढाका ट्रिब्यून ने कहा कि इसी अवधि के दौरान, खसरा के 154 नए पुष्ट मामले सामने आए जिससे पुष्ट संक्रमणों की कुल संख्या 5467 हो गई। प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 15 मार्च तक खसरा के संदिग्ध मामलों में से 28832 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें से 25,151 मरीज स्वस्थ हो गए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। कोलंबिया में खदान धंसने से नौ लोगों की मौत बोगोटा। कोलंबिया में सुताताउसा नगरपालिका स्थित 'ला सिस्कुडा' खदान में हुए हादसे में नौ लोगों की मौत हो गई है। नेशनल माइनिग एजेंसी (एएनएम) ने मंगलवार को यह जानकारी दी। एजेंसी ने पुष्टि की है कि इस घटना में नौ लोगों की मौत हो गई और छह खनिकों को जीवित बचा लिया गया। घायल श्रमिकों का एक क्षेत्रीय अस्पताल में उपचार चल रहा है। क्षेत्रीय अधिकारियों ने बताया कि 18 श्रमिक जमीन के नीचे थे और उसी दौरान यह हादसा हो गया।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108